2015–2016
वार्षिक रिपोर्ट

सामाजिक गतिविधियां

भूमिगत खनन

मशीनीकरण

ओपन कास्ट खनन

पवन चक्की संयंत्र

बेनिफिशिएशन प्रक्रिया

मॉयल
MOIL

मॉयल लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)

इस्पात को शक्तिशाली बनाएं

दृष्टीकोण, लक्ष्य एवं उद्देश्य

मॉयल लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)

लक्ष्य

हमारा लक्ष्य प्रभावी, सुरक्षित, किफायती और पर्यावरण अनुकूल तरीके से प्राकृतिक संसाधनों के अन्वेषण और विकास के माध्यम से अपने भागधारियों के लिए दीर्घकालीक लाभ उत्पन्न करना।

दृष्टीकोण

रणनीतिक गठबंधन और तकनीकी उन्नयन के माध्यम से भारत के मैंगनीज उद्योग बाजार में अपनी अग्रणी प्रतिष्ठा को बनाए रखना तथा वैश्विक विविधीकरण उपक्रम बनना।

रणनीतिक उद्देश्य/ प्राथमिकताएं

2030 तक अपना उत्पादन 3 एमएन एमटी बढाकर देश में मैंगनीज की मांग को पूरा करने के उद्देश्य के लिए प्रयास करना।

संबंधित उद्योगों और भौगोलिक क्षेत्रोंमें विभिन्न विविधीकरण विकल्पों को तलाशना तथा भागधारियोंको लाभ प्रदान करना।

कर्मचारियों के जीवन को उँचा उठाना और विकास के उत्तम अवसर उपलब्ध करना।

अपने खनन क्षेत्रों को हरा-भरा और पर्यावरण अनुकूल बनाना।

विषय–सूची

कार्य–निष्पादन–एक दृष्टि में....4
अध्यक्ष का वक्तव्य....6
अनुलग्नकों के साथ मण्डल की रिपोर्ट....9
नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ....70
स्वतंत्र (स्टैण्डअलोन) वार्षिक लेखों पर स्वतंत्र लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट....74

स्वतंत्र (स्टैण्डअलोन) वार्षिक लेखा

तुलन पत्र....81
लाभ–हानि लेखा....82
नकद प्रवाह विवरण....83
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ....84
लेखों पर टिप्पणियाँ....94
व्यापार खण्डों के बारे में जानकारी....102
सामाजिक सुख–सुविधाओं का विवरण....103
समेकित वार्षिक लेखों पर स्वतंत्र लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट....104

समेकित वार्षिक लेखा

तुलन पत्र....109
लाभ–हानि लेखा....110
नकद प्रवाह विवरण....111
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ....112
लेखों पर टिप्पणियाँ....123

सदस्यों को महत्वपूर्ण सूचना

कंपनियों द्वारा पेपररहित अनुपालन की अनुमति देकर कारपोरेट मामलों के मंत्रालय ने "कारपोरेट अधिशासन में हरित पहल" की है तथा परिपत्र जारी किए है, जिसमें यह कहा है कि वार्षिक रिपोर्ट सहित नोटिस/दस्तावेजों को ई–मेल द्वारा सदस्यों को भेजा जा सकता है। सरकार की इस हरित पहल का पूरी तरह से समर्थन करने के लिए ऐसे सदस्य जिन्होंने अपना ई–मेल पता अब तक पंजीकृत नहीं किया है, उन से अनुरोध है कि अपने संबंधित डिपॉजिटरी भागीदार के माध्यम से डिपॉजिटरी के पास इलेक्ट्रॉनिक होल्डिंग्स के संबंध में अपना ई–मेल पता पंजीकृत करें। ऐसे सदस्य जिन्होंने षेयरों को भौतिक रूप से धारण किया है उनसे अनुरोध है कि मॉयल लिमिटेड या हमारे आर. एण्ड टी. एजेन्ट (मेसर्स बिग शेयर सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड) के पास इसका पंजीकरण करें ताकि प्रिन्टेड कॉपी के बदले ई–मेल के माध्यम से वार्षिक रिपोर्ट भेजी जा सकें। भारत सरकार की हरित पहल की दिषा में कंपनी एओसी–3 फॉर्म में संक्षिप्त वित्तीय विवरणों की मुख्य बातों को भेज रही है ।

निदेशक मंडल
(इक्विटी की दिनांक पर)

श्री जी.पी.कुंदरगी
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

सरकारी निदेशक

श्रीमती उर्विला खाती
संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार

श्री शिव शेखर शुक्ला
सचिव, खनिज संसाधन विभाग, मध्यप्रदेश सरकार

स्वतंत्र निदेशक

सुश्री सुनंदा प्रसाद

डॉ. ए. के. लोमस

श्री जे. पी. डांगे

श्री जी. एस. ग्रोवर

सुश्री संगीता गैरोला

कार्यकारी निदेशक

श्री एम. पी. चौधरी
निदेशक (वित्त)

श्री टी. के. पटनायक
निदेशक (वाणिज्य)

सेवानिवृत्त निदेशक

श्री ए के झा

मुख्य सतर्कता अधिकारी और कार्यकारी निदेशक

श्री नितीन घायंदे
मुख्य सतर्कता अधिकारी

श्री डि शोम
कार्यकारी निदेशक (तकनिकी)

वरिष्ठ अधिकारी

श्री रवि वर्मा
मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन)

श्री पि व्ही व्ही पटनायक
मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना एवं विधिवता)

श्री डि व्ही राजू
महाप्रबंधक (कार्मिक)

श्री टि के मंडल
महाप्रबंधक (वित्त)

श्री सी बी अतुलकर
महाप्रबंधक (खान)

श्री पि करैया
महाप्रबंधक (खान)

कंपनी सचिव

श्री नीरज दत्त पाण्डेय

कार्य–निष्पादन – एक दृष्टि में

विवरण	2015–16	2014–15	2013–14	2012–13	2011–12	2010–11
वित्तीय (करोड़ रू. में)						
शुद्ध बिक्री	628.74	823.25	1021.28	967.12	899.58	1139.97
अन्य आय	252.15	316.61	303.32	235.27	203.32	145.28
कुल आय	880.89	1139.86	1324.60	1202.39	1102.90	1285.25
सकल मुनाफा	322.73	695.65	804.51	669.82	636.54	912.66
कर पूर्व लाभ	270.26	650.57	769.33	636.78	606.63	880.15
कर पश्चात लाभ	172.98	428.01	509.56	431.72	410.77	588.06
लाभांश	84.00	142.80	126.00	92.40	84.00	117.60
अंष पूंजी	168.00	168.00	168.00	168.00	168.00	168.00
आरक्षित एवं अधिशेष	3285.37	3213.70	2959.33	2597.64	2273.31	1960.29
नेटवर्थ	3453.37	3381.70	3127.33	2765.64	2441.31	2128.29
उधार राषियाँ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
सकल खण्ड	671.88	610.72	510.07	479.91	422.58	396.46
कार्यशील पूंजी	3061.87	3030.68	2805.27	2485.50	2184.36	1892.81
नियोजित पूंजी	3372.76	3324.59	3054.14	2734.45	2398.06	2097.29
महत्वपूर्ण अनुपात						
नियोजित पूंजी पर कर पूर्व लाभ प्रतिशत	8.01	19.57	25.19	23.29	25.30	41.97
बिक्री पर कर पूर्व लाभ प्रतिशत	42.98	79.02	75.33	65.84	67.43	77.21
इक्विटी अनुपात पर कर्ज	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
प्रति शेयर पर आय (रू.) (रू. 10 के अंकित मूल्य पर)	10.30	25.48	30.33	25.70	24.45	35.00
राजकोष में योगदान (करोड़ रू. में)						
आयकर	97.81	193.83	260.87	213.84	204.01	303.43
लाभांश वितरण कर	17.31	28.55	21.87	14.99	13.76	19.53
बिक्री कर एवं वैट	13.61	20.23	26.75	23.72	21.85	28.37
रॉयल्टी एवं उपकर	30.57	35.06	39.78	36.38	33.10	43.50
उत्पाद शुल्क	5.86	7.91	7.17	7.91	6.10	5.34
म.प्र. रोड उपकर	10.91	14.12	17.81	17.17	15.59	24.52
कुल	176.07	299.70	374.99	314.01	294.41	424.69
उत्पादन						
मैंगनीज अयस्क (एमटी)	1032275	1139156	1134508	1138895	1070717	1150742
ईएमडी (एमटी)	612	950	923	786	714	805
फेरो मैंगनीज (एमटी)	6519	10045	10042	9210	8694	9081
पवन चक्की से बिजली (केडब्लूएच)	36370789	32808711	33206045	37545155	33022835	31039998


शुद्ध बिक्री (करोड़ रू. में)
1500
1000
500
0
899.58
967.12
1021.28
823.25
628.74
2011-12 2012-13 2013-14 2014-15 2015-16


कर पूर्व लाभ (करोड़ रू. में)
कर पश्चात लाभ (करोड़ रू. में)
900.00
800.00
700.00
600.00
500.00
400.00
300.00
200.00
100.00
0.00
606.63
410.77
636.78
431.72
769.33
509.56
650.57
428.01
270.26
172.98
2011-12 2012-13 2013-14 2014-15 2015-16


कुल आय (करोड़ रू. में)
2015-16
880.89
2014-15
1139.85
2013-14
1324.60
2012-13
1202.39
2011-12
1102.90


400
300
200
100
0
294.41
314.01
374.99
299.70
176.07
2011-12
2012-13
2013-14
2014-15
2015-16
राजकोष में योगदान (करोड़ रू. में)


लाभांश (करोड़ रू. में)
150.00
100.00
50.00
0.00
84.00
92.40
126.00
142.80
84.00
2011-12 2012-13 2013-14 2014-15 2015-16


40
30
20
10
0
24.45
25.70
30.33
25.48
10.3
2011-12
2012-13
2013-14
2014-15
2015-16
प्रति शेयर आय (रू. में)

नेटवर्थ (करोड़ रू. में)
4000.00
3000.00
2000.00
1000.00
0.00
2441.30
2765.64
3127.33
3381.70
3453.37
2011-12 2012-13 2013-14 2014-15 2015-16


प्रति शेयर पुस्तकीय मूल्य (रू. में)
220
200
180
160
140
120
100
80
60
40
20
0
145.32
164.62
186.15
201.29
205.56
2011-12 2012-13 2013-14 2014-15 2015-16

अध्यक्ष का वक्तव्य

प्रिय शेयरधारकों,

54वीं वार्षिक सर्वसाधारण सभा के अवसर पर आपसे संवाद करते हुए तथा वित्तीय वर्श 2015–16 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत गौरव एवं हर्ष की अनुभूति हो रही है।

वित्तीय वर्ष 2015–16 खनन और धातु उद्योग के लिए और विशेषकर मैंगनीज अयस्क उद्योग के लिए चुनौतियों से भरा रहा है। संपूर्ण इस्पात और कमोटिडी बाजार के लिए यह साल अत्यंत खराब रहा है। कमोटिडी क्षेत्र विशेषकर इस्पात में वैश्विक मंदी के कारण इस क्षेत्र का प्रदर्शन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वर्ष के दौरान कीमतें अपने निम्नतम स्तर पर चली गई। लगभग सभी धातु कंपनियों ने या तो वर्ष के दौरान घाटा दर्ज किया या फिर उनकी लाभप्रदता काफी नीचे चली गई।

मैंगनीज अयस्क उद्योग भी इस्पात उद्योग की मंदी से अछूता नहीं रहा और हाल के इतिहास की सबसे कठिन परिस्थितियों में से एक रहा। संपूर्ण उद्योग एक बूरे दौर से गुजरा है, विशेषकर दूसरी और तीसरी तिमाही, क्योंकि संपूर्ण वर्ष भर मैंगनीज अयस्क की कीमतें दबाव में रही है। बाजार की प्रतिकूल अवस्थाओं के कारण मॉयल को वर्श के दौरान मैंगनीज अयस्क की विभिन्न श्रेणियों की कीमतों को 45 प्रतिशत तक कम करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप औसत बिक्री प्राप्तियों में लगभग रू. 8233 पीएमटी से रू. 5911 पीएमटी की कमी आयी। बाजार में इस तरह की मंदी को देखते हुए आपकी कंपनी अपनी अच्छी विपणन नीति, मूल्य निर्धारण नीति और बेहतर उत्पाद मिश्रण के साथ काफी संतोषजनक ढंग से प्रदर्शन करने में सफल रही है। आपकी कंपनी 6.26 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्वि दर्ज करते हुए गत वर्ष में मैंगनीज अयस्क की 9.10 लाख टन बिक्री की तुलना में 2015–16 के दौरान मैंगनीज अयस्क की 9.67 लाख टन की बिक्री करने में सक्षम रही है। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2016–17 की प्रथम तिमाही के दौरान मार्च, 2016 के मध्य में बाजार ने कुछ सुधार दर्शाया था, लेकिन बाद में फिर से मंदी की राह पर है।

आपकी कंपनी ने गत वर्ष में रू. 823.25 करोड़ के बिक्री कारोबार की तुलना में वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान रू. 628.74 करोड़ का बिक्री कारोबार दर्ज किया है। कंपनी ने कर पूर्व लाभ और कर पश्चात लाभ क्रमशः रू. 270.26 करोड़ और रू. 172.98 करोड़ दर्ज किया है, जबकि गत वर्ष क्रमशः रू. 650.57 करोड़ और रू. 428.01 करोड़ था। कंपनी ने मैंगनीज अयस्क की विभिन्न श्रेणियों का 10.32 लाख टन उत्पादन किया है जबकि गत वर्ष में यह 11.39 लाख टन था।

मॉयल कई वर्षों से एक लाभांश भुगतान करने वाली कंपनी है। मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि लाभ में भारी कमी के बावजूद आपकी कंपनी के निदेशक मंडल ने वर्ष 2015–16 के लिए 20 प्रतिशत की दर से अर्थात् रू. 2.00 प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। इस प्रकार, वर्श 2015–16 के लिए कुल लाभांश रू. 5.00 प्रति इक्विटी शेयर होता है। आपकी कंपनी ने मार्च, 2016 में शेयरधारकों को रू. 5.00 में से रू. 3.00 प्रति इक्विटी शेयर का अंतरिम लाभांश पहले ही भुगतान कर दिया है।

आपकी कंपनी सदैव निगमित अधिशासन के उच्चतम मानकों को प्राप्त करने का प्रयास करती है। इंटीग्रिटी पैक्ट का कार्यान्वयन, आचार संहिता का अंगीकरण तथा सुपरिभाशित आंतरिक नियंत्रण संरचना से कंपनी के व्यापार व्यवहार की पारदर्शिता में अतिरिक्त योगदान प्राप्त हुआ है। मॉयल में निगमित अधिशासन पर सरकारी दिशानिर्देषों तथा लिस्टिंग समझौतों का अनुपालन किया जा रहा है। हालांकि, निदेशकों के रिक्त पदों को भरना, जो कि निगमित अधिशासन की आवश्यकताओं में से एक है, उस पर सरकारी स्तर पर प्रक्रिया जारी है। निगमित अधिशासन अनुपालन पर एक रिपोर्ट को मण्डल की रिपोर्ट का एक भाग बनाया गया है। निगमित अधिशासन के विभिन्न मानदंडों के अनुपालन के लिए आपकी कंपनी सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा "उत्कृष्ट" रेटिंग प्राप्त कर रही है। मुझे यकीन है कि वर्ष 2015–16 के लिए भी कंपनी "उत्कृष्ट" रेटिंग प्राप्त करेगी।

एक अच्छे निगमित नागरिक होने के नाते मॉयल आंतरिक के साथ ही बाह्य पणधारियों तथा समाज के जीवन स्तर में विकास और सुधार के माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए अपना सहयोग देने में सबसे अग्रणी रहा है। आपकी कंपनी ने अपने प्रचालन क्षेत्रों और आस–पास के क्षेत्रों के साथ–साथ अन्य क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़कों तथा स्कूलों का निर्माण/मरम्मत, जलापूर्ति सुविधा, परिक्षेत्र विकास, खेलकूद एवं सांस्कृतिक विकास इत्यादि क्षेत्रों में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की कई गतिविधियों को अपने हाथों में लिया है। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत मॉयल द्वारा पूर्ण की गई प्रमुख परियोजनाओं में चिखला में डीएवी मॉयल पब्लिक स्कूल को आस–पास के क्षेत्रों के लोगों से उत्कृष्ट प्रतिसाद मिल रहा है। जो स्कूल एक साल पहले 434 छात्रों की क्षमता के साथ शुरू हुई थी आज 857 छात्रों की क्षमता तक पहुँच गई है। कंपनी ने ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल विकास गतिविधियों को भी शुरू किया है।

"मॉयल फाउंडेषन" के अंतर्गत आपकी कंपनी बीएआयएफ डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन, पुणे की एक सहयोगी महाराष्ट्र इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी ट्रान्सफर फॉर रूरल एरिया (मित्रा) के सहयोग से अपनी खदानों के आस–पास के 21 गाँवों में बड़े पैमाने पर "सामुदायिक विकास कार्यक्रम" चला रही है, जिसमें विभिन्न गतिविधियाँ जैसे सुधारित कृषि पद्धति, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पशुधन विकास, जल संसाधन प्रबंधन, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, बायो–गैस की स्थापना, महिला स्वयं–सहायता समूह, सोलार लैम्प, शौचालयों का निर्माण, महिला सशक्तिकरण योजना, शिक्षा एवं कौशल विकास शामिल है। कंपनी ने वर्ष 2015–16 के दौरान सीएसआर गतिविधियों पर रू. 14.47 करोड़ की राशि व्यय की है जिसमें मॉयल फाउंडेशन को निधि का हस्तांतरण भी शामिल है।

आपकी कंपनी के पास दिनांक 31.03.2016 को 1613.611 हेक्टर भूमि क्षेत्र से अधिक संपूर्ण खनन पट्टे है जिसमें से 699.066 हेक्टर भूमि महाराष्ट्र में है और 914.545 हेक्टर भूमि मध्य प्रदेश में है। मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हाल के इतिहास में मॉयल को विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत 988.181 हेक्टर क्षेत्र से अधिक मैंगनीज अयस्क पट्टे प्राप्त हुए है। इसमें महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्य में खनन पट्टों के अंतर्गत 311.593 हेक्टर, पीएल के अंतर्गत 464.98 हेक्टर तथा महाराश्ट्र राज्य में आरक्षण के अंतर्गत 211.608 हेक्टर शामिल हैं। इसके अलावा, मध्य प्रदेश सरकार ने भी बालाघाट जिले में मॉयल के पक्ष में 383.836 हेक्टर के नये क्षेत्र की सिफारिश की है, जो कंपनी की बालाघाट खदान से लगकर है। इस प्रकार, मौजूदा क्षेत्रों की तुलना में विभिन्न श्रेणियों में लगभग 88 प्रतिशत की वृद्धि है।

दुनिया की सबसे अच्छी मैंगनीज अयस्क खनन कंपनियों में से एक बनने के लिए और इस्पात उद्योग में मैंगनीज अयस्क की मांग को पूरा करने के लिए और मैंगनीज अयस्क के उत्पादन में बाजार में अग्रणी बने रहने के लिए आपकी कंपनी ने अपनी मौजूदा खदानों के विकास में निवश के लिए योजना बनाई है। हाल ही में, आपकी कंपनी के निदेशक मण्डल ने बालाघाट खदान में हाई स्पीड वर्टिकल शाफ्ट की सिंकिंग के लिए पहले चरण में रू. 265.96 करोड़ का निवेश मंजूर किया है, जो वित्तीय वर्ष 2025 तक उत्पादन को लगभग 3 लाख टन से लगभग 6 लाख टन तक बढ़ाने में मदद करेगा। मण्डल ने गुमगाँव खदान में वित्तीय वर्ष 2024 तक उत्पादन लगभग 0.70 लाख टन से लगभग 1.40 लाख टन तक बढ़ाने के लिए हाई स्पीड वर्टिकल शाफ्ट की सिंकिंग के लिए पहले चरण में रू. 194.92 का निवेश मंजूर किया है। वर्ष के दौरान, मॉयल ने अपनी चिखला खदान में वर्टिकल शाफ्ट के गहरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया है। इसके अलावा, आपकी कंपनी ने अपनी चिखला, बालाघाट, कान्द्री और मनसर खदानों में षाफ्ट के गहरीकरण और सिंकिंग की विभिन्न परियोजनाओं को हाथों में लिया है। वह उकवा खदानों में दूसरी वर्टिकल षाफ्ट की सिंकिंग के लिए भी विचार कर रही है।

खदानों में बिजली की आवश्यकता को पूरा करने के लिए और गैर–पारंपरिक और पर्यावरण अनुकूल उर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आपकी कंपनी के मण्डल ने मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में अपनी खदानों में 10.5 मेगावॉट सौर उर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए रू. 61.83 करोड़ का निवेश मंजूर किया है।

वर्ष 2014 से तुलना की जाये तो भारत में इस्पात का उत्पादन वर्ष 2015 के दौरान 2.38 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 87.29 मिलियन टन से 89.37 मिलियन टन बढ़ गया है। दूसरी ओर वर्ष 2015 के दौरान विश्व इस्पात उत्पादन में 2.97 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि थी। चीन और जापान भी वर्ष 2015 के दौरान क्रमशः 2.30 प्रतिशत और 4.99 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्शा रहे थे। भारत अब विश्व में तीसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश है जिसने वर्ष 2015 में लगभग 89.37 मिलियन टन के कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है। यह वृद्धि आगामी वर्षों में तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

वर्ल्ड स्टील असोसिएशन (डब्लूएसए) के अनुसार तेल की कीमतों में कमी, सुधार की गति और इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैनुफैक्चरिंग उत्पादन बढ़ाने की नीतियों के कारण भारत का भविष्य उज्ज्वल है। भारत में तैयार इस्पात की मांग 2016 और 2017 दोनों वर्षों में 5.4 प्रतिशत से बढ़ जाएगी जो 2017 में 88.3 एमटी तक पहुँच जाएगी। हालांकि, 2015 में 3.0 प्रतिशत संकुचन के बाद विश्व स्तर पर तैयार इस्पात की मांग 2016 में 0.8 प्रतिशत से कम होकर 1,488 एमटी तक पहुँच सकती है। 2017 में, ऐसा अनुमान है कि विश्व में इस्पात की मांग 0.4 प्रतिशत की वृद्धि पर वापस आएगी और 1,494 एमटी तक पहुँच जाएगी।

वर्तमान में, आपकी कंपनी 50 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी के साथ देष में मैंगनीज अयस्क की सबसे बड़ी उत्पादक है, जब वर्ष 2015–16 के लिए देष के अनुमानित उत्पादन की तुलना की जाती है। हालांकि, भारत में मैंगनीज अयस्क के आयात में अनुमानतः 3.17 मिलियन टन से 2.22 मिलियन टन तक की गिरावट आयी है, लेकिन फिर भी उच्च श्रेणी के मैंगनीज अयस्क का बड़ी मात्रा में आयात किया जा रहा है। यह मांग और आपूर्ति के बीच पर्याप्त अंतर को दर्शाता है, जो मॉयल को अपना उत्पादन, विशेष रूप से उच्च श्रेणी के मैंगनीज अयस्क के उत्पादन में वृद्धि के लिए अवसर उपलब्ध करता है।

आगे आपकी कंपनी ने लगभग 81.47 मिलियन टन के मैंगनीज अयस्क के भंडार और संसाधनों के साथ लगभग 4.09 मिलयन टन के संसाधनों को जोड़ा है। मॉयल अपनी प्रभावपूर्ण स्थिति, मध्यम से उच्च श्रेणी के अयस्क भंडार, मध्य क्षेत्र में अवस्थित खदानें, कम उत्पादन लागत एवं ग्राहकों के साथ मजबूत संबंधों के साथ भारत में इस्पात की मांग में वृद्धि को पूंजीकृत करने की अच्छी स्थिति में है।

भारत सरकार ने भी इस्पात उद्योग की समस्याओं के समाधान के लिए न्यूनतम आयात मूल्य (एमआयपी) लगाने जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं जिसके परिणामस्वरूप बाजार के रूख में सुधार आया है। मुझे यकीन है कि भारत सरकार की इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास नीति से देश में इस्पात की मांग को बढ़ावा मिलेगा जिसके फलस्वरूप मैंगनीज अयस्क की मांग में भी वृद्धि होगी।

मैंगनीज अयस्क उद्योग का प्रदर्शन मुख्य रूप से इस्पात उद्योग के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। चूंकि भारत ने 2030 तक इस्पात की 300 मिलियन टन क्षमता का लक्ष्य रखा है जो लगभग 10 मिलियन टन तक मैंगनीज अयस्क की घरेलू मांग उत्पन्न करेगा, जो मॉयल को अपना उत्पादन बढ़ाने के लिए और बाजार में अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए बहुत अच्छा अवसर उपलब्ध करेगा। जैसा कि हम जानते है कि भारत की प्रति व्यक्ति इस्पात की खपत लगभग 60 कि.ग्रा. है जबकि वैश्विक औसत खपत 214 कि.ग्रा. है। यह फिर से इस्पात उद्योग के लिए अवसर उपलब्ध करता है। इस प्रकार भारत की इस्पात मांग में उल्लेखनीय रूप से वृद्धि होने की संभावना है।

भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और अपनी अग्रणी स्थिति को कायम रखने के लिए मॉयल अपने उत्पादन को बढ़ाने के लिए लगभग 1.1 मिलियन टन के वर्तमान स्तर से 2020 तक 2.0 मिलियन टन तक और 2030 तक 2.5 मिलियन टन तक बढ़ाने की योजना बनाई है, जिसके लिए रणनीतिक प्रबंधन योजना तैयार की गई है। इसे आगे बढ़ाने के लिए मॉयल ने पहले ही बालाघाट और गुमगॉव खदानों में हाय स्पीड शाफ्ट की सिंकिंग जैसी पहल की है और खदानों में सोलार पावर प्रोजेक्ट स्थापित करना इसका एक हिस्सा है।

मॉयल ने रू. 863,34,24,739 से अनधिक कुल प्रतिफल के लिए रू. 248 प्रति शेयर के मूल्य पर 3,48,12,196 से अनधिक इक्विटी शेयरों को अपने रू. 10 प्रति पूर्णतः प्रदत्त इक्विटी शेयरों के बायबैक ऑफर को मंजूरी दी है। बायबैक का प्रस्ताव प्रक्रिया में है और संपूर्ण प्रक्रिया अक्तूबर, 2016 के मध्य तक पूर्ण हो जाने की उम्मीद है।

आपकी कंपनी देष के उन सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में से एक है जिसे अपने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्षन के लिए जाना जाता है तथा वर्ष 2014–15 के लिए समझौता ज्ञापन पर "उत्कृष्ट" रेटिंग प्राप्त की है। कंपनी को अपनी गतिविधियों के लगभग सभी क्षेत्रों में अपने अच्छे कार्यों के लिए राष्ट्रीय / क्षेत्रीय मान्यता मिल रही है। वर्श के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार, क्वालिटी सर्कल पुरस्कार, क्वालिटी कन्ट्रोल सर्कल पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ट्रॉफी, निगमित अधिशासन "उत्कृष्ट" रेटिंग, इत्यादि जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए है।

मैं भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश राज्य सरकार, सभी सरकारी विभाग, हमारे सम्मानित ग्राहक, कंपनी के बैंकर्स, आपूर्तिकर्ता और सभी मॉयलीयन्स द्वारा कंपनी के कार्य–निष्पादन में दिए गए अपरिमित योगदान के लिए धन्यवाद देता हूँ। इस अवसर पर मैं कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा दिए गए बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट करता हूँ जिसके बिना कंपनी को प्रगतिषील दिशा में ले जाना संभव नहीं हुआ होता। कंपनी को नई उँचाईयों तक पहुंचाने एवं अंशधारकों के मूल्य में वृद्धि करने के लिए मैं आगे भी सभी पणधारियों के लगातार सहयोग एवं प्रतिबद्धता की आशा करता हूँ।

जी. पी. कुंदरगी
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

अंशधारकों के लिए मण्डल की रिपोर्ट

प्रिय अंशधारकों,

निदेशक मंडल की ओर से आपकी कंपनी की 54वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष की अंकेक्षण रिपोर्ट एवं वित्तीय विवरणों को प्रस्तुत करने में मुझे बेहद प्रसन्नता महसूस हो रही है।

वित्तीय परिणाम :

वर्ष 2015–16 तथा गत वर्ष के वित्तीय परिणाम नीचे दर्शाए अनुसार है :

रूपये करोड़ में

विवरण	वर्ष 2015–16	वर्ष 2014–15
शुद्ध बिक्री	628.74	823.25
अन्य आय	252.15	316.61
कुल आय	880.89	1139.86
ब्याज, मूल्यह्रास और कर पूर्व लाभ (ईबीआईडीटीए)	322.72	695.65
मूल्यह्रास	52.47	45.08
कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	270.26	650.57
घटाएं : कराधान के लिए प्रावधान	97.27	222.56
कर पश्चात लाभ (पीएटी)	172.98	428.01
जनरल रिजर्व और सीएसआर रिजर्व में स्थानांतरण	75.00	250.18

प्रमुख वित्तीय अनुपात

अनुपात	वर्ष 2015–16	वर्ष 2014–15
बिक्री कारोबार का ईबीआईडीटीए (%)	51.33	84.50
शुद्ध मूल्य पर पीएटी (%)	5.01	12.66
औसत नियोजित पूंजी पर ईबीआईडीटीए (%)	9.64	21.81
प्रति शेयर आय (प्रत्यक्ष मूल्य रू. 10/– प्रति)	10.30	25.48
प्रति शेयर बही खाता मूल्य	205.56	201.29

लाभांश :

मॉयल पिछले कई वर्षों से लाभांश भुगतान करने वाली कंपनी है और इस परंपरा को कायम रखते हुए वर्ष 2015–16 के दौरान 30 प्रतिशत अर्थात् प्रति इक्विटी शेयर रू. 3.00 की दर से अंतरिम लाभांश का भुगतान मार्च 2016 में किया गया है। वर्ष के लाभ को ध्यान में रखते हुए आपकी कंपनी के निदेशक मण्डल ने इस वित्तीय वर्ष के लिए 20 प्रतिशत अर्थात् प्रति इक्विटी शेयर पर रू. 2.00 की दर से अंतिम लाभांश भुगतान करने की सिफारिश की है। वर्ष 2015–16 के लिए कुल लाभांश प्रति इक्विटी शेयर रू. 5.00 निकाला गया है जो पिछले वर्ष रू. 8.50 था। इस प्रकार, वर्ष के लिए कुल लाभांश का भुगतान 5 प्रतिशत अर्थात् 84.00 करोड़ रूपये (पिछले वर्ष 142.80 करोड़ रूपये) होता है।

मॉयल के निदेशक अन्य अधिकारीयों के साथ 63 वी एजीएम में

वित्तीय कार्य–निष्पादन :

वर्ष 2015–16 के दौरान बाजार की प्रतिकूल अवस्था के परिणामस्वरूप आपकी कंपनी के कार्य–निष्पादन में गिरावट आयी। आपकी कंपनी ने गत वर्ष में रूपये 823.25 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान 628.74 करोड़ रूपये की शुद्ध बिक्री (उत्पाद शुल्क छोड़कर) दर्ज की है। गत वर्ष के पीबीटी रू. 650.57 करोड़ की तुलना में इस वर्ष के लिए कर–पूर्व–लाभ (पीबीटी) 58.46 प्रतिशत से घटकर रूपये 270.26 करोड़ हो गया है। कंपनी ने गत वर्ष में रूपये 428.01 करोड़ की तुलना में 172.98 करोड़ कर–पश्चात–लाभ (पीएटी) अर्जित किया है।

सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आपकी कंपनी ने अधिशेष निधियों को सावधि जमा योजना में नियोजित किया है तथा कुल रू. 244.06 करोड़ (गत वर्ष रू. 279.77 करोड़) का ब्याज प्राप्त किया है, जिसे अन्य आय के अंतर्गत रखा गया है। वर्ष के दौरान ब्याज दरों में गिरावट के कारण ब्याज आय में कमी हुई है।

बिक्री :

वित्तीय वर्ष 2015–16 हाल के इतिहास में इस्पात और मैंगनीज अयस्क उद्योग के लिए सबसे कठिन वर्षों में से एक रहा है। बाजार की प्रतिकूल स्थिति के कारण कंपनी ने वर्ष के दौरान मैंगनीज अयस्क की विभिन्न श्रेणियों की कीमतों को लगभग 45 प्रतिशत तक कम किया। वर्ष के दौरान औसत बिक्री प्राप्तियाँ रू. 8233 पीएमटी से रू. 5911 पीएमटी तक आ गई। कंपनी का मैंगनीज अयस्क का बिक्री राजस्व 23.72 प्रतिशत कम होकर गत वर्ष में रू. 749.55 करोड़ की तुलना में रू. 571.79 करोड़ हो गया। इसके बावजूद, अपनी विवेकपूर्ण विपणन और मूल्य निर्धारण नीति के साथ कंपनी 6.26 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज करते हुए गत वर्ष में मैंगनीज अयस्क के 9.10 लाख टन की तुलना में वर्ष 2015–16 के दौरान मैंगनीज अयस्क के 9.67 लाख टन की बिक्री करने में सफल रही है।

कंपनी के विनिर्मित उत्पादों के संबंध में अर्थात् ईएमडी, फेरो मैंगनीज, फेरो मैंगनीज स्लैग सहित, गत वर्ष के दौरान रू. 65.64 करोड़ की तुलना में वर्ष 2015–16 के दौरान शुद्ध बिक्री रू. 47.83 करोड़ थी। ईएमडी की बिक्री गत वर्ष में 655 एमटी की तुलना में 714 एमटी थी, जबकि फेरो मैंगनीज की बिक्री गत वर्ष में 8587 एमटी की तुलना में 7922 एमटी थी।

उत्पादन एवं उत्पादकता :

बाजार की संपूर्ण अवस्था और विश्व स्तर पर मैंगनीज अयस्क की कीमतों में भारी गिरावट को ध्यान में रखते हुए, विशेषकर, 3री तिमाही से लेकर 4थी तिमाही की शुरूवात तक, आपकी कंपनी ने मैंगनीज अयस्क की निम्न श्रेणियों का उत्पादन बंद कर दिया है। आपकी कंपनी ने गत वर्ष के 11.39 लाख टन उत्पादन की तुलना में वर्ष के दौरान मैंगनीज अयस्क की विभिन्न श्रेणियों का 10.32 लाख टन उत्पादन किया है। कंपनी का प्रति मानव पाली (ओएमएस) आउटपुट 0.718 टन (गत वर्ष 0.818 टन) रहा है। गत वर्ष के 950 टन की तुलना में इस वर्ष इलेक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डायऑक्साइड (ईएमडी) का उत्पादन 612 टन था। गत वर्ष के 10045 एमटी की तुलना में इस वर्ष फेरो मैंगनीज का उत्पादन 6519 एमटी था। फेरो मैंगनीज के उत्पादन में गिरावट आयी है जिसका कारण मुख्यतः दो–तीन माह से किए जा रहे महत्वपूर्ण नियोजित रखरखाव कार्यों के कारण उत्पादन का प्रभावित होना है, जबकि ईएमडी का उत्पादन बाजार की खराब स्थितियों के कारण कम हुआ है।

मनसर खान में वर्टिकल शाफ्ट

बंद भंडार :

गत वर्ष 31.03.2015 को रूपये 109.38 करोड़ मूल्य के 2.48 लाख टन बंद भंडार की तुलना में 31.03.2016 को रूपये 130.46 करोड़ मूल्य के 2.95 लाख टन मैंगनीज अयस्क के बंद भंडार कंपनी के पास है। कंपनी के पास पिछले वर्ष 31.03.2015 को रूपये 16.36 करोड़ मूल्य के 4001 टन फेरो मैंगनीज के बंद भंडार की तुलना में 31.03.2016 को रूपये 10.26 करोड़ मूल्य के 2598 टन फेरो मैंगनीज के बंद भंडार है। 31.03.2016 को ईएमडी का बंद भंडार 294 टन (गत वर्ष 396 टन) था जिसका मूल्य रूपये 2.18 करोड़ (गत वर्ष रूपये 3.47 करोड़) था।

पूंजी/मूल्यवर्धन / विविधीकरण परियोजनाएं :

इस्पात उद्योग में मैंगनीज अयस्क की मांग पूरी करने और हमारे देश में मैंगनीज के बाजार में अग्रणी रहने के लिए मैंगनीज अयस्क का उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है। भविष्य में इस्पात उद्योग में मैंगनीज अयस्क की मांग को पूरा करने के लिए और मैंगनीज उद्योग में अग्रणी बने रहने के लिए मॉयल ने अपने वर्तमान उत्पादन को बढ़ाकर लगभग 1.1 मिलियन टन के वर्तमान स्तर से 2020 तक 2.0 मिलियन टन और 2030 तक 2.5 मिलियन टन तक करने की योजना बनाई है, जिसके लिए एक रणनीति प्रबंधन योजना पहले ही बनाई गई है। इस दिशा में आपकी कंपनी ने मौजूदा खदानों के विकास, देश के भीतर और बाहर नई खदानों के अधिग्रहण, खदानों के आस–पास के क्षेत्रों का अधिग्रहण, मूल्यवर्धन / विविधीकरण परियोजनाओं इत्यादि की स्थापना के लिए निवेश की योजना बनाई है।

(ए) पूंजीगत खर्च और खदान विस्तारीकरण परियोजना :

कंपनी की पूंजीगत खर्च योजनाओं में वर्टिकल शाफ्ट की सिंकिंग/गहरीकरण परियोजना, खनन के लिए नये पट्टे/क्षेत्रों का विकास, स्थायी संपत्तियों में नियमित परिवर्धन/संशोधन/प्रतिस्थापन, टाउनशिप, अनुसंधान और विकास इत्यादि में निवेश की परिकल्पना की गई है। कुल पूंजीगत खर्च गत वर्ष में रू. 114.78 करोड़ की तुलना में वर्ष 2015–16 के दौरान रू. 119.65 करोड़ का उपयोग किया गया है। मॉयल ने अपनी मौजूदा खदानों से उत्पादन को बढ़ाने के लिए विभिन्न खदान विस्तारीकरण परियोजनाओं को हाथों में लिया है। कुछ परियोजनाएं पहले ही पूर्ण हो चुकी है और कुछ कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में निम्नानुसार है :

(i) संपन्न प्रकल्प / कार्यान्वयन के अधीन परियोजना

मॉयल खान में एस डि एल की संचालन

(ए) चिखला खदान में वर्टिकल शाफ्ट का 109 मीटर से 169 मीटर तक गहरीकरण, जिसकी पूंजीगत लागत रू. 9.12 करोड़ है – परियोजना अक्तूबर, 2015 में पूर्ण हो गई है।

(बी) बालाघाट खदान में होल्म्स (वर्टिकल) शाफ्ट का 300 मीटर से 435 मीटर तक गहरीकरण, जिसकी पूंजीगत लागत रू. 28.30 करोड़ है – परियोजना का कार्य प्रगति पर है और नवम्बर 2016 तक पूर्ण होने की संभावना है।

(सी) चिखला खदान में 160 मीटर गहराई की अन्य वर्टिकल शाफ्ट की सिंकिंग, जिसकी पूंजीगत लागत रू. 48.70 करोड़ है – परियोजना का कार्य प्रगति पर है और अपनेनिर्धारित समयानुसार चल रहा है।

(डी) कांद्री खदान में वर्टिकल शाफ्ट का 185 मीटर से 245 मीटर तक गहरीकरण, जिसकी पूंजीगत लागत रू. 14.82 करोड़ है – परियोजना का कार्य प्रगति पर है और अपने निर्धारित समयानुसार चल रहा है।

(ई) मनसर खदान में 160 मीटर गहराई की अन्य वर्टिकल शाफ्ट की सिंकिंग, जिसकी पूंजीगत लागत रू. 51.32 करोड़ है – परियोजना का कार्य प्रगति पर है और अपने निर्धारित समयानुसार चल रहा है।

(ii) आगामी / नई परियोजनाएं

(ए) उकवा खदान में रू. 77.15 करोड़ की पूंजीगत लागत से 324 मीटर गहराई की अन्य वर्टिकल शाफ्ट की सिंकिंग।

(बी) गुमगांव खदान में रू. 194.92 करोड़ की पूंजीगत लागत से 330 मीटर की लार्ज डाय. हाई स्पीड वर्टिकल शाफ्ट की सिंकिंग।

(सी) बालाघाट खदान में रू. 265.96 करोड़ की पूंजीगत लागत से 750 मीटर की लार्ज डाय. हाई स्पीड वर्टिकल शाफ्ट की सिंकिंग।

(बी) देश के भीतर और बाहर खदानों का अधिग्रहण

कंपनी की रणनीतिक प्रबंधन योजना की दिशा में विदेशों के मैंगनीज अयस्क उत्पादकों के साथ खरीद समझौतों के लिए रणनीतिक गठबंधन की योजना बनाई गई है। इस संबंध में प्रस्ताव आमंत्रित करने की दृष्टि से कंपनी की वेबसाईट पर एक ओपन एंडेड एक्स्प्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट (ईओआय) को रखा गया है।



बालाघाट खान में अंडरग्राउंड सिंगल बूम क्रॉलर ड्रीलिंग मशीन

(सी) संयुक्त उद्यम कंपनियां (सेल एवं मॉयल फेरो अलॉय प्रा. लि. और रिनमॉयल फेरो अलॉय प्रा. लि.)

फेरो अलॉय संयंत्रों को स्थापित करने के लिए मॉयल के पास स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआयएनएल) के साथ दो अलग संयुक्त उद्यम (50:50) है। मेकॉन लि. द्वारा तैयार टीईएफआर के अनुसार यह परियोजनाएं राज्य विद्युत मण्डलों की वर्तमान बिजली दरों में व्यवहार्य नहीं हैं, इसे देखते हुए इस वर्ष के दौरान दोनों संयुक्त उद्यम कंपनियों में कोई गतिविधि नहीं हुई है। कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित धारा 129 की उपधारा (3) के प्रथम परंतुक के अनुसार सहयोगी कंपनियों के वित्तीय विवरणों की मुख्य बातों को समाविष्ट करते हुए एक विवरण (प्रपत्र एओसी–1) अनुलग्नक–। के रूप में संलग्न है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(3) के प्रावधानों के अनुसार इन संयुक्त उद्यमों के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों को भी इस रिपोर्ट के साथ संलग्न किया गया है।

(डी) अन्वेषण कारोबार

भारत सरकार के खान मंत्रालय ने देश भर में विभिन्न खनिजों का अन्वेषण संचालित करने के लिए मॉयल को एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा 4 (1) के अंतर्गत अधिसूचित किया है। इससे मॉयल के लिए इन नये क्षेत्रों में अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए अवसर खुल गए है। कंपनी इस पर कार्य कर रही है और आगामी वर्षों में कुछ कारोबार प्रस्तावों को प्रस्तुत करने की संभावना है। राज्य सरकार के खनन विभाग के साथ एक संयुक्त उपक्रम के माध्यम से मैंगनीज अयस्क का खनन करने के प्रस्ताव के साथ निर्धारित क्षेत्रों में अन्वेषण संचालित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार को पहले ही प्रस्ताव दिया गया है, जिस पर विचार किया जा रहा है ।

अनुसंधान एवं विकास :

मॉयल मैंगनीज अयस्क और इसके मूल्यवर्धित उत्पादों जैसे इलेक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डायऑक्साइड और हाई कार्बन फेरो मैंगनीज अलॉय के अन्वेषण, दोहन और विपणन में कार्यरत है। पुअर रॉक मास क्वालिटी और कठिन भू–खनन अवस्थाओं के साथ संकीर्ण अयस्क भंडार में मॉयल 3 ओपनकास्ट और 7 भूमिगत खदानों को संचालित करता है। देश के सीएसआयआर–आरएण्डडी प्रयोगशाला, शैक्षणिक और अनुसंधान व विकास संस्थानों में नई तकनीक को प्रस्तुत करके खदानों में सुरक्षा और उत्पादकता में सुधार लाने के लिए कंपनी नेअनुसंधान और विकास गतिविधियों को शूरू किया है। मॉयल आर एण्ड डी परियोजनाओं के लिए विभिन्न एजेन्सियों अर्थात् सीआयएमएफआर, एनएमएल, एनजीआरआय, नीरी, आयआयटी, आयएसएम, एनआयटी, वीएनआयटी, एनआयआरएम, आयआयईएसटी के साथ संलग्न और जुड़ा है। मॉयल में आर एण्ड डी पर जोर दिए जाने वाले क्षेत्रों में निम्नलिखित शामिल है:–

(i) खदान का वातावरण : गुमगांव और मनसर खदान में इंडियन इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी, खड़गपुर द्वारा गहरे स्तरों के लिए वेंटिलेशन के पुनर्गठन का अध्ययन किया गया। इससे वेंटिलेशन पंखे को दूसरे स्थान पर लगाने से भूमिगत भागों की उत्पादकता और वेंटिलेशन में सुधार हुआ है।

(ii) खनन तकनीक : इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स (आयएसएम), धनबाद द्वारा मैकेनाइज स्टोपिंग प्रचालन के लिए आर एण्ड डी परियोजना तैयार की गई है और उकवा खदान में मैकेनाइज स्टोपिंग प्रचालन और सपोर्ट सिस्टम के लिए कार्यान्वित की गई है। मैकेनाइज स्टोपिंग प्रचालन से उत्पादन, सुरक्षा और उत्पादकता में सुधार लाने में मदद मिली है।

(iii) खनिज संरक्षण :

(ए) नैशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ रॉक मैकेनिक्स (एनआरआयएम), केजीएफ ने चिखला खदान में आर एण्ड डी अध्ययन किया। अध्ययन से अवशोषण के लिए खननयोग्य भंडारों में वृद्धि हुई है। इन–सीटू–पिलरों में बंद मूल्यवान खनिज का अन्वेशण के लिए इस्तेमाल किया गया।

(बी) मिनरल रिजेक्ट्स के लाभकारी उपयोग के लिए मॉडर्न मिनरल प्रोसेसिंग लैबोरेटरी और इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स (आयबीएम), नागपुर के पायलट प्लांट से उकवा खदान में काले मिनरल रिजेक्ट्स डम्प के संबंध में वैज्ञानिक अध्ययन किया गया।

आधुनिक पर्यावरण के अनुकूल हायड्रो स्टैटीक ड्रील मशीन

(iv) उत्पादन का विकास : इलेक्ट्रोलाइटिक मैंगनीज मेटल (इएमएम) के लिए प्रोसेस फ्लो शीट का विकास, एक मूल्य वर्धित उत्पाद जिसकी बाजार में अच्छी संभावना है। इस संदर्भ में, राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर ने आर एण्ड डी रिपार्ट तैयार की है और यह ज्ञात हुआ कि कंपनी के मैंगनीज अयस्क के साथ बड़ी मात्रा में अत्यंत शुद्ध ईएमएम का उत्पादन किया जा सकता है।

(v) शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोगात्मक कार्य

(ए) मॉयल भरन सामग्री के लिए रेती के विकल्प के लिए वीएनआयटी, नागपुर के साथ मिलकर संयुक्त सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास परियोजना चला रहा है।

(बी) मॉयल स्लोप मॉनिटरिंग उपकरणों (खान मंत्रालय की एस एण्ड टी योजना के अधीन) के लिए नैशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, राउरकेला के साथ स्लोप स्टेबलाइजेशन के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान भी कर रहा है।

(vi) भूमिगत में कॉन्क्रिट लगाने के लिए अंतर्गत–आर एण्ड डी : प्री कास्ट आरसीसी कॉलम और सेक्शन तैयार किए गए और भूमिगत ड्रिफ्ट में स्थापित किए गए। इससे क्रॉस कट्स में कंक्रीटिंग की दर में सुधार हुआ है।

(vii) सुरक्षित ब्लास्टिंग प्रैक्टिसेस :

(ए) उड़ने वाले कंकड़ों और भूमि कंपन को नियंत्रित करने के लिए डोंगरी बुजुर्ग और तिरोडी खदान के लिए सीएसआयआर–सीआयएमएफआर द्वारा नियंत्रित ब्लास्टिंग अध्ययन किया गया है।

(बी) अमोनियम नाइट्रेट फ्यूल ऑयल (एएनएफओ) में डीजल के वैकल्पिक फ्यूल के लिए सीआयएमएफआर, धनबाद के साथ डोंगरी बुजुर्ग खदान में ब्लास्टिंग अध्ययन किया गया है।

(viii) रेती के इस्तेमाल के बदले / कम करने हेतु भरन सामग्री के विकल्प के लिए अंतर्गत–आरएण्डडी :

(ए) आरएण्डडी विभाग प्रायोगिक आधार पर जमीनी राख से उकवा खदान के भूमिगत भागों की भराई के लिए अध्ययन कर रहा है ।

(बी) उकवा खदान में हाईड्रोलिक स्टोइंग ऑपरेशन के लिए मलाजखण्ड कॉपर प्रोजेक्ट की मिल टेलिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। अंतर्गत आरएण्डडी अध्ययनों द्वारा रेती के बदले में मिल टेलिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है।

आर एण्ड डी से संबंधित गतिविधियों का अधिक विवरण **अनुलग्नक** –।। में दिया गया है।

उर्जा संरक्षण :

श्रीमती अरुणा सुंदरराजन, सचिव इस्पात और सी एम डी बालाघाट भूमिगत खदान का दौरा करते हुए

मॉयल ऊर्जा संरक्षण पर विशेष जोर देता है। इससे मशीनरी की क्षमता, ऊर्जा घटक और उपकरणों के नियमित पर्यवेक्षण प्रदर्शन में सुधार हुआ है। हालांकि, यह संयंत्र और मशीनरी के समग्र कार्यकल्पों पर तथा अन्य कार्य अवस्थाओं पर निर्भर करता है।

ऊर्जा खपत में कमी के लिए किए गए उपाय और इस संबंध में भविष्य की योजनाएं निम्नलिखित है :–

1. 10 मेगा वाट क्षमता के सौर उर्जा प्रकल्प की स्थापना प्रस्तावित है।
2. प्रशासनिक कार्यालय में रूफ टॉप सोलार पैनल की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।
3. उर्जा घटक में सुधार और बिजली की बचत के लिए बालाघाट खदान में 250 केवीआर, 11 केवी कैपेसिटर बैंक की स्थापना करने का भी प्रस्ताव है।
4. घरेलु बिजली खपत को कम करने के लिए तकरीबन 8500 एलईडी लैम्प्स रियायती दरों पर कर्मचारियों को प्रदान किए गए। प्रशासनिक कार्यालय में भी एलईडी लैम्प्स लगाने का प्रस्ताव है।

कंपनी की खदानों और संयंत्रों के लिए उत्पादन की प्रति टन बिजली खपत इस प्रकार है:

क्र.	विवरण	केडब्लूएच खपत पीएमटी	
		वर्ष 2015–16	वर्ष 2014–15
1.	मैंगनीज अयस्क	22.51	19.51
2.	फेरो मैंगनीज	3156.38	2815.14

रिपोर्ट में उल्लेखित कारणों के लिए वर्श के दौरान उत्पादन में कमी की वजह से मुख्यतः बिजली की केडब्लूएच खपत पीएमटी बढ़ गई है। बिजली की खपत के संबंध में अधिक विवरण अनुलग्नक–।। में दिया गया है।

पवन ऊर्जा उत्पादन :

मॉयल के 4.8 मेगावाट और 15.2 मेगावाट क्षमता के दो पवन ऊर्जा फार्म है जो इंदौर (म.प्र.) के निकट देवास जिले में क्रमशः नागदा पहाडी और रतेडी पहाडी पर स्थित है। 4.8 मेगावाट पवन फार्म से बालाघाट खदान को भी ऊर्जा दी जा रही है और खदान के साथ ही कंपनी के फेरो मैंगनीज संयंत्र में भी उपयोग की जा रही है। 15.2 मेगावाट पवन फार्म से उत्पादित ऊर्जा को मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड को बिक्री किया जा रहा है। कंपनी ने पिछले वर्ष में 3.28 करोड केडब्लूएच की तुलना में 3.65 करोड केडब्लूएच बिजली उत्पन्न किया है।

खनन पट्टा और अन्वेषण

31.03.2016 को मॉयल के पास कुल 1613.611 हेक्टर खनन पट्टा क्षेत्र है, जिसमें से 699.066 हेक्टर भूमि महाराष्ट्र राज्य में तथा 914.545 हेक्टर भूमि मध्यप्रदेश राज्य में स्थित है (उकवा, बालाघाट, तिरोडी और डोंगरी बुजर्ग के वन क्षेत्रों को छोडकर, जिसका अभी निष्पादन नहीं हुआ है)। महाराष्ट्र राज्य के नागपुर और भंडारा जिले में मैंगनीज के प्रास्पैक्टिंग के लिए सरकार द्वारा मॉयल के पक्ष में 814.71 हेक्टर क्षेत्र आरक्षित कर रखा है। महाराष्ट्र की राज्य सरकार ने 814.71 हेक्टर के इस आरक्षित क्षेत्र में से 597.44 हेक्टर क्षेत्र जिसमें 11 पी एल क्षेत्र आता है मैंगनीज के प्रास्पैक्टिंग के लिए अनुमति प्रदान की है और शेष क्षेत्रों की प्रक्रिया जारी है।

राष्ट्रीय भू–भौतिकीय अनुसंधान संस्थान, (एनजीआरआय), हैदराबाद द्वारा 11 पीएल क्षेत्रों के अंतर्गत ग्रैविटी और मैगनेटिक पद्धति से भू–भौतिकीय सर्वेक्षण किया गया था। ग्रैविटी और मैगनेटिक सर्वेक्षण के परिणाम के आधार पर मॉयल द्वारा 3 पीएल क्षेत्रों के अंतर्गत कोर

ड्रिलिंग की गयी और इन क्षेत्रों में मैंगनीज अयस्क की मौजूदगी को साबित किया, इस प्रकार, 3 एमएल अप्लिकेशन में से 211.60 एचए. लीजओवर मायनिंग के लिए आवेदन किया गया। महाराष्ट्र सरकार ने सैद्धांतिक तौर पर 132.46 एचए. के दो एमएल क्षेत्रों के अनुमोदन को सूचित किया है और एक आवेदन पर प्रक्रिया जारी है। कंपनी ने शेष पीएल क्षेत्रों के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है। अनुमोदन के पश्चात कोर ड्रिलिंग के लिए शेष पीएल क्षेत्र लिए जाएंगे।

महाराष्ट्र सरकार ने नागपुर जिले के रामटेक तहसील के परसोडा गांव में 53.75 हेक्टर खनन पट्टा मॉयल के पक्ष में प्रदान किया है, जिसे निष्पादित और पंजीकृत कर लिया गया है।

वर्ष के दौरान मध्य प्रदेश सरकार ने बालाघाट जिले के परसवाडा तहसील के लुगमा गांव में 48.974 हेक्टर खनन पट्टा कंपनी के पक्ष में प्रदान किया है। मॉयल ने लीज निष्पादित और पंजीकृत कर ली है।

मॉयल में अतिरिक्त संसाधनों / नये भंडारों का अन्वेषण एक निरंतर प्रक्रिया है। पिछले पांच वर्षों के दौरान, कोर ड्रिलिंग के अन्वेषण से 4.09 मिलियन टन (अनुमानित और अनंतिम) इन–सीटू (बेड) संसाधनों को जोड़ा गया है। इससे मॉयल के कुल इन–सीटू भंडारों और संसाधनों में 81.47 मिलियन टन की बढ़ोतरी हुई है।

उद्यम संसाधन योजना (ईआरपी)

मॉयल में ईआरपी कार्यान्वयन सूचना के आधार पर निर्णय लेने के लिए सक्षम करने की सभी व्यावसायिक प्रक्रियाओं के सहज एकीकरण की परिकल्पना करता है, जो सभी स्तरों पर दर्षनीय और पारदर्शी है। एकल संव्यवहार आधार के साथ जिसे अद्यतन साझा किया जाता है और संपूर्ण संगठन द्वारा तैयार किया जाता है, व्यावसायिक कार्यों के सभी मास्टर डेटा का मानकीकरण प्राप्त कर लिए जाने की उम्मीद है। कार्यान्वयन के लिए संचालन समिति के साथ ही कोर कमेटी का गठन कर दिया गया है। मॉयल के लिए सबसे बेहतर ईआरपी उत्पाद और सिस्टम इंटीग्रेटर का चयन खुली निविदा द्वारा कर लिया गया है और कार्यादेश दे दिए गए है। प्रोजेक्ट की बिजनेस ब्लू प्रिन्ट (बीबीपी) चरण पूरा हो गया है। कार्यान्वयन चरण प्रगति पर है, आवश्यक हार्डवेयर की खरीदी पूर्ण हो गई है, उपयोगकर्ताओं का प्रशिक्षण और विभिन्न मॉड्यूल का परीक्षण प्रगति पर है। इस बीच कुछ कार्यो को ईआरपी में शिफ्ट कर दिया गया है, सभी गतिविधियों के षीघ्र पूरा हो जाने की उम्मीद है और यह परियोजना वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान शुरू हो जाने की उम्मीद है।

श्री बी. पी. सिंह (जी.ओ.जी.प्रभारी) माईन्स सेफ्टी वीक का उद्घाटन करते हुए

सुरक्षा एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य

आपकी कंपनी खदानों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देती है तथा अत्याधुनिक खनन तकनीक एवं खनन प्रचालन में यांत्रिकीकरण का समावेश करके सुरक्षा उपकरणों के मानकों में लगातार सुधार लाकर दुर्घटनाओं में कमी लाने का सतत प्रयास भी करती है। खदानों के सुरक्षा मानकों में सुधार लाने हेतु निम्नलिखित कदम उठाये गये है :

- सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए श्रमिकों को प्रशिक्षण एवं पुनर्प्रशिक्षण देना।
- दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सुरक्षा समितियों की सभा नियमित तौर पर आयोजित की जाती है, जिसमें सतर्कतापूर्वक दुर्घटना का विश्लेषण किया जाता है।
- दुर्घटनाओं की अधिक से अधिक रोकथाम के लिए सभी स्तरों के कर्मचारियों के साथ गहन वार्तालाप किया जाता है।
- विषेश प्रशिक्षण के अलावा प्रत्येक कर्मचारी को नियमित रूप से व्यावसायिक और पुनश्चर्या प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।
- सुरक्षा और पर्यावरण विभाग ने निम्नलिखित विशयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए है :

ए) खदानों में सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्थायी विकास का महत्व

बी) खदानों में आपदा प्रबंधन

सी) खदानों में व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा

- मॉयल की विभिन्न खदानों को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार भी दिए गए है।
- व्यवसायिक स्वास्थ्य और प्रबंधन प्रणाली के क्षेत्र में, मॉयल को बालाघाट, डोंगरी बुजुर्ग, चिखला, कान्द्री, मनसर, गुमगांव, तिरोडी और उकवा खदानो के लिए ओएचएसएएस 18001:2007 प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है।

- मॉयल ने अपनी सभी भूमिगत और ओपनकास्ट खदानों के लिए बाहरी विशेषज्ञों द्वारा जोखिम निर्धारण अध्ययन आयोजित किया है और डीजीएमएस की आवश्यकतानुसार सुरक्षा प्रबंधन योजना तैयार की है।
- मॉयल ने खदानों, संयंत्रों, स्कूल, अस्पताल और प्रशासनिक कार्यालयों के लिए आपदा प्रबंधन योजना तैयार की है।
- बालाघाट, उकवा और फेरो मैंगनीज संयंत्र का सुरक्षा ऑडिट भी कर लिया गया है।

पर्यावरण संरक्षण और अक्षय उर्जा

आज के युग में इकोलॉजी संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। समुदाय के विकास की प्रक्रिया में उसके पर्यावरण के अनुकूल रहने के साथ–साथ उस समुदाय की विशिष्ट संस्कृति के अनुकूल रहना भी जरूरी होता है। कंपनी की सभी खदानों जिसमें रेती घाट भी शामिल है, को एमओईएफ, नई दिल्ली से पर्यावरण क्लियरेंस प्राप्त है। आपकी कंपनी ने स्थायी विकास को प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाए है। कंपनी अपने पट्टा धारित क्षेत्रों एवं उसके आस–पास के क्षेत्रों में पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में अपनी जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह सजग हैं। अब तक विभिन्न खदानों में संचयी वृक्षारोपण लगभग 18.50 लाख पौधों का हो चुका हैं। पर्यावरण अनुकूल संगठन के तौर पर मॉयल ने 20 मेगावाट क्षमता का पवन उर्जा फार्म स्थापित किया है, जिसमें से उत्पन्न 4.8 मेगावाट बिजली की खपत कंपनी में की जाती है तथा पवन उर्जा फार्म से उत्पन्न 15.2 मेगावाट बिजली एमपीपीएमसीएल को बिक्री कर दी जाती है।

सुचिता पत्रिका का विमोचन करते हुए बांए से: (श्री नितीन चावंदे,श्री संदिप तागवाळगे, श्री जी पी कुंदरगी, श्री टी. के. पटनायक और श्री. दिपांकर शोम)

मॉयल एम.पी. की खदानों में रू. 32.18 करोड की कुल लागत से 5.50 मेगावाट का सौर उर्जा प्रकल्प और महाराष्ट्र की खदानों में रू. 29.65 करोड की कुल लागत से 5.00 मेगावाट का सौर उर्जा प्रकल्प की खरीद और संस्थापना की प्रक्रिया भी जारी है।

सतर्कता

मॉयल का सतर्कता विभाग संगठन के हितों की रक्षा को दृष्टि में रखते हुए भ्रष्टाचार और कदाचार को रोकने के लिए और लोगों के लिए पारदर्शी तरीके से सत्यनिष्ठा, ईमानदारी के साथ कार्य करने का माहौल उपलब्ध कराने के लिए निवारक के साथ–साथ सक्रिय सतर्कता गतिविधियों पर मुख्य रूप से जोर देता है। वर्ष 2015–16 के दौरान सतर्कता विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियाँ निम्न प्रकार हैं :

(i) आईएसओ 9001–2008 : सतर्कता विभाग का प्रमाणपत्र 22 मई, 2017 तक पुर्नमान्य किया गया है।

(ii) निरीक्षण : इस वर्ष के दौरान, कुल 45 सामान्य /आकस्मिक निरीक्षण और 06 फाइल समीक्षा की गई। वर्तमान प्रणाली और पारदर्शिता में सुधार के लिए सतर्कता विभाग प्रबंधन को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। तद्नुसार वर्ष के दौरान प्रबंधन को 6 सलाह जारी की गई।

(iii) ई–प्रशासन : स्क्रैप/अतिरिक्त वस्तुओं का निपटान, मैंगनीज अयस्क के चुनिंदा ग्रेड और फेरो मैंगनीज/स्लैग की बिक्री ई–ऑक्शन के माध्यम से की जा रही है। खरीदी और कार्य संविदाओं के लिए ई–खरीदी की जा रही है।

(iv) सतर्कता की संरचनागत बैठक : मुख्य सतर्कता आयोग (सीवीसी) और इस्पात मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रबंधन के साथ सतर्कता विभाग की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जा रही है। 2015–16 के दौरान, 4 बैठकें आयोजित की गई। इसमें ई–गवर्नेंस, लाभ प्रौद्योगिकी, निविदा प्रबंधन, कार्य आबंटन, भर्ती नीति आदि संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

(v) प्रौद्योगिकी का लाभ : मुख्य सतर्कता आयोग के परिपत्र के संदर्भ में, नियामक, प्रवर्तन गतिविधियों के निर्वहन में और शिकायतों को निपटने में सतर्कता विभाग प्रभावपूर्ण लाभ प्रौद्योगिकी पर जोर दे रहा है। प्रौद्योगिकी लाभ के लिए मुख्य रूप से सामग्री की खरीद और सेवाओं के क्षेत्र है। इसके अलावा, ठेकेदारों का पंजीकरण, संविदा का सफल आबंटन और टेकेदारों को बिल भुगतान की स्थिति को कंपनी की वेबसाइट पर प्रकाषित किया जाता है। सभी निविदा दस्तावेज, भर्ती के आवेदन और स्थिति, नोटिस और अन्य प्रारूपों को कंपनी की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाता है।

(vi) मैनुअल का अद्यतन : विभिन्न मैनुअल जैसे खरीदी मैनुअल, कार्य और संविदा मैनुअल, कार्मिक मैनुअल इत्यादि तैयार किए गए है और व्यवहार में रखे गये है और इसे कंपनी की वेबसाइट/इंटरनेट पर पोस्ट किया गया है। सक्रिय सतर्कता के एक भाग के रूप में मैनुअल के अद्यतन का नियमित आधार पर प्रबंधन के साथ अनुसरण किया जाता है।

सतर्कता सप्ताह का उद्घाटन करते हुए श्री संदिप रामगावकर, एस. पी. (ए सी बी)

(vii) निविदा एवं अनुबंध : सीवीसी पीरपत्रों के अनुसार, निर्धारित मूल्य सीमा से अधिक के जारी निविदा/ठेकों को प्रत्येक माह नियमित रूप से वेबसाईट पर पोस्ट किया जाता है, यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की जाती है और इसका पर्यवेक्षण किया जाता है।

(viii) प्रशिक्षण कार्यक्रम : 2015–16 के दौरान, सतर्कता विभाग ने तीन अलग–अलग स्थानों पर 4 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें 154 कर्मचारी शामिल हुए। खरीद, सुशासन, लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम 2013, सतर्कता जागरूकता और निवारक सतर्कता, आदि जैसे विशय समाविष्ट किए गये।

(ix) काम में बदलाव : 320 में से 258 अधिकारियों के 65 पदों को संवेदनशील पाया गया है और उनके पदों की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए उनके काम में बदलाव की आवश्यकता है। प्रबंधन द्वारा अधिकारियों का रोटेशन किया जाता है।

(x) सतर्कता क्लिअरेंस : विभिन्न प्रयोजनों के लिए कालावधि के दौरान 845 कर्मचारियों को सतर्कता क्लिअरेंस प्रदान किया गया।

(xi) प्रणाली में सुधार : शिकायत, अध्ययन, निरीक्षण, आदि के संबंध में विभिन्न जॉचों के निष्कर्ष के रूप में निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रणाली सुधार के लिए परामर्श और सुझाव दिए गए है :

1. सीसीटीवी और बायोमैट्रीक लगाना।
2. कार्य संविदाओं में प्राक्कलन और दर सूची तैयार करना
3. पूंजीगत परिसंपत्ति रजिस्टर का पुनर्गठन
4. अभिलेखो की प्रतिधारण / नष्ट करने की नीति
5. ऑनलाइन विक्रेता पंजीकरण
6. भर्ती और पदोन्नति से संबंधित प्रक्रिया।

(xii) वार्षिक संपत्ति विवरणी : संगठन के सभी अधिकारियों ने अपनी वार्षिक संपत्ति की विवरणी प्रस्तुत कर दी है। सीवीसी के दिशानिर्देशो के अनुसार प्रतिवर्ष इस प्रकार की विवरणी के 20 प्रतिशत की संवीक्षा की जाती है। तद्नुसार, वर्ष के दौरान अधिकारियों की वार्षिक संपत्ति विवरणी की संवीक्षा की गई।

(xiii) सतर्कता जागरूकता सप्ताह : मॉयल लिमिटेड की सभी खदानों/कार्यालयों में 26 अक्तूबर, 2015 से 31 अक्तूबर, 2015 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर, सतर्कता विभाग ने सतर्कता पत्रिका "शुचिता" के चौथे वार्षिक अंक का प्रकाशन किया, जिसका विमोचन मॉयल के सीएमडी ने किया। सप्ताह के दौरान कर्मचारियों तथा मॉयल परिसर और आस–पास के क्षेत्रों के स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न स्पर्धा, कार्यशाला, सतर्कता जागरूकता रैली, संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सूचना का अधिकार अधिनियम का कार्यान्वयन

भारत में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के आगमन के साथ मॉयल ने इसके प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए है।

मॉयल ने अपने कारपोरेट कार्यालय में प्रमुख जन सूचना अधिकारी नियुक्त किया है तथा अपनी सभी खदानों में जन सूचना अधिकारी/सहायक जन सूचना अधिकारी भी नियुक्त किए है। महाप्रबंधक (कार्मिक) को इस अधिनियम के अंतर्गत "अपीलीय प्राधिकारी" के तौर पर नियुक्त/पदनामित किया गया है। सभी जन सूचना अधिकारी/सहायक जन सूचना अधिकारी एवं अपीलीय प्राधिकारी के नाम कंपनी की वेबसाईट www.moil.nic.in में दर्षाए गए है।

सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 4(1) (बी) में निर्धारित किए अनुसार कंपनी और उसके कर्मचारियों के संबंध में जानकारी निर्धारित शीर्षकों में तैयार की गई है तथा इसे कंपनी के पोर्टल में डाला गया है। मॉयल निर्धारित

मॉयल कि ए वी पब्लीक स्कूल की इमारत का आंतरिक दृश्य

प्राधिकारियों को आवष्यक जानकारी एवं विवरणी प्रस्तुत करती है तथा नियमित तौर पर इसे अद्यतन करती रहती है।

इस अधिनियम का उद्देश्य एवं यथार्थ भावना के बारे में कंपनी के कर्मचारियों को जागरूक बनाने के लिए व्यापक जागरूकता उत्पन्न की गई है। अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर परिपत्रों को जारी करके ध्यान में लाया गया है तथा उनसे अपने रोजमर्रा के काम में पारदर्शिता लाने और सभी अभिलेखों को उचित/व्यवस्थित ढंग से रखने को कहा गया है। आगे जनता के लिए भी कंपनी अपनी वेबसाईट में नियमित अंतराल के पश्चात स्वमेव अधिक से अधिक जानकारी डालती है / अद्यतन भी करती है ताकि जनता को सूचना के अधिकार के अधीन जानकारी हासिल करने के लिए विभिन्न प्रावधानों का कम से कम उपयोग करना पड़े।

बड़े पैमाने पर कर्मचारियों में जागरूकता पैदा करने के लिए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सूचना का अधिकार अधिनियम का महत्व समझने तथा अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डालने के लिए संगोष्ठियों का आयोजन किया गया है।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कंपनी को सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 64 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 31 आवेदनों का निपटान किया गया और 33 को अस्वीकृत किया गया। अपीलीय अधिकारी के पास अपील के 8 मामले प्राप्त हुए और समय से सभी का निपटारा कर दिया गया है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम और कौशल विकास

वर्ष 2015–16 के दौरान कुल 136 प्रशिक्षण कार्यक्रम (आंतरिक और बाहरी) आयोजित किए गए। इसमें 95 व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल है, जिसे खदानों के व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों में श्रमिकों के लिए आयोजित किया गया। वर्ष के दौरान कुल 3939 प्रतिभागी थे जिन्हें विभिन्न कार्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 698 अधिकारी, 446 गैर– अधिकारी और 2795 श्रमिक शामिल थे। कुल मिलाकर रिपोर्टाधीन वर्श के दौरान 160875 दिनों का प्रशिक्षण विभिन्न विषयों पर पूरा किया गया। इसके अलावा, कंपनी ने प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 के अंतर्गत प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण भी दिया है।

मॉयल अपने प्रशिक्षुओं को उनके अंतर्निहित कौशल को दर्शाने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है और इसका प्रदर्शन करने के लिए विविध मंच उपलब्ध कराता रहा है। इस दिशा में, एक कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसके अंतर्गत प्रशिक्षुओं ने गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों में मॉडल तैयार किया। मनसर प्रशिक्षण केन्द्र में 11 मार्च, 2016 को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे "युवा प्रतिभा दिवस" के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में कुल 87 ट्रेड प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया और रचनात्मक संकल्पना के 25 मॉडल प्रस्तुत किए गए। निर्णायकों की तकनीकी टीम द्वारा मूल्यांकन के बाद सर्वोत्कृष्ट मॉडल को पुरस्कार प्रदान किए गए।

क्षेत्र में औद्योगिक इकोसिस्टम के विकास के लिए कुशल श्रमशक्ति उपलब्ध कराने के लिए कंपनी ने मॉयल की खदानों के परिसर में कौशल विकास पहल को सहयोग और सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम(एनएसडीसी) के साथ समझौता ज्ञापन किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा (संविदागत कर्मचारी सहित) । एनएसडीसी मॉयल संयंत्र / खदानों के आस–पास स्थानीय युवाओं को क्षमता निर्माण और बेहतर आजीविका कमाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

बालाघाट खान में आवासीय क्वार्टर का भूमीपूजन

श्रम कल्याण योजना, मनोरंजन और चिकित्सा संबंधी सुविधाएं

मॉयल दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित खदानों के कर्मचारियों के साथ–साथ इसके समीपस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए आवास, पीने का पानी, बिजली, अस्पताल, स्वास्थ्य शिविर, स्कूल, गृह कर्ज और गृह कर्ज पर ब्याज की सब्सिडी इत्यादि जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रहा है। ऐसी योजनाओं की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार है:–

- जीवनमान में सुधार लाने के लिए और कर्मचारियों की आकांशा को ध्यान में रखते हुए आवासीय क्वार्टरों का निर्माणकार्य किया है और इसे अधिकांश कर्मचारियों को आबंटित किया है।
- खदान कालोनी में रहने वाले कर्मचारियों के लिए पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध की जा रही है।
- कैंप की कालोनियाँ और सड़कें अच्छी तरह से प्रकाशमान है। कर्मचारियों को रियायती दर पर उनके निवास पर बिजली प्रदान की गई है।
- सभी खदानों पर अस्पताल/डिसपेंसरी की स्थापना की गई है जिसे योग्य डॉक्टरों और विधिवत प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा चलाया जा रहा है। पुरूष और महिला कर्मचारियों के लिए अलग–अलग ओपीडी के साथ–साथ इनडोर वार्ड की व्यवस्था उपलब्ध है। आपात स्थिति के लिए सभी अस्पतालों को एम्बुलेंस वैन भी प्रदान की गई है। आवश्यकता के अनुसार मरीजों को चिकित्सा इलाज के लिए विशेष अस्पतालों में भेजा जाता है।

- सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा बीमा की योजना कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करती है।
- कंपनी में समूह सेवानिवृत्ति नकद संचय योजना (निर्धारित अंशदान) भी शुरू है, जिसे 01.01.2007 से लागू किया गया है।
- कुछ खदानों में प्राइमरी स्कूल संचालित करने के लिए भी सहायता दी जा रही है जहाँ निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। सभी खदानों पर स्कूल बसों की व्यवस्था की गई है ताकि बच्चों को समीपस्थ क्षेत्रों के हाई स्कूलों / कॉलेजों में ले जाया जा सके।
- मॉयल ने डीएवी पब्लिक स्कूल अथॉरिटी के साथ एक अनुबंध किया है, जिसके अंतर्गत चिखला खदान में 8वीं कक्षा तक एक स्कूल संचालित हो रही है। स्कूल की कुल क्षमता लगभग 857 विद्यार्थियों की है।

श्री. एम. पी. चौधरी बालाघाट खान में आवासीय क्वार्टर का भूमीपूजन करते हुए

- ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति तथा मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में शिक्षा लेने हेतु कर्मचारियों और श्रमिकों के बच्चों के लिए ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाती है।
- स्थानीय बच्चों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सीएसआर योजना के अंतर्गत दो स्कूल इमारतों (उकवा और भरवेली में) को पुनर्निर्मित किया गया है और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए उठाए गए कल्याणकारी कदम :

मॉयल दिनांक 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार अपने रोल पर 6305 कर्मचारियों के साथ एक श्रमिक बहुल संगठन है जिसमें से 78.95 प्रतिशत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (45.60 प्रतिशत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) से है। हमारी कंपनी दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित खदानों के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी लोगों के विकास में भी गहरी रूचि ले रही है जिसका विवरण निम्नानुसार है :

- खदानों के निकट के गाँवों को गोद लिया गया है तथा इन गाँवों में रहने वाले लोगों के लिए पीने के पानी की सुविधा, सड़क की मरम्मत, समय–समय पर चिकित्सा जाँच और उपचार प्रदान किया जाता है।
- खदानों के निकट स्थित स्कूलों में वित्तीय सहायता, स्टेशनरी, पुस्तकें इत्यादि प्रदान करना।
- शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को तीन पहिया साइकिल प्रदान करना।
- महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए सिलाई मशीन उपलब्ध कराना।
- स्वंय रोजगार योजना के लिए प्रशिक्षण कक्षाओं को आयोजित करना।
- आदिवासी महिलाओं के विकास और उत्थान के लिए अन्य कल्याणकारी कदम उठाना जैसे सिलाई प्रशिक्षण, प्रौढ़ साक्षरता कक्षाएं, एड्स जागरूकता कार्यक्रम, इस तरह के अन्य कार्यक्रमों को पोस्टर, सूचना और बैनर लगाकर प्रचार करना, कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम इत्यादि ।
- निःशक्त व्यक्ति अधिनियम, 1995 के अंतर्गत शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।

मॉयल सी. एम. डी. श्री जी. पी. कुंदरगी 54 वें मॉयल स्थापना दिवस का दीप प्रज्वलन करते हुए

महिला सशक्तिकरण

मॉयल में दिनांक 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार कुल मानवबल 6305 था जिसमें 780 महिला कर्मचारी थे जो कुल मानवबल का 12.38 प्रतिशत है।

कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों के लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों के अनुपालन में भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा निर्देश जारी किए गए है। तद्नुसार 3 अधिकारियों की एक शिकायत समिति 1999 में गठित की गई थी, जिसमें एक महिला चिकित्सक का समावेश था तथा जून 2014 में इस समिति का पुर्नगठन किया गया। तब से अब तक कंपनी की किसी भी खदान से या उसके निगमित कार्यालय से कोई उत्पीड़न की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। महिला कर्मचारियों में जागृति पैदा करने के लिए दिशानिर्देशों को व्यापक रूप से परिचालित किया गया है।

कंपनी की सभी खदानों पर महिला मण्डलों का कार्य प्रभावपूर्ण ढंग से चल रहा है। विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक, शैक्षणिक तथा सामुदायिक गतिविधियाँ जैसे – प्रौढ शिक्षा, रक्तदान शिविर, नेत्र शिविर, परिवार नियोजन आदि कार्यक्रम विशेषकर दूरदराज के खदान क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के लाभ हेतु आयोजित किए जा रहे है।

प्रति वर्ष 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। कंपनी मातृत्व छुट्टी प्रदान करती है और परिवार नियोजन के लिए विशेष आकस्मिक छुट्टी भी प्रदान करती है।

अपनी सीएसआर गतिविधियों के एक भाग के रूप में खदानों पर स्वयं सहायता समूह का निर्माण किया गया है, जिसमें दूरदराज के गाँवों की महिलाओं का समावेश किया गया है। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोमबत्ती, वाशिंग पावडर, साबुन, बाँस की टोकरियाँ, सिलाई तथा विभिन्न अन्य व्यवसायिक कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत प्रकटीकरण

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार यौन उत्पीड़न के अंतर्गत प्राप्त मामलों की जांच के लिए कंपनी ने एक यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति का गठन किया हैं। समिति के सदस्य इस प्रकार है :–

1. श्रीमती प्रीति जोशी, अध्यक्ष (विधिक) — समिति की अध्यक्षा
2. श्रीमती (डॉ.) भारती रंगारी, प्रमुख (एम.एस.) — सचिव
3. श्री नितीन पगनिस, अध्यक्ष (पीईआर) — सदस्य
4. श्री नीरज पाण्डेय, कंपनी सचिव — सदस्य
5. श्रीमती उज्वला अम्यंकर, प्रबंधक (पीईआर) — सदस्य
6. श्रीमती आशा सिंह, पूर्व–प्रधानाचार्य — स्वतंत्र सदस्य

समिति के सदस्यों के नाम कंपनी की वेबसाइट अर्थात् **www.moil.nic.in** पर अपलोड किए गए है।

वर्ष 2015–16 में यौन उत्पीड़न की प्राप्त शिकायतों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है :–

प्राप्त शिकायतों की संख्या	निपटान की गई शिकायतों की संख्या	प्रलंबित शिकायतों की संख्या
शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं

मॉयल का 54 वां स्थापना दिवस मनाते हुए

कार्मिक

31.03.2016 को आपकी कंपनी के मानवबल की स्थिति नीचे दर्शाये अनुसार है :–

श्रेणी	कार्यपालक	गैर–कार्यपालक	पीआर कामगार	कुल
पुरूष	305	2399	2821	5525
महिला	21	115	644	780
कुल	326	2514	3465	6305

31.03.2016 को वर्गानुसार कर्मचारियों की संख्या इस प्रकार है :–

समूह	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अन्य	कुल
ए	51	13	62	148	274
बी	33	7	53	92	185
सी	318	196	432	433	1379
डी	798	1391	1556	654	4399
कुल	1268	1607	2103	1327	6305
कुल प्रतिशत	20.11	25.49	33.35	21.05	100

नागरिक चार्टर एवं शिकायत निवारण यंत्रणा

ए) कर्मचारियों की शिकायत – मॉयल के पास कार्यपालक के साथ ही गैर–कार्यपालक कर्मचारियों के लिए स्वयं की शिकायत निवारण कार्यप्रणाली है। कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण नियमानुसार किया जाता है।

जन शिकायत – कोई भी नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन सेंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवेंस रिड्रेसल एण्ड मॉनिटरिंग सिस्टम (सीपीजीआरएएमएस) के माध्यम से दर्ज कर सकता है। जनता से प्राप्त शिकायतों का निपटारा करने के तरीके से सभी शिकायत अधिकारियों को अवगत कराया गया है। पूर्व में विभिन्न प्राधिकारियों द्वारा प्राप्त निर्देशों के आधार पर जनता से प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करने की प्रणाली बनाई गई है।

श्री जी. पी. कुंदरगी, श्री टी. के. पटनायक श्री नितीन चायंदे और श्री. दिपांकर शोम अंतर खान बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगीता के विजेताओं के साथ

बी) मॉयल की शिकायत निवारण यंत्रणा में प्रत्येक यूनिट/खदान के लिए एक मनोनित शिकायत अधिकारी होता है। यूनिटों में इस कार्य को प्रभावशाली ढंग से कार्यान्वित करने के लिए मुख्यालय में मनोनित किया गया शिकायत अधिकारी यूनिटों के शिकायत अधिकारियों के साथ समन्वय करता है।

सी) खदानों और कारपोरेट कार्यालय के पदनामित जन शिकायत अधिकारियों द्वारा जन शिकायतों की मासिक/त्रैमासिक समीक्षा की जाती है और साठ दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर निपटान किया जाता है।

डी) यूनिटों की शिकायतों से संबंधित डाटा यूनिट के शिकायत अधिकारी द्वारा मासिक/त्रैमासिक विवरणी में मुख्यालय को प्रस्तुत किया जाता है। इसका परीक्षण किया जाता है और मंत्रालय को सौप दिया जाता है।

दिनांक 01.04.2015 से 31.03.2016 तक की अवधि में लोक कर्मचारी शिकायतों की स्थिति

क्र.	शिकायतों का प्रकार	01.04.2015 को बकाया शिकायतें	अवधि के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	निपटाए गए मामलों की संख्या	31.03.2016 को लंबित मामलों की संख्या
1	जन शिकायतें	—	—	—	—
2	कर्मचारी शिकायतें	शून्य	972	965	07
	कुल	शून्य	972	965	07

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) और संधारणीय विकास

मॉयल में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) एक नियमित प्रक्रिया है। मॉयल पिछले कई वर्षों से सीएसआर गतिविधियाँ एक कृतसंकल्प तरीके से कर रहा है। कंपनी ने निदेशक मंडल द्वारा विधिवत अनुमोदित एक सीएसआर नीति तैयार की है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में सीएसआर के अंतर्गत कई योजनाएं हाथों में ली गई है और कार्यान्वित की जा रही है, इसमें मुख्य रूप से शामिल है :

बायो गॅस यूनीट में कंबाइंड कंपोस्टींग यूनीट लाभार्थियों मे से एक को वितरित किया गया

- शिक्षा और कौशल विकास की पहल में, मॉयल अपनी मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की खदानों के समीपस्थ कई स्कूलों को सहायता प्रदान कर रहा है। स्कूलों में आस–पास के क्षेत्र के गांवों के रहवासी और ज्यादातर गरीब परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है।
- बोरवेल को स्थापित करके दूरदराज के क्षेत्रों में गांवों को पीने का पानी उपलब्ध कराना।
- जरूरतमंद ग्रामीण लोगों के लिए "लाइट टू लाइव्स" कार्यक्रम के अंतर्गत 1850 निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी और 150 बच्चों के आंख की सर्जरी की गई है।
- संस्था पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत संस्था "मॉयल फाउंडेशन" को कंपनी ने बढ़ावा दिया है। इसने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के लिए बीएआयएफ के एक सहयोगी संगठन महाराष्ट्र इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी ट्रान्सफर फॉर रूरल एरिया (मित्रा) के साथ एक एमओयू किया है। यह परियोजना ग्रामीण स्तर पर बेहतर जीवनशैली के लिए संसाधनों को विकसित करने का

प्रयास करती है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के लिए मॉयल खदानों के आस–पास के 21 गांवों का चयन किया गया है, जिसमें महाराष्ट्र के नागपुर जिले के 5 गांव, भंडारा जिले के 11 गांव और मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के 5 गांव शामिल है। गांव के संसाधनों के विकास के लिए एक व्यापक माइक्रो प्लान तैयार किया गया है।

सामुदायिक विकास कार्यक्रम के मुख्य क्षेत्र निम्नानुसार है :–

- कृषि विकास (मृदा परीक्षण, सॉयल हैल्थ कार्ड, कम्पोस्टिंग पद्धतियों को बढ़ावा, फसल विविधीकरण, धान में एसआरआय, इत्यादि)
- जल संसाधन विकास के अंतर्गत पीसीडी ढांचों का नूतनीकरण और कुओं के गहरीकरण द्वारा भूमिगत जल स्तर को बढ़ाना।
- पशुधन विकास (पोल्ट्री, गोट डेवलपमेंट)
- क्षमता निर्माण और महिला सशक्तिकरण तथा एसएचजी मजबूतीकरण के लिए सदस्यों को प्रशिक्षण।
- जीवनशैली कार्यक्रम जिसमें प्रमुख जोर सामुदायिक स्वास्थ्य पर है जिसके लिए नियमित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और निःशुल्क दवाईयों के वितरण के साथ स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते है, जिसके कारण क्षेत्र के समग्र विकास में मदद मिलती है।

श्रीमती अरुणा सुंदरराजन, सचिव इस्पात मंत्रालय भारत सरकार इंडियन इंटरनेशनल ट्रेड फेयर, दिल्ली में मॉयल के स्टॉल का भेंट देते हुए

- इन 21 गांवों में 100 नग बायोगैस वितरित किए गए और वर्मी कम्पोस्ट बेड्स से लिंक किए गए और किचन गार्डन का विकास किया गया।
- छात्रों में ई–लर्निंग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों में 21 ई–लर्निंग यूनिट उपलब्ध कराये गये है ।
- चयनित गांवों की 21 स्कूलों में इन्फ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट जैसे डेस्क और बेंच उपलब्ध कराये गये और साथ ही स्कूल लायब्रेरी के लिए पुस्तकें और खेल–कूद सामग्री उपलब्ध करायी गई । सोलार उर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी 21 गांवों में सोलार स्टडी लैंप वितरित किए गए। सभी 21 गांवों की आंगनवाड़ी में बेहतर स्वच्छता बनाये रखने के लिए वाटर फिल्टर और फ्लोर मैट उपलब्ध कराये गये।

इसके अतिरिक्त, कंपनी ने मॉयल खदानों के प्रचालन क्षेत्रों के आस–पास विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास कार्य जैसे गांव की सड़कों, सामुदायिक भवन का निर्माणकार्य, स्कूलों का नवीनीकरण, वृक्षारोपण के लिए सहयोग, इत्यादि को शुरू किया है। कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत आवष्यक वार्षिक रिपोर्ट अनुलग्नक–।।। के रूप में संलग्न की गई है।

सुक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम, 2006 से खरीदी

सुक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम, 2006 की आवश्यकता के अनुरूप और इस संदर्भ में केन्द्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पीएसयू को एमएसई द्वारा निर्मित विनिर्दिष्ट उत्पादों और प्रदान की गई सेवाओं की कुल वार्षिक खरीदी में से न्यूनतम 20 प्रतिशत खरीदी करना आवश्यक है। आगे, 20 प्रतिशत में से 4 प्रतिशत अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति उद्यमियों द्वारा संचालित एमएसई से खरीदी की जाएगी।

पीएसयू के लिए यह भी आवश्यक है कि अपने वार्षिक रिपोर्ट में उपरोक्त खरीदी के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों और प्राप्त उपलब्धियों का उल्लेख करें। इस संबंध में, यह उल्लेख करना है कि वर्ष 2015–16 के दौरान सामग्री की कुल खरीदी रू. 53.75 करोड़ (गत वर्ष रू. 57.62 करोड़) है, जिसमें से एमएसई (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति द्वारा संचालित एमएसई सहित) द्वारा सामग्री की खरीदी का कुल मूल्य रू. 17.07 करोड़ (गत वर्ष रू. 15.56 करोड़) है, जो एमएसई द्वारा निर्मित उत्पादों की कुल वार्षिक खरीदी का 31.75 प्रतिशत होता है।

इस प्रकार, कंपनी एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 की आवश्यकताओं का अनुपालन कर रही है। वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए उपरोक्त प्रथम पैराग्राफ में उल्लेख के अनुसार मॉयल ने एमएसएमई द्वारा निर्मित उत्पादों / प्रदान सेवाओं की अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा है।

हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम में श्री जी. पी. कुंदरगी भाषण देते हुए

हिन्दी का प्रगतिशील प्रयोग :

मॉयल में उसकी खदानों में करीब 97 प्रतिषत कार्य हिन्दी में किया जा रहा है। कंपनी के तकरीबन सभी कंप्यूटरों में यूनिकोड सिस्टम डाला गया है। कंपनी ने कंप्यूटरों में हिन्दी भाशा सॉफ्टवेयर का प्रावधान किया है तथा कर्मचारियों को इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि मॉयल के कर्मचारी इसका अपने रोजमर्रा के कार्यों में इस्तेमाल कर सके।

राजभाषा अधिनियम, 1963 के प्रावधानों के प्रसार एवं कार्यान्वयन के लिए कंपनी निरंतर निबंध लेखन, टिप्पण, आलेखन, कविता और लेखों जैसी विविध हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है तथा इसे विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित किया जाता है। कर्मचारियों को गृह मंत्रालय की "हिंदी शिक्षण योजना" के अंतर्गत पुनर्प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें 312 कर्मचारियों को प्राज्ञ (उच्च स्तर) का प्रशिक्षण पहले ही दिया जा चुका है, जो कंपनी में एक सतत प्रक्रिया है।

इस्पात मंत्रालय के सहयोग से, मॉयल ने दिल्ली में "हिन्दी संगोष्ठी" का आयोजन किया था, जिसमें 26 सीपीएसई के प्रतिनिधि और संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी और मंत्रालय के अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर ने हिन्दी के क्षेत्र में मॉयल द्वारा प्रकाशित गृह पत्रिका "संकल्प" और अन्य उत्कृष्ट कार्यो के लिए सराहना की है। समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए मॉयल अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को भेजता है। अन्य संस्थानों द्वारा हिन्दी में आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए कंपनी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करती है।

पुरस्कार और सराहना :

मॉयल देश के उन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में से एक है जिसे निरंतर उत्कृष्ट कार्य–निष्पादन के लिए जाना जाता है। आपकी कंपनी को लगभग सभी क्षेत्रों में अपने अच्छे कामों के लिए राष्ट्रीय/क्षेत्रीय सम्मान प्राप्त होते आ रहे है। कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त सम्मान में से कुछ का विवरण नीचे दर्शाए अनुसार है :

- खनन क्षेत्रों के लिए दो राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण पुरस्कार, उकवा खदान के लिए प्रथम पुरस्कार तथा कान्द्री खदान के लिए दूसरा पुरस्कार, राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण दिवस 2015 को माननीय उर्जा मंत्री के हाथों प्रदान किया गया।
- 2014–15 के लिए डीपीई द्वारा कारपोरेट गवर्नेन्स की उत्कृष्ट ग्रेडिंग।
- धातुयुक्त खदान सुरक्षा सप्ताह 2015 में आयोजित प्रतियोगिता में सर्वोत्तम प्राथमिक उपचार टीम (भूमिगत) के लिए चिखला खदान ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है।
- धातुयुक्त खदान सुरक्षा सप्ताह 2015 में आयोजित प्रतियोगिता में विंडर के साथ विस्फोटक भूमिगत खदानों के लिए चिखला खदान ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है।
- धातुयुक्त खदान सुरक्षा सप्ताह 2015 में आयोजित प्रतियोगिता में विंडर के साथ भूमिगत खदानों के खदान कार्य और वैधानिक सर्वेक्षण योजना के लिए चिखला खदान ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है।
- धातुयुक्त खदान सुरक्षा सप्ताह 2015 में आयोजित प्रतियोगिता में विंडर के साथ भूमिगत खदानों में वेंटिलेशन के लिए चिखला खदान ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है।
- एमईएमसी सप्ताह 2015–16 में आयोजित प्रतियोगिता में वनीकरण के लिए चिखला खदान ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है।
- एमईएमसी सप्ताह 2015–16 में आयोजित प्रतियोगिता में खनिज प्रबंधन और उप–श्रेणी के खनिज के लिए चिखला खदान ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है।

आदरणीय मंत्री श्री पियूष गोयल जी के हाथों से पुरस्कार लेते हुए मॉयल के सी. एम. डी. श्री जी. पी. कुंदरगी

- गोल्ड अवार्ड–सीसीक्यूसी–2015 क्वालिटी सर्कल फोरम, नागपुर चैप्टर द्वारा आयोजित, तिरोडी खदान के परख क्वालिटी सर्कल ने भी नेशनल कनवेंषन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स–एनसीक्यूसी –2015 में बेस्ट ऑफ द बेस्ट क्वालिटी सर्कल अवार्ड के लिए "मानिकगढ़ सीमेंट रोलिंग ट्रॉफी" प्राप्त की है।
- ईएमडी संयंत्र के अमन क्वालिटी सर्कल, डोंगरी बुजुर्ग खदान ने नेशनल कनवेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स – एनसीक्यूसी –2015 में मैरिट का अवार्ड प्राप्त किया है।

मनसर खान में निदेशकों का दौरा

निदेशक

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, श्री ए. के. झा, निदेशक (उत्पादन एवं आयोजना) ने महानंदी कोलफील्ड्स लि. (01.11.2015 से) के सीएमडी के रूप में कार्यभार संभालने के लिए कंपनी छोड़ दी है। उनके कार्यकाल के दौरान उनके अमूल्य योगदान और मार्गदर्शन के लिए मंडल ने अपने हार्दिक आभार को अभिलेखित किया है।

भारत सरकार ने वर्ष के दौरान मॉयल के मंडल में सुश्री संगीता गैरोला, सेवानिवृत्त भा.प्र.से. अधिकारी को स्वतंत्र निदेशक के रूप में तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया है, जो 26.11.2018 को समाप्त हो जाएगा।

सभी स्वतंत्र निदेशकों ने घोषणा पत्र दिया है कि वें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) के अंतर्गत और सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अंतर्गत निर्धारित स्वतंत्रता के मानदण्डों को पूरा करते है। स्वतंत्र निदेशक सामान्यतः तीन वर्ष के लिए नियुक्त किए जाते है और सुश्री संगीता गैरोला को छोड़कर, वर्तमान के सभी स्वतंत्र निदेशकों का कार्यकाल 17.11.2016 को समाप्त हो रहा है।

कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम (8) (5) (iv) के साथ पठित धारा 134 (3)(क्यू) के अंतर्गत मंडल ने अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, निदेशक (वित्त) जो कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) के रूप में भी पदनामित है और कंपनी सचिव का मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक के रूप में चयन किया है ।

नियुक्ति, कार्य–निश्पादन मूल्यांकन और पारिश्रमिक नीति

एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के कारण निदेशकों की नियुक्ति, कार्यकाल, कार्य–निष्पादन मूल्यांकन, पारिश्रमिक, इत्यादि भारत सरकार द्वारा किया/निर्धारित किया जाता है।

निदेशक मंडल और उसकी विभिन्न समितियों के पूर्णतः पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन के अंतर्गत कंपनी कार्य करती है। मंडल और समिति के निर्णय पूर्णकालिक निदेशकों और कंपनी के अधिकारियों द्वारा निष्पादित और कार्यान्वित किए जाते है। एक सरकारी कंपनी होने के नाते, मॉयल में सभी निदेशकों की नियुक्ति तथा नियुक्ति के नियम और शर्तों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है। इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक सहित कंपनी के कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति के पूर्व और बाद के कार्य–निष्पादन के मूल्याकंन के लिए एक अलग प्रणाली अपनाती है। अन्य सरकारी निदेषकों के कार्य–निश्पादन का मूल्यांकन केन्द्र/राज्य सरकार के उनके संबंधित मंत्रालयों द्वारा किया जाता है। इसे देखते हुए और इस तथ्य को देखते हुए कि कोई भी पुनः मूल्यांकन अनुत्पादक हो सकता है, कंपनी ने अपना कार्य–निष्पादन कंपनी के प्रचालन प्रदर्शन, परिणामी उपलब्धियों और लक्ष्यों के प्रति कार्यों तक सीमित रखा है। इन मापदण्डों से, बाजार की संपूर्ण अवस्था और मैंगनीज अयस्क की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद कंपनी और उसके निदेशक मंडल का कार्य–निष्पादन बहुत अच्छा रहा है। इसके अलावा, भारत सरकार ने भी एक यंत्रणा स्थापित की है, जिसके माध्यम से एमओयू में निर्धारित विभिन्न मानदण्डों के आधार पर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कंपनी के कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन किया जाता है।

अधिकारियों का पारिश्रमिक वेतन संशोधन पर सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार तय किया जाता है और कंपनी के अन्य कर्मचारियों का पारिश्रमिक उनकी यूनियन के साथ समय–समय पर किए गए वेतन समझौता अनुबंध के अनुसार निर्धारित किया जाता है। कर्मचारियों की नियुक्ति/पदोन्नति, इत्यादि मंडल द्वारा अनुमोदित भर्ती और पदोन्नति नीति के अनुसार की जाती है।

जोखिम प्रबंधन नीति :

मॉयल मानता है कि किसी भी व्यवसायिक गतिविधि में जोखिम निहित होता है और जोखिम का प्रभावी रूप से प्रबंधन कंपनी की तत्काल और भावी सफलता के लिए महत्वपूर्ण होता है। कंपनी की जोखिम प्रबंधन नीति एक प्रणाली को स्थापित करती है जो जोखिमों की देखरेख, भौतिक व्यापार जोखिमों के प्रबंधन में मदद करती है और कंपनी के आंतरिक नियंत्रण में भी मदद करती है। इसे कंपनी की वेबसाइट www.moil.nic.in में भी अपलोड किया गया है।

निदेशकों का उत्तरदायित्व संबंधी कथन :

आपके निदेशक कहते है कि :

(i) वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन किया गया है और इसमें कोई भौतिक विचलन नहीं है।

(ii) उन्होंने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उन्हें दृढ़तापूर्वक लागू किया है तथा उसके आधार पर निर्णयों को लिया एवं आंकलन किया है, जो कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की स्थिति और उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के लाभ–हानि की सही और निष्पक्ष तस्वीर पेष करने में सक्षम थी।

(iii) उन्होंने कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा के लिए तथा धोखाधड़ी या अन्य अनियमितताओं का पता लगाने और रोकथाम के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसरण में यथोचित लेखांकन अभिलेखों के रखरखाव के लिए समुचित और पर्याप्त सावधानी बरती है।

गुढ़ी गाव के ग्रामस्थों के साथ वार्तालाप करते हुए श्रीमती उर्मिला खाती, संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय एवं श्री जी. पी. कुंदरगी सी. एम. डी. अन्य अधिकारीयों के साथ

(iv) उन्होंने एक लाभकारी प्रतिष्ठान के आधार पर वित्तीय विवरणों को तैयार किया है।

(v) उन्होंने कंपनी द्वारा अनुपालित किए जाने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को रखा है और इस तरह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त है और प्रभावी तरीके से संचालित हो रहे है।

(vi) उन्होंने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली बनाई है और इस तरह की प्रणाली पर्याप्त है और प्रभावी तरीके से संचालित हो रहीहै।

सांविधिक लेखा परीक्षक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अनुसार मेसर्स जे. एस. उबेरॉय एण्ड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटंट्स, नागपुर को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वर्ष 2015–16 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखा–परीक्षक के रूप में नियुक्त किया है। अधिनियम की धारा 143 की उप–धारा (12) के अंतर्गत कंपनी के लेखा–परीक्षकों द्वारा किसी भी प्रकार की धोकाधड़ी को रिपोर्ट नहीं किया गया है। सांविधिक लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट संलग्न है, जो स्वयं स्पष्ट है।

बालाघाट खान में 13.5 लेवल का उद्घाटन करते हुए सचिव, इस्पात मंत्रालय

सचिवीय लेखा परीक्षक

वर्ष 2015–16 के लिए मंडल ने मेसर्स ए. मेहता एण्ड कंपनी, इंदौर को सचिवीय लेखा–परीक्षक के रूप में नियुक्त किया है। उनकी रिपोर्ट संलग्न है, जो स्वतः स्पष्ट है। वर्ष के दौरान कंपनी के मंडल की संरचना के अतिरिक्त रिपोर्ट में कोई अन्य पात्रता नहीं है। हालांकि कंपनी 31 मार्च, 2016 की आवश्यकता के अनुपालन में है। एक सरकारी कंपनी होने के कारण सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। मंडल का यह मानना है कि जब कभी आवश्यकता होगी, भारत सरकार मॉयल के मण्डल में निदेशकों की अपेक्षित संख्या में नियुक्ति करेगी।

संबंधित पार्टी गतिविधि

कंपनी ने कोई भौतिक रूप से महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी संव्यवहार नहीं किया है, जो बड़े पैमाने पर कंपनी के हितों के साथ संभावित संघर्ष निर्माण कर सकता है। फिर भी, संबंधित पार्टीयों के साथ संव्यवहार के बारे में लेखा के नोट क्र. 1.2 के मद क्र. 11 में प्रकट किया गया है। अतः कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8 के साथ पठित धारा 134 (3) में निर्धारित प्रपत्र एओसी–2 में कोई प्रकटीकरण नहीं किया गया है। कंपनी में संबंधित पार्टी संव्यवहार नीति है और इसे अपनी वेबसाइट www.moil.nic.in पर अपलोड किया गया है।

सतर्कता तंत्र

कंपनी में एक व्हीसल ब्लोअर नीति है और इसे अपनी वेबसाइट www.moil.nic.in पर अपलोड किया गया है। किसी भी अनैतिक व्यवहार, वास्तविक या संदिग्ध धोकाधड़ी अथवा कंपनी की आचार संहिता या नैतिकता नीति के उल्लंघन की निगरानी के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) की अध्यक्षता में कंपनी का एक सक्षम और स्वतंत्र सतर्कता विभाग है। सभी कार्मिक अपनी शिकायतों इत्यादि

के लिए सतर्कता विभाग का उपयोग कर रहे है। सतर्कता तंत्र निदेशकों और कर्मचारियों के लिए वास्तविक कठिनाईयों को सूचित करने के लिए स्थापित किया गया हैं। सतर्कता तंत्र व्यक्तियों को अत्याचार के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करता है, जो इस प्रकार का तंत्र इस्तेमाल करते है।

लागत अंकेक्षण

दिनांक 31.03.2016 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी द्वारा रखे गए लागत लेखांकन अभिलेखों का अंकेक्षण करने के लिए कंपनी के लागत अंकेक्षक के रूप में मेसर्स उज्ज्वल पी. लोया एण्ड कंपनी, नागपुर को कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार और इसके अंतर्गत नियमों के अनुसार नियुक्त किया गया है। 31.03.2016 को समाप्त वर्ष के लिए लागत अंकेक्षण रिपोर्ट दाखिल करने की नियत तिथि दिनांक 27 सितम्बर, 2016 है। निर्धारित समय–सीमा के भीतर रिपोर्ट को प्रस्तुत कर दिया जाएगा। कारपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा निर्धारित किए अनुसार वर्ष 2014–15 के लिए लागत अंकेक्षण रिपोर्ट और अनुपालन रिपोर्ट समय–सीमा के भीतर दाखिल की गई।

समेकित वित्तीय विवरण

आपकी कंपनी की कोई सहायक कंपनी नहीं है। हालांकि, उसके रिनमॉयल फेरो अलॉय प्रा. लि. और सेल एण्ड मॉयल फेरो अलॉय प्रा. लि. नामक दो संयुक्त उपक्रम है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(3) के प्रावधानों के अनुसरण में विधिवत अंकेक्षित समेकित वित्तीय विवरणों को आवश्यक टिप्पणियों, अनुलग्नकों और प्रकटीकरणों के साथ संलग्न किया है, जैसा कि लागू और आवश्यक है।

अन्य प्रकटीकरण :

(i) अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी आत्मसात आदि का विवरण : कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3)(एम) के प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी आत्मसात आदि से संबंधित विवरण इस रिपोर्ट के साथ अनुलग्नक–।। के रूप में संलग्न है, जो इस रिपोर्ट का एक भाग है।

(ii) विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय : कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान मैंगनीज अयस्क या इसके अन्य उत्पादों का कोई निर्यात नहीं किया है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने रू. 33.50 लाख का व्यय विदेशी मुद्रा में किया है, जबकि गत वर्ष रू. 33.40 लाख किया गया था।

केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर, इस्पात एवं खान मंत्रालय, बंगलूरू में मॉयल पॅविलियन में, साथ में सचिव, खान मंत्रालय श्री. बलविंदर कुमार, मॉयल सी. एम.डी. श्री जी. पी. कुंदरगी, सी. एम. डी. केआयओसीएल श्री मलय चटर्जी और सी. एम. डी. एमईसीएल श्री. गोपाल धवन

(iii) कर्मचारियों का विवरण : कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 और समय–समय पर संशोधनों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) के दायरे में कोई कर्मचारी शामिल नहीं है।

(iv) जमा : समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मॉयल ने अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कोई सावधि जमा स्वीकार नहीं किया है।

(v) ऋण, प्रत्याभूत और निवेश : अधिनियम की धारा 186 के अंतर्गत कोई भी ऋण, प्रत्याभूत या निवेा नहीं है।

(vii) लेखा परीक्षा समिति की संरचना : लेखा परीक्षा समिति की संरचना के बारे में विवरण निगमित अधिशासन की रिपोर्ट के खण्ड क्र. 3.1 (ए) में उल्लेखित किया गया है, जो मण्डल की इस रिपोर्ट का एक भाग है।

(viii) मंडल की बैठको की संख्या : इस संबंध में विवरण के लिए निगमित अधिशासन की रिपोर्ट के खण्ड क्र. 2.2 में दिया गया है, जो मण्डल की इस रिपोर्ट का एक भाग है।

(ix) वार्षिक विवरणी का उद्धरण : कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 12 (1) के अनुसरण में दिनांक 31.03.2016 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष को वार्षिक विवरणी (प्रपत्र एमजीटी–9) का एक उद्धरण अनुलग्नक–iv में संलग्न किया गया है।

कागजों की बचत करने के लिए और सरकार की हरित पहल में योगदान देने के लिए कंपनी संक्षिप्त वित्तीय विवरण (एओसी–3) को भेजने के विकल्प का चयन कर रही है।

संदिग्ध लेखा में अंशों का विवरण :

संदिग्ध लेखा में अंशों का विवरण इस प्रकार है :

विवरण	अंशधारकों की संख्या	अंशों की संख्या
दिनांक 31.03.2015 को संदिग्ध लेखा में कुल अंशधारकों की संख्या और लंबित अंशों की संख्या	14	238
वर्ष के दौरान संदिग्ध लेखा से अंशों का अंतरण करने के लिए संपर्क करने वाले अंशधारकों की संख्या	02	34
वर्ष के दौरान संदिग्ध लेखा से जिन्हें अंशों का अंतरण किया गया उन अंशधारकों की संख्या	02	34
बिना दावे के संदिग्ध लेखा को अंतरित अंश	0	0
दिनांक 31.03.2016 को संदिग्ध लेखा में कुल अंशधारको की संख्या और लंबित अंशों की संख्या	12	204

31.03.2016 को संदिग्ध लेखा में इस तरह के शेयरों पर इसके वास्तविक हकदार जब तक अपना दावा नहीं करते तब तक इन शेयरों पर मतदान का अधिकार नहीं रहेगा।

समझौता ज्ञापन (एमओयू)

मॉयल 20 वर्षों से अधिक समय से इस्पात मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर रहा है। समझौता ज्ञापन विभिन्न लक्ष्यों और प्रदर्शन के मानदण्डों को निर्धारित करता है, जो वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद वास्तविक उपलब्धियों पर निर्धारित किए जाते है। वर्ष 1995–96 से कंपनी लगातार उत्कृष्ट रेटिंग प्राप्त कर रही है। आपकी कंपनी ने एक बार फिर 20वें वर्ष में 2014–15 के लिए उत्कृष्ट रेटिंग प्राप्त की है। 2015 –16 की रेटिंग अभी तक जारी नहीं की गई है। परंपरा को कायम रखते हुए मॉयल वर्ष 2016–17 के लिए इस्पात मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगा।

श्रीमती अरूणा सुंदरराजन, सचिव इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार साथ में श्री जी. पी. कुंदरगी सी. एम.डी., श्री एम. पी. चौधरी एवं श्री दिपांकर सोम

निगमित अधिशासन :

कंपनी निगमित अधिषासन के उच्च मानकों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। निगमित अधिशासन पर एक भाग अलग से जोड़ा गया है और अनुलग्नक–V के रूप में संलग्न है, जो मण्डल की रिपोर्ट का एक भाग है। निगमित अधिशासन का प्रमाणपत्र भी निगमित अधिशासन की रिपोर्ट के साथ संलग्न किया गया है, जो स्वयं स्पष्ट है। वर्ष के दौरान कंपनी के मंडल की संरचना के अतिरिक्त रिपोर्ट में कोई अन्य पात्रता नहीं है। हालांकि कंपनी 31 मार्च, 2016 की आवश्यकता के अनुपालन में है। एक सरकारी कंपनी होने के कारण सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। मंडल का यह मानना है कि जब कभी आवश्यकता होगी, भारत सरकार मॉयल के मण्डल में निदेशकों की अपेक्षित संख्या में नियुक्ति करेगी।

प्रबंधन विवेचन तथा विश्लेषण :

प्रबंधन विवेचन तथा विश्लेशण पर एक रिपोर्ट अनुलग्नक– vi में प्रस्तुत की गई है।

औद्योगिक संबंध :

वर्ष 2015–16 के दौरान मॉयल में औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण रहा। कंपनी में इस दौरान कोई भी काम बंद अथवा श्रम आंदोलन की घटना नहीं हुई। बेहतर उत्पादन और उत्पादकता की गति को बनाए रखा गया। संगठन के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए तथा शिकायतों के निवारण हेतु शीघ्र निर्णय लेने के लिए खदान स्तर और कारपोरेट स्तर पर विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जो संतोाजनक रूप से कार्य कर रही है।

अंशों का बायबैक :

कंपनी के निदेशक मण्डल ने दिनांक 7 जून, 2016 को आयोजित अपनी बैठक में रू. 863,34,24,739 से अनधिक कुल प्रतिफल के लिए नकद में देय रू. 248 प्रति शेयर के मूल्य पर 3,48,12,196 से अनधिक इक्विटी शेयरों को (कुल इक्विटी शेयरों की संख्या के 20.72 प्रतिशत) अपने रू. 10 प्रति पूर्णतः प्रदत्त इक्विटी शेयरों के बायबैक ऑफर को सर्वसम्मति से मंजूर किया है। बायबैक कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी (प्रतिभूतियों का बायबैक) विनियमन, 1998 में समाविष्ट प्रावधानों के अनुसार है।

भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार ने भी शेयरों के प्रस्तावित बायबैक में हिस्सा लेने के लिए अपनी मंशा प्रस्तुत की है। कंपनी शेयरों के बायबैक को कार्यान्वित करने के लिए अगले कदम उठा रही है।

आभार ज्ञापन :

आपके निदेशक, भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की राज्य सरकार, कंपनी के अंशधारकों, बैंकर्स, मूल्यवान ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और सभी पणधारियों द्वारा दिए गए सहयोग, समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त करते है।

कंपनी के कर्मचारी उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रयासों में अपनी पूर्णतः प्रतिबद्धता के साथ लगातार कार्य कर रहे है। आपके निदेशक इस अवसर पर उन कर्मचारियों के बहुमूल्य योगदान के लिए उनकी सराहना करते है तथा आशा करते है कि आने वाले वर्षो में भी वे इसी उत्साह एवं समर्पण की भावना से काम करेंगे ताकि कंपनी को और अधिक उंचाइयों पर ले जाया जा सके।

निदेशक मंडल की ओर से

जी. पी. कुंदरगी
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

दिनांक : 27 जून, 2016
स्थान : भोपाल

निदेशकों का मॉयल के जि. देवास (मध्यप्रदेश) स्थित पवन चक्की संयंत्र का दौरा

अनुलग्नक –I

प्रपत्र संख्या एओसी. 1

सहायक / सहयोगी कंपनियों / संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरण की प्रमुख विशेषताओं को दर्शाता विवरण (कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित धारा 129 की उप–धारा (3) के प्रथम परंतुक के अनुसरण में)

भाग "ए" : सहायक कंपनियाँ

(राशि रू.में)

क्र.सं.	विवरण	ब्योरा
1	सहायक कंपनी का नाम	लागू नहीं, क्योंकि कोई सहायक कंपनी नहीं है।
2	संबंधित सहायक कंपनी के लिए रिपोर्टिंग अवधि, यदि धारित कंपनी की रिपोर्टिंग अवधि से अलग हो	
3	विदेशी सहायक कंपनियों के मामले में संबंधित वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख को रिपोर्टिंग करेन्सी और एक्सचेंज रेट	
4	शेयर पूँजी	
5	रिजर्व और अधिशेष	
6	कुल संपत्तियाँ	
7	कुल देयता	
8	निवेश	
9	कारोबार	
10	कर पूर्व लाभ	
11	कर के लिए प्रावधान	
12	कर पश्चात लाभ	
13	प्रस्तावित लाभांश	
14	शेयर धारण का प्रतिशत	

मेसर्स जे. एस. उबेरॉय एण्ड कंपनी के लिए

सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या 111107डब्लू

सी.ए. अमरजीत सिंह संधु
भागीदार
सदस्यता क्र. 108665

नीरज पाण्डेय
कंपनी सचिव

मुकुंद पी. चौधरी
निदेशक (वित्त)

नितीन पी. काजरेकर
उपमहाप्रबंधक (वित्त)

जी. पी. कुंदरगी
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

स्थान : भोपाल
दिनांक : 27 जून, 2016

भाग "बी" संयुक्त उद्यम

संयुक्त उद्यमों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(3) के अनुसरण में विवरण

क्र. सं.	संयुक्त उद्यमों के नाम	सेल एण्ड मॉयल फेरो अलॉय प्राइवेट लिमिटेड	रिनमॉयल फेरो अलॉय प्राइवेट लिमिटेड
1	नवीनतम अंकेक्षित तुलन–पत्र की तारीख	31.03.2016	31.03.2016
2	समाप्त वर्ष को कंपनी द्वारा धारित संयुक्त उद्यमों के शेयर		
	शेयरों की संख्या	1,00,000	1,00,000
	संयुक्त उद्यम में निवेश की राशि	रू. 10,00,000	रू. 10,00,000
	धारणाधिकार का प्रतिशत	50 प्रतिशत	50 प्रतिशत
3	महत्वपूर्ण प्रभाव का विवरण	लागू नहीं	लागू नहीं
4	संयुक्त उद्यम समेकित नहीं होने का कारण	लागू नहीं, क्योंकि समेकन का विचार किया गया है ।	लागू नहीं, क्योंकि समेकन का विचार किया गया है ।
5	नवीनतम अंकेक्षित तुलन–पत्र के अनुसार शेयर धारिता की निर्धारणयोग्य नेटवर्थ	(147.97) लाख	9.69 लाख
6	वर्ष के दौरान लाभ / (हानि)	(41.74) लाख	–
7	समेकन के लिए विचार किया	(20.87) लाख	–
8	समेकन के लिए विचार नहीं किया	(20.87) लाख	–

टिप्पणी :

1. कोष्ठक में दर्षाए गए अंक हानि को दर्शाते है ।
2. उपर्युक्त उल्लेखित दोनों संयुक्त उद्यम कंपनियों ने वाणिज्यिक प्रचालन शुरू नहीं किया है ।

मेसर्स जे. एस. उबेरॉय एण्ड कंपनी के लिए

सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या 111107डब्लू

नीरज पाण्डेय
कंपनी सचिव

नितीन पी. काजरेकर
उपमहाप्रबंधक (वित्त)

सी.ए. अमरजीत सिंह संधु
भागीदार
सदस्यता क्र. 108665

मुकुंद पी. चौधरी
निदेशक (वित्त)

जी. पी. कुंदरगी
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

स्थान : भोपाल
दिनांक : 27 जून, 2016

अंशधारकों के लिए मण्डल की रिपोर्ट – अनुलग्नक– II

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (एम) के अंतर्गत जरूरी उर्जा का संरक्षण और प्रौद्योगिकी आत्मसात के संबंध में विवरणों का प्रकटीकरण

(ए) उर्जा का संरक्षण

क्रम संख्या	विवरण	ब्योरा	
1	उर्जा के संरक्षण के लिए उठाए गए कदम या प्रभाव	उर्जा खपत के नियंत्रण और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने अपने सभी खदानों और संयंत्रों के लिए मान्यताप्राप्त उर्जा अंकेक्षक द्वारा उर्जा अंकेक्षण किया। अंकेक्षकों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का कार्यान्वयन के लिए अध्ययन किया जा रहा है। इसका प्रभाव निर्धारित समय में पता चलेगा।	
2	उर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का उपयोग करने के लिए कंपनी द्वारा उठाए गए कदम	मण्डल ने रू. 32.18 करोड़ की कुल लागत से मध्यप्रदेश की खदानों में 5.50 मे.वॉ. सोलार पावर प्रोजेक्ट तथा रू. 29.65 करोड़ की कुल लागत से महाराष्ट्र की खदानों में 5.00 मे.वॉ. सोलार पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने का अनुमोदन प्रदान किया गया है, जो इन दोनों राज्यों में खदानों और संयंत्रों में उर्जा के कैप्टिव इस्तेमाल के लिए है। खरीदी और स्थापना से संबंधित कार्य प्रक्रिया में है।	
		नागपुर के कारपोरेट कार्यालय में 48 के.वी. क्षमता के रूफ टॉप सोलार पावर सिस्टम की स्थापना के लिए कार्य–आदेश पहले ही जारी किया जा चुका है ।	
		मौजूदा इनडोर लाइटों को एलईडी लाइटों से बदलने का कार्य प्रक्रिया में है ।	
3	उर्जा संरक्षण उपकरणों पर पूँजीगत निवेश (प्रक्रिया में)	कार्य का विवरण	निवेश (लाख रू. में)
		बालाघाट, उकवा, डोंगरी बजुर्ग और तिरोडी खदान के लिए एपीएफसी पैनल की खरीदी	32.70
		बालाघाट खदान में 2X250 के वी ए आर एच टी कैपेसिटर बैंक की स्थापना	19.00
		नागपुर के कारपोरेट कार्यालय में मौजूदा इनडोर लाइटों को एलईडी लाइटों से बदलना	24.00
		कुल निवेश	75.70

(बी) प्रौद्योगिकी आत्मसात

(1) कंपनी के अनुसंधान और विकास (आर एण्ड डी) गतिविधियों के अंतर्गत किए गए प्रयासों और इससे उत्पन्न फायदे इस प्रकार है :

क्र.सं.	क्षेत्र	उत्पन्न फायदे
1	खदान पर्यावरण	गुमगांव और मनसर खदान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर द्वारा गहरे स्तरों के लिए वेन्टीलेशन पुर्नसंगठन अध्ययन किया गया। गुमगांव खदान में एक्जास्ट फैन की जगह बदली गई। इससे भूमिगत भागों की उत्पादकता और वेन्टीलेशन में सुधार आया है।
2	खदान प्रौद्योगिकी	उकवा खदान में मायनिंग विभाग, इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स (आयएसएम), धनबाद द्वारा मैकेनाइज्ड स्टोपिंग ऑपरेशन पर वैज्ञानिक अध्ययन किया गया। उकवा खदान में स्टोपिंग ऑपरेशन के लिए यह परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। इससे भूमिगत उत्पादन में सुधार में मदद मिलेगी।
3	धातुकार्मिक अध्ययन	बालाघाट खदान के हाय कार्बन फेरो मैंगनीज (एचसीएफईएमएन) अलॉय की उत्पाद गुणवत्ता में सुधार के लिए एचसीएफईएमएन अलॉय के डी–फॉस्फोरेशन के लिए सीएसआयआर–नैशनल मेटालर्जिकल लेबॉरेटरी (एनएमएल) में बेंच स्केल पर प्रोसेस फ्लो स्टडीज की जा रही है।
4	खनिज प्रसंस्करण	अस्वीकृत खनिज के इस्तेमाल के लिए मॉडर्न मिनरल प्रोसेसिंग लॅबारेटरी और पायलट प्लांट, इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स द्वारा उकवा खदान के अस्वीकृत ब्लैक डम्प मैंगनीज का बेंच स्केल प्रसंस्करण अध्ययन किया जा रहा है।

5	खनिज संरक्षण	चिखला खदान के लिए नैषनल इन्स्टिट्यूट ऑफ रॉक मैकेनिक्स (एनआयआरएम), केजीएफ द्वारा मूल्यवान खनिज के संरक्षण और भूमिगत खदान के कार्यों में बेहतर सुरक्षा के लिए, भूमिगत स्टोपिंग के लिए नये स्टोप डिजाइन पैरामीटर तैयार किए जा रहे है। इनसीटू पीलर में ब्लॉक खनिज को कम करने में मदद मिलेगी।
6	खदान सुरक्षा (स्टोप डिजाइन)	बेहतर सुरक्षा और उत्पादकता के लिए मनसर खदान में एनआयआरएम द्वारा यांत्रिकीकृत सपोर्ट सिस्टम के लिए स्टोप डिजाइन किया जा रहा है।
7	खदान सुरक्षा (रॉक मैकेनिक्स उपकरण)	सेन्ट्रल इन्स्टिट्यूट ऑफ मायनिंग एण्ड फ्यूल रिसर्च (सीआयएमएफआर), नागपुर के साथ सहयोग में स्ट्रैन बार की मदद से बालाघाट खदान में 12वॉ लेवल रॉक मैकेनिक्स इन्स्ट्रूमेंटेशन से नीचे 30 मीटर से 45 मीटर तक स्तर अंतराल में वृद्धि की गई है तथा भूमिगत कार्यों में सुरक्षा के लिए डाटा मॉनिटरिंग की जा रही है।
8	सतत विकास रूपरेखा (पर्यावरण)	सतत विकास रूपरेखा (एसडीएफ) के लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ सायन्स एण्ड टेक्नॉलॉजी (आयआयएसटी) शिबपुर द्वारा डोंगरी बजुर्ग ओपनकास्ट खदान के लिए माइन क्लोजर प्लान का वैज्ञानिक मूल्यांकन तैयार किया जा रहा है। इससे आस–पास के गांवों में विकास के लिए मदद मिलती है।
9	भूमिगत यांत्रिकीकरण	बालाघाट खदान में ड्रिफ्ट डेवलपमेंट के लिए जम्बो ड्रिल मशीन – सिंगल बूमर इलेक्ट्रो–हायड्रोलिक ड्रिलिंग मशीन और लोड हॉल और डम्प मशीन प्रस्तुत की गई है। इंडियन इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी (आईआईटी), खड़गपुर द्वारा वैज्ञानिक अन्वेषण किया जा रहा है। इससे बालाघाट खदान में भूमिगत हेडिंग्स के तेजी से विकास, स्टोप उत्पादकता और सुरक्षा में मदद मिलेगी।
10	गुरूत्वाकर्षण–चुंबकीय पद्धति द्वारा भू–भौतिकीय पूर्वेक्षण से खनन	नैशनल जियोग्राफिकल रिसर्च इन्स्टीट्यूट (एनजीआरआय), हैदराबाद द्वारा महाराष्ट्र राज्य के नागपुर और भंडारा जिले के प्रॉस्पेक्टिंग लायसंस क्षेत्रों में मैंगनीज अयस्क के भंडार / संसाधनों की हाय–स्पीड खनन के लिए ग्रैविटी और मैगनेटिक पद्धति द्वारा जियो–फिजिकल प्रॉस्पेक्टिंग किया जा रहा है ।
11	अयस्क भंडार का खनन	यह एक निरंतर प्रक्रिया है जिसके द्वारा कंपनी की स्वयं की कोर ड्रिलिंग मशीनों के द्वारा कोर ड्रिलिंग होल ड्रिलिंग गवेषण से अयस्क भंडार और पट्टा क्षेत्रों के आसपास गवेषण किया जाता है। इसके अलावा, गहरे अन्वेशण आउटसोर्सिंग के द्वारा किए जाते है। इस प्रक्रिया से कंपनी प्रतिवर्ष अयस्क भंडारों/संसाधनों को जोड़ रही है।
12	सीमेंट कान्क्रिट में सुरक्षा	भूमिगत ड्रिफ्ट कान्क्रिट कार्य के लिए प्री–कास्ट आरसीसी कॉलम और बीम तैयार किए गए है। इससे सुरक्षा मानकों में सुधार आया है और भूमिगत ड्रिफ्ट में कान्क्रिट सपोर्ट को स्थापित करने का समय कम हुआ है।
13	रेती की वैकल्पिक भरण सामग्री के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान	वीएनआईटी, नागपुर के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजना जारी है। वीएनआईटी परिसर में आगे के अध्ययन के लिए पायलट हायड्रोलिक स्टोइंग प्लांट शुरू किया गया है। यह खदानों में स्टोइंग के लिए रेती की बजाय अन्य वैकल्पिक सामग्री प्रदान करेगा।
14	अंतर्गत अनुसंधान एवं विकास अध्ययन	भरण सामग्री के रूप में रेती की जगह मलाजखण्ड कॉपर प्रोजेक्ट की बॉटम ॲश और मिल टेलिंग का उकवा खदान में प्रायोगिक आधार पर हाइड्रोलिक स्टोइंग में इस्तेमाल किया जा रहा है।
15	एक्सआरएफ एनालाइजर	कंपनी ने खदानों एवं नागपुर स्थित निगमित कार्यालय में सफलतापूर्वक एक्सआरएफ विश्लेषक मशीन को लगा लिया है। इससे ग्राहक समाधान में सुधार हुआ है।
समग्र रूप से उपर्युक्त के परिणामस्वरूप प्रयास खनन प्रचालनों में सुरक्षा और उत्पादकता में सुधार को दर्षाते है। इस विकास के साथ भूमिगत में रैपिड मायनिंग टेक्नॉलॉजी जैसे डेवलपमेंट हेडिंग्स में लॉन्ग होल ड्रिलिंग, एसडीएल द्वारा स्टोप्स में आरओएम की मैकेनिकल हॅण्डिंग, एलएचडी द्वारा वेस्ट हैण्डलिंग प्रस्तुत की गई है। भू–भौतिकीय पूर्वेक्षण द्वारा खनन ने नये पट्टों में कोर ड्रिलिंग के लिए नये आयाम दिये है।		
(ii)	आयातित प्रौद्योगिकी का विवरण	शून्य
(iii)	अनुसंधान एवं विकास पर खर्च (करोड़ रू. में)	7.33

अनुलग्नक – III

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट

1. कंपनी की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा, जिसमें परियोजनाओं का अवलोकन या आयोजित किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम और सीएसआर नीति और परियोजनाओं या कार्यक्रमों का वेबलिंक से सदंर्भ शामिल है।

मॉयल में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व एक निरंतर प्रक्रिया है। मॉयल पिछले 6–7 वर्षों से एक कृतसंकल्प तरीके से सीएसआर गतिविधियों को चला रहा है। कंपनी ने एक सीएसआर नीति बनाई है जिसे निदेशक मण्डल द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में सीएसआर के अंतर्गत कई योजनाएं चलाई जा रही है और कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित शामिल है :

- शिक्षा और कौशल विकास की पहल के रूप में कंपनी पांच स्कूलों को सहयोग कर रही है। मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में दो स्कूल और महाराष्ट्र के भंडारा जिले में तीन स्कूल। दोनों जिले भारत के पिछड़े जिलों में अधिसूचित है। स्कूल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है जो आस–पास के क्षेत्रों के गांवों के निवासी है और ज्यादातर गरीब परिवारों से आते है।
- कंपनी ने दूर–दराज क्षेत्रों में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए 25 बोरवेल का निर्माण किया है।
- कंपनी का एनजीओ सूरज आय इन्स्टिट्यूट के साथ गठबंधन है और अपने लाइट टू लाइव्स कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क मोतिया बिन्दु सर्जरी की जाती है तथा जरूरतमंद ग्रामीण निर्धनों के लिए 1350 मोतियाबिन्दु शस्त्रक्रिया और 150 पीडियाट्रिक आय सर्जरी की गई है इसके साथ ही लता मंगेशकर हॉस्पिटल, नागपुर के माध्यम से 500 मोतियाबिन्दु सर्जरी भी की गई है।
- कंपनी ने मॉयल फाउंडेशन नामक एक संस्था की स्थापना की है जो संस्था पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है तथा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के लिए बीएआयएफ के एक सहयोगी संगठन महाराष्ट्र इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी ट्रान्सफर फॉर रूरल एरिया (मित्रा) के साथ एमओयू किया है। यह परियोजना ग्रामीण स्तर पर बेहतर जीवन शैली के लिए संसाधनों के विकास के लिए प्रयास करेगी। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के लिए मॉयल खदानों के आस–पास में 21 गांवों का चयन किया गया है, जिसमें महाराष्ट्र के नागपुर जिले में 5 गांव, भंडारा जिले में 11 गांव और मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में 5 गांव शामिल है। गांव के संसाधनों के विकास के लिए एक व्यापक मायक्रो प्लान तैयार किया गया है।

  सामुदायिक विकास कार्यक्रम के प्रमुख क्षेत्र निम्नप्रकार है :

  - कृषि विकास, (मृदा परीक्षण, सॉयल हैल्थ कार्ड, कम्पोस्टिंग पद्धतियों को बढ़ावा, गन्ने की खेती, फसल विविधीकरण, धान में एसआरआय इत्यादि)
  - जल संसाधन विकास के अंतर्गत पीसीडी ढांचों के नूतनीकरण और कुओं के गहरीकरण द्वारा भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने पर विशेष जोर है।
  - पशुधन विकास (पोल्ट्री और गोट विकास)
  - क्षमता निर्माण द्वारा महिला सशक्तीकरण तथा एसएचजी मजबूतीकरण के लिए एसएचजी सदस्यों को प्रशिक्षण।
  - जीवन–शैली कार्यक्रम जिसमें प्रमुख जोर सामुदायिक स्वास्थ्य पर है और जिसके लिए नियमित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और निःशुल्क दवाईयों के वितरण के साथ स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किए गए, जिसके कारण क्षेत्र के समग्र विकास में मदद मिली है। इन 21 गांवों में 100 नग बायोगैस वितरित किए गए और वर्मी कम्पोस्ट बेड्स से लिंक किए गए और किचन गार्डन का विकास किया गया। 2016–17 में अन्य 363 बायोगैस यूनिटों का वितरण करने का प्रस्ताव है।
  - गांव की स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए छात्रों में ई–लर्निंग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों में 21 ई–लर्निंग यूनिट उपलब्ध कराये गये। चयनित गांवों की 21 स्कूलों में इन्फ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट जैसे डेस्क और बेंच उपलब्ध कराये गये और साथ ही स्कूल लायब्रेरी के लिए पुस्तकें और खेल–कूद सामग्री उपलब्ध करायी गई। सोलार उर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी 21 गांवों में सोलार स्टडी लैंप वितरित किए गए। सभी 21 गांवों की आंगनवाड़ी में बेहतर स्वच्छता बनाये रखने के लिए वाटर फिल्टर और फ्लोर मैट उपलब्ध कराये गये।
  - कंपनी का नागपुर में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम का स्थापना कार्य शुरू करने का प्रस्ताव है, यह परियोजना भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है।
  - मॉयल खदानों के प्रचालन क्षेत्रों के आस–पास कंपनी ने विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास कार्य जैसे गांव की सड़कों का निर्माणकार्य, सामुदायिक भवन, स्कूलों का जिर्णोद्धार, वृक्षारोपण में सहयोग इत्यादि को शुरू किया है।

  वेब लिंक : http://moil.nic.in/writereaddata/PDF/CSR_and_Sustainability_Policy_of_MOIL.pdf

2. **निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति की संरचना (31.03.2016 को)**

1	श्री जी. एस. ग्रोवर	स्वतंत्र निदेशक – अध्यक्ष
2	सुश्री सुनंदा प्रसाद	स्वतंत्र निदेशक – सदस्य
3	सुश्री संगीता गैरोला	स्वतंत्र निदेशक – सदस्य
4	श्री एम. पी. चौधरी	निदेशक(वित्त) – सदस्य

3. **पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कंपनी का औसत शुद्ध लाभ** : रू. 686.19 करोड़ (लगभग)

4. **निर्धारित सीएसआर व्यय** : रू. 13.75 करोड़ (लगभग) (अर्थात् पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का 2 प्रतिशत)

5. **वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान सीएसआर गतिविधियों का विवरण** :

(ए) वित्तीय वर्ष में किए जाने वाले खर्च की कुल राशि : रू. 14.30 करोड़ (मॉयल फाउंडेशन ख्कंपनी (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियमावली, 2014 के नियम 4 में उल्लेख के अनुसार विशेष रूप से सीएसआर गतिविधियों को चलाने के लिए मॉयल द्वारा स्थापित एक पंजीकृत संस्था, के कॉरपस में अंशदान के लिए रू. 7.78 करोड़ सहित)

(बी) खर्च नहीं की गई राशि, यदि कोई हो : शून्य

(सी) वित्तीय वर्ष के दौरान जिस तरह से राशि खर्च की गई उसका विवरण निम्न प्रकार है :

1	2	3	4	5	6	7	8
क्र. सं.	सीएसआर परियोजना या गतिविधि	परियोजना का क्षेत्र	परियोजना या कार्यक्रम (1) स्थानीय क्षेत्र या अन्य (2) राज्य और जिले का उल्लेख करें जहाँ परियोजना या कार्यक्रम चलाया गया	राशि परिव्यय (बजट) परियोजना या कार्यक्रम के अनुसार	परियोजनाओं /या कार्यक्रमों पर खर्च की राशि : (1)परियोजनाओं या कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष खर्च (2) उपरी खर्च	रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय	खर्च राशि : प्रत्यक्ष या कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से
ए	**ग्रामीण विकास**						
1	बहुउद्देशीय सामुदायिक सभागृह का निर्माणकार्य	ग्रामीण विकास	गांव उकवा जिला बालाघाट और गांव बालापुर जिला भंडारा	90.00	50.00	50.00	कार्यान्वयन एजेंसी : मेसर्स के.सी. दास
2	अप्रोच टार रोड का निर्माण ाकार्य	ग्रामीण विकास	कनकी घाट, तहसील और जिला बालाघाट (म.प्र.)	130.00	117.80	117.80	कार्यान्वयन एजेंसी : मेसर्स अलताफ अहमद
3	महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के 21 गांवों में से 6 गांव में सीमेंट कान्क्रिट रोड और नाली का निर्माणकार्य	ग्रामीण विकास	1. गांव : बालाघाट जिला (म.प्र.) में तवेझरी, भारवेली, आवलाझरी और हीरापुर 2. गांव : भंडारा जिला (महा.) में चिखला और राजापुर	174.00	146.70	146.70	कार्यान्वयन एजेंसी : बालाघाट क्षेत्र के लिए अलताफ अहमद और डोंगरी क्षेत्र के लिए मेसर्स सोयुमा इन्फ्रास्ट्रक्चर
4	नाले के उपर कलवर्ट अप्रोच का निर्माणकार्य	ग्रामीण विकास	गांव : तवेझरी, जिला बालाघाट (म.प्र.)	25.00	17.58	17.58	कार्यान्वयन एजेंसी : मेसर्स के. सी. दास
5	65 वॉट स्ट्रीट लाइट की स्थापना	ग्रामीण विकास	गांव : डोंगरी बजुर्ग, तहसील : तुमसर, जिला : भंडारा (महा.)	18.00	14.98	14.98	कार्यान्वयन एजेंसी : मेसर्स हिन्दुस्तान पावर
6	विभिन्न सामुदायिक विकास कार्यक्रम (कृपया नोट सं. 1 का संदर्भ लें)	ग्रामीण विकास	गांव : नागपुर, भंडारा और बालाघाट के 21 गांव	2534.00	0.00	401.00	कार्यान्वयन एजेंसी : मेसर्स बीएआयएफ/मित्रा
7	जल भंडार की सफाई	ग्रामीण विकास	गांव : कुरूमुडा, तहसील तुमसर, जिला भंडारा	12.00	11.35	11.35	कार्यान्वयन एजेंसी : मेसर्स एम. एन. सांभरे

8	ग्रामीण विकास से संबंधित अन्य कार्य जैसे :	ग्रामीण विकास			23.41	23.41	
(3) श्री सी. बी. अतुलकर – सदस्य (बोर्ड स्तर से नीचे वरिष्ठ प्रबंधन)

सी. समिति की बैठक

वित्तीय वर्ष के दौरान जोखिम प्रबंधन समिति की एक बैठक दिनांक 20 अक्तूबर, 2015 को आयोजित की गई । समिति के सदस्यों और उनके द्वारा सभा की उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है :

सदस्य का नाम	समिति के सदस्य के कार्यकाल के दौरान आयोजित सभा	सभा में उपस्थिति
श्री एम. पी. चौधरी – सभापति	1	1
श्री टी. के. पटनायक – सदस्य	1	1
श्री सी. बी. अतुलकर – सदस्य	1	1

4. वार्षिक सर्वसाधारण सभा

4.1 कंपनी की पिछली तीन वार्षिक सर्वसाधारण सभाओं का विवरण नीचे दर्षाए अनुसार है :

वर्ष	तारीख	समय	स्थान	विशेष प्रस्ताव
2014–15	31 अगस्त, 2015	11.30 बजे	मॉयल लिमिटेड, गोल्डन जुबली हॉल, वेस्ट कोर्ट परिसर, जिल्हा परिषद (पूर्व–शासकीय) हायस्कूल के सामने, काटोल रोड, नागपुर – 440 013	शून्य
2013–14	30 अगस्त, 2014	11.30 बजे	मॉयल लिमिटेड, गोल्डन जुबली हॉल, वेस्ट कोर्ट परिसर, जिल्हा परिषद (पूर्व–शासकीय) हायस्कूल के सामने, काटोल रोड, नागपुर – 440 013	शून्य
2012–13	22 अगस्त, 2013	02.30 बजे	मॉयल लिमिटेड, गोल्डन जुबली हॉल, वेस्ट कोर्ट परिसर, जिल्हा परिषद (पूर्व–शासकीय) हायस्कूल के सामने, काटोल रोड, नागपुर – 440 013	शून्य

4.2 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान पोस्टल बैलेट के माध्यम से कोई विशेष प्रस्ताव पारित नहीं किया गया है।

4.3 आगामी वार्षिक सर्वसाधारण सभा के साथ–साथ पिछली दो वार्षिक सर्वसाधारण सभा में पोस्टल बैलेट के माध्यम से कोई विषेश प्रस्ताव करने के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तावित नहीं है।

5. सहायक / संयुक्त उद्यम / सहयोगी कंपनी की सूचना :

मॉयल की कोई सहयोगी कंपनी नहीं है। हालांकि, सेल एण्ड मॉयल फेरो अलॉय प्रा. लि. और रिनमॉयल फेरो अलॉय प्रा. लि. नामक दो संयुक्त उद्यम कंपनी है। दोनों कंपनी में प्रचालन शुरू नहीं है।

6. प्रकटीकरण

1. कंपनी ने संबंधित पक्ष से ऐसा कोई महत्वपूर्ण व्यवहार नहीं किया है जो कि बड़े पैमाने पर कंपनी के हितों के साथ संभावित संघर्ष निर्माण कर सकता है। फिर भी पक्षों से संबंधित व्यवहार को लेखों पर टिप्पणी के मद संख्या 11 के नोट नं. 1.2 में प्रकट किया गया है। कंपनी की अपनी संबंधित पार्टी संव्यवहार नीति है और इसे अपनी वेबसाईट **www.moil.nic.in** पर अपलोड किया गया है।
2. कंपनी अधिनियम, 1956/2013 या स्टॉक एक्सचेंज या सेबी के नियम एवं विनियम या अन्य कोई सांविधिक प्राधिकारी के प्रावधानों का पालन नहीं करने का कोई मामला नहीं हुआ है। पिछले 3 वर्षों के दौरान पूंजी बाजारों से संबंधित किसी भी मामले पर इन प्राधिकारियों ने कंपनी पर कोई आक्षेप या जुर्माना नहीं लगाया है। वर्ष के कुछ भाग के दौरान निदेशक मण्डल की संरचना से संबंधित प्रावधानों को छोड़कर कारपोरेट गवर्नेन्स पर डीपीई दिशानिर्देश और लिस्टिंग एग्रीमेन्ट की आवश्यकताओं के साथ अनुपालन नहीं करने का कोई मामला नहीं है।
3. गैर–कार्यकारी निदेशक कंपनी में कोई भी शेयर या परिवर्तनीय इन्स्ट्रुमेंट्स धारण नहीं कर रहे है।
4. कंपनी के किसी कार्मिक ने लेखा–परीक्षा समिति से मिलने से इन्कार नहीं किया है।
5. **व्हीसल ब्लोअर पॉलिसी** : कंपनी के पास व्हीसल ब्लोअर पॉलिसी है और इसे **www.moil.nic.in** पर अपलोड किया गया है। अनैतिक व्यवहार, वास्तविक या संदिग्ध धोखाधड़ी या कंपनी की आचार संहिता या नैतिक नीतियों के उल्लंघन के मामलों पर निगरानी रखने के लिए भारतीय पुलिस सेवा के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के नेतृत्व में सक्षम एवं स्वतंत्र सतर्कता विभाग कंपनी में विद्यमान है। सभी कर्मियों को अपनी तक्रार, षिकायतों इत्यादि को सतर्कता विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने की सुलभता है।
6. निदेशक मंडल से संबंधित विनियम 17 से 27 में विनिर्दिश्ट निगमित शासन आवश्यकताओं के अनुपालन में अंकेक्षण समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति, अंशधारक संबंध समिति, जोखिम प्रबंधन समिति, सतर्कता यांत्रिकी, संबंधित पक्ष संव्यवहार, स्वतंत्र निदेशकों, निदेशकों और वरिष्ठ कार्यकारियों से संबंधित दायित्व का मॉयल लिमिटेड द्वारा अनुपालन किया गया ।
7. मॉयल लिमिटेड की वेबसाईट पर प्रकटीकरण के संबंध में विनियम 46 के उप–विनियम (2) के खण्ड (बी) से (i) में विनिर्दिष्ट निगमित शासन की आवश्यकताओं का भी अनुपालन किया गया ।

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 की अनिवार्य और गैर–अनिवार्य आवश्यकताओं का अंगीकरण

मॉयल ने लिस्टिंग विनियमन (उपरोक्त उल्लेखित को छोडकर) में सभी अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन किया है। लिस्टिंग विनियमन की अनुसूची 5 में निर्देशित गैर–अनिवार्य आवश्यकताओं के संबंध में कंपनी द्वारा अपनाये गये/अनुपालित क्षेत्र नीचे दर्शाए अनुसार है :

1. चूंकि कंपनी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक कंपनी के पूर्णकालिक कार्मिक है, इसलिए अध्यक्ष का अलग से कार्यालय रखना आवश्यक नहीं है। आगे भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय द्वारा स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति तीन वर्षों के कार्यकाल हेतु की जाती है। इसलिए किसी भी स्वतंत्र निदेशक ने कुल मिलाकर 5 वर्शों से अधिक की सेवा प्रदान नहीं की है।
2. स्वतंत्र निदेशक की सभा वर्ष के दौरान 22 दिसम्बर, 2015 को आयोजित की गई।
3. कंपनी अपने अन–अंकेक्षित/अंकेक्षित तिमाही वित्तीय परिणामों को "मिन्स ऑफ कम्यूनिकेषन" शीर्षक के अंतर्गत प्रमुख राष्ट्रीय अंग्रेजी समाचार–पत्रों में प्रकाशित करती है। इन अन–अंकेक्षित/अंकेक्षित वित्तीय परिणामों को कंपनी की वेबसाईट www.moil.nic.in पर भी डाला गया है, लेकिन अलग से परिचालित नहीं किया गया है। कंपनी अपनी प्रमुख गतिविधियों, उपलब्धियों इत्यादि को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार–पत्रों तथा अपनी वेबसाइट पर भी संप्रेषित करती है।
4. कंपनी का हमेशा प्रयास रहता है कि अनक्वालिफाइड वित्तीय विवरण प्रस्तुत करें।
5. एक सरकारी कंपनी होने के नाते, सभी निदेशकों जिसमें अध्यक्ष–सह–प्रबंधक भी शामिल है, की नियुक्ति इस्पात मंत्रालय के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
6. जब भी आवश्यक हो, अंकेक्षण समिति को आंतरिक अंकेक्षक रिपोर्ट।

7. संचार के माध्यम

7.1 कंपनी सामान्यतः अपने अन–अंकेक्षित/अंकेक्षित तिमाही वित्तीय परिणामों को प्रमुख राष्ट्रीय अंग्रेजी समाचार–पत्रों (जैसे टाइम्स ऑफ इंडिया, और महाराष्ट्र टाइम्स, एमआयएनटी, इंडियन एक्सप्रेस, बिजनेस लाइन, बिजनेस स्टैन्डर्ड, हितवाद), मराठी (लोकमत, नागपुर), तथा हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र (जैसे नवभारत, दैनिक भास्कर, नवराष्ट्र, लोकमत समाचार) में प्रकाशित करती है।

7.2 इन अन–अंकेक्षित/अंकेक्षित वित्तीय परिणामों को कंपनी की वेबसाइट www.moil.nic.in पर भी डाला गया है।

7.3 कंपनी अपनी कार्यालयीन खबरों, मुख्य कार्यक्रमों, प्रदर्षनों, उपलब्धियों, प्रस्तुतीकरणों इत्यादि को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार–पत्र तथा अपनी वेबसाइट पर भी संप्रेषित करती है।

8. सामान्य अंशधारक जानकारी

8.1 वार्षिक सर्वसाधारण सभा

दिनांक	दिवस	समय	स्थान
30.08.2016	मंगलवार	11.30 बजे	मॉयल लिमिटेड, गोल्डन जुबली हॉल, वेस्ट कोर्ट परिसर, जिला परिषद (पूर्व–शासकीय) हायस्कूल के सामने, काटोल रोड, नागपुर – 440 013

8.2 वित्तीय वर्ष

कंपनी ने वित्तीय वर्ष प्रणाली को अपनाया है जो प्रत्येक वर्ष के अप्रैल माह के पहले दिन से प्रारंभ होकर मार्च माह के 31वें दिन को समाप्त होती है।

8.3 रजिस्टर बंद होने की तारीख

कंपनी ने रजिस्टर बंद नहीं किया, हालांकि अंतिम लाभांश के भुगतान के लिए रिकॉर्ड तारीख 8 सितम्बर, 2016 है।

8.4 लाभांश भुगतान तिथि

लाभांश के घोषणा की तारीख से 30 दिनों के भीतर अंशधारकों को उनका भुगतान/प्रेषण किया जाता है।

8.5 स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग

आपकी कंपनी के षेयरों को दिनांक 15 दिसम्बर, 2010 को सूचीबद्ध किया गया है। एक्सचेंज और स्टॉक कोड का विवरण इस प्रकार है :

स्टॉक एक्सचेंज	शेयरों के प्रकार	स्टॉक कोड
बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड	इक्विटी शेयर	533286
नैषनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड	इक्विटी शेयर	मॉयल –ईक्यू

वर्ष 2015–16 के लिए वार्षिक सूचीबद्ध शुल्क उपरोक्त दोनों एक्सचेंज को अदा कर दिया गया है।

बाजार मूल्य डेटा – पिछले वित्तीय वर्ष 2015–16 में प्रत्येक माह के दौरान उच्च एवं निम्न मूल्य

माह	एनएसई		बीएसई	
	उच्च	निम्न	उच्च	निम्न
अप्रैल, 2015	321.00	291.00	320.00	291.00
मई, 2015	294.00	278.00	297.00	279.00
जून, 2015	300.00	265.00	299.00	266.00
जुलाई, 2015	289.00	252.00	295.00	252.00
अगस्त, 2015	263.00	241.00	263.00	241.00
सितम्बर, 2015	257.00	235.00	257.00	238.00
अक्तूबर, 2015	251.00	228.00	251.00	229.00
नवम्बर, 2015	246.00	206.00	247.00	183.00
दिसम्बर, 2015	213.00	195.00	218.00	195.00
जनवरी, 2016	223.90	208.60	223.95	200.15
फरवरी, 2016	209.80	179.50	209.85	180.10
मार्च, 2016	235.00	186.30	234.40	185.00





8.8 बीएसई एवं एनएसई ब्रॉड–बेस्ड सूचकांक की तुलना में निष्पादन

माह	एनएसई		बीएसई	
	एस एण्ड पी सीएनएक्स निफ्टी	मॉयल	सेन्सेक्स	मॉयल
अप्रैल, 2015	8181.50	253.50	27011.31	253.55
मई, 2015	8433.65	243.45	27828.44	243.95
जून, 2015	8368.50	246.85	27780.83	247.30
जुलाई, 2015	8532.85	232.50	28114.56	232.45

अगस्त, 2015	7971.30	208.30	26283.09	208.30
सितम्बर, 2015	7948.90	197.15	26154.83	196.85
अक्तूबर, 2015	8065.80	212.90	26656.83	213.05
नवम्बर, 2015	7935.25	198.55	26145.67	198.85
दिसम्बर, 2015	7946.35	210.10	26117.54	211.25
जनवरी, 2016	7563.55	203.70	24870.69	203.60
फरवरी, 2016	6987.05	190.05	23002.00	189.40
मार्च, 2016	7738.40	213.20	25341.86	217.40

8.7 शेयर एण्ड ट्रान्सफर अभिकर्ता का नाम व पता

पंजीयक एवं हस्तांतरण अभिकर्ता (आर.टी.ए.)

बिग शेयर सर्विसेस प्रा. लि.
ई–2 एण्ड 3, अंसा इण्डस्ट्रियल इस्टेट
साकी–विहार रोड, साकीनाका,
अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई – 400 072
टेलीफोन : 91–22–40430200
फैक्स : 91–22–28475207
ईमेल : **investor@bigshareonline.com**
वेबसाईट : www.bigshareonline.com

8.8 शेयर हस्तांतरण प्रणाली

भौतिकीय खण्ड के अंतर्गत सभी शेयर हस्तांतरण के कार्य बिग शेयर सर्विसेस प्रा. लि. के द्वारा किए जा रहे है। शेयर हस्तांतरण प्रणाली में हस्तांतरिती से हस्तांतरण विलेख के साथ शेयरों के हस्तांतरण की रसीद, इसका सत्यापन, हस्तांतरण /ट्रांसमिशन का ज्ञापन तैयार करना इत्यादि शामिल है। हस्तांतरण / ट्रांसमिशन का अनुमोदन उप–समिति / प्राधिकृत व्यक्ति (कंपनी सचिव) द्वारा किया जाता है। षेयर के हस्तांतरण/ ट्रांसमिशन की संक्षिप्त जानकारी अंशधारक संबंध समिति/ मंडल सभा में दी गई है। स्टॉक एक्सचेंजों के साथ किए गए लिस्टिंग एग्रीमेंट रेगुलेशन 40(10) के अनुसरण में छमाही आधार पर निर्धारित समय के भीतर शेयर हस्तांतरण औपचारिकताओं के विधिवत अनुपालन की पुष्टि करते हुए कार्यकारी कंपनी सचिव द्वारा प्रमाणपत्र स्टॉक एक्सचेंज को प्रस्तुत किया गया है।

8.9 मंडल और लेखा–परीक्षा समिति के लिए बैठकों का संभावित कैलेंडर

समाप्त तिमाही	सभा की संभावित तारीख
30 जून, 2016	अगस्त, 2016 के पहले सप्ताह में
30 सितम्बर, 2016	नवम्बर, 2016 के पहले सप्ताह में
31 दिसम्बर, 2016	फरवरी, 2017 के पहले सप्ताह में
31 मार्च, 2017	मई, 2017 के तीसरे सप्ताह में

उपरोक्त के अतिरिक्त जब भी आवश्यक हो सभा का आयोजन किया जा सकता है।

8.10 शेयर धारणाधिकार का वितरण

ए. 31 मार्च, 2016 को आकार के अनुसार धारणाधिकार का प्रतिशत

शेयर की संख्या	शेयर धारकों की संख्या	शेयर धारकों का प्रतिशत	कुल शेयरों की संख्या	शेयर का प्रतिशत
1–5000	306068	98.9650	97632240	5.8114
5001–10000	1866	0.6034	13902500	0.8275
10001–20000	688	0.2225	9804060	0.5836
20001–30000	210	0.0679	5272770	0.3139
30001–40000	96	0.0310	3451950	0.2055
40001–50000	72	0.0233	3362730	0.2002
50001–100000	120	0.0388	8889600	0.5291
100001 एवं अधिक	149	0.0482	1537684150	91.5288
कुल	**309269**	**100.0000**	**1680000000**	**100.0000**

बी. 31 मार्च, 2016 को शेयर धारणाधिकार का श्रेणीवार सारांश

श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	कुल शेयर होल्डिंग का प्रतिशत
केन्द्र/राज्य सरकार (प्रमोटर्स/प्रमोटर्स समूह)	134400000	80.00
जनता (व्यक्ति)	13816149	8.22
विदेषी संस्थागत निवेशक	9158499	5.45
वित्तीय संस्थान एवं बैंक	4498438	2.68
निगमित संस्था	2143767	1.28
इंश्योरेंस कंपनी	1186234	0.71
राष्ट्रीयकृत बैंक	837227	0.50
म्युचुअल फंड	672216	0.40
अनिवासी भारतीय	400286	0.24
विदेशी कंपनी	377265	0.22
गैर राष्ट्रीय बैंक	337806	0.20
क्लियरिंग सदस्य	74836	0.04
कर्मचारी	71461	0.04
न्यास	25612	0.01
बिना दावे का संदिग्ध लेखा	204	0.00



8.11 शेयर का विभौतिकीकरण एवं नकदीकरण

नैशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) तथा सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ कंपनी के षेयरों का विभौतिकीकरण किया जाता है।

31.03.2016 को विभौतिकीय और भौतिकीय रूप में शेयरों की संख्या

श्रेणी	शेयरों की संख्या	जारी की गई कुल पूंजी का प्रतिशत
सीडीएसएल के साथ डिमैट प्रणाली में शेयर	5642266	3.36
एनएसडीएल के साथ डिमैट प्रणाली में शेयर	162357333	96.64
भौतिकीय प्रणाली में शेयर	401	0.00
कुल	16,80,00,000	100.00

कंपनी के इक्विटी शेयर इंडियन स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् एनएसई और बीएसई में सक्रिय रूप से कारोबार किए इक्विटी शेयर है।

8.12 बकाया जीडीआर/एडीआर/वारन्ट या अन्य परिवर्तनीय इन्स्ट्रुमेंट, परिवर्तित तिथि एवं इक्विटी पर संभावित प्रभाव

कंपनी द्वारा कोई भी जीडीआर/एडीआर/वारन्ट या परिवर्तनीय इन्स्ट्रुमेंट जारी नहीं किए गए है।

8.13 संदिग्ध खाते में अंशों का ब्यौरा :

संदिग्ध खाते में शेयरों का विवरण इस प्रकार है :

विवरण	अंशधारकों की संख्या	अंश की संख्या
01.04.2015 को संदिग्ध खाते में बकाया अंश और अंशों की कुल संख्या	14	238
वर्ष के दौरान संदिग्ध खाते से शेयरों के स्थानांतरण के लिए कंपनी से संपर्क करने वाले शेयरधारकों की संख्या	02	34
वर्ष के दौरान संदिग्ध खाते से किए गए अंश हस्तांतरित शेयरों की संख्या	02	34
बिना दावे के संदिग्ध खाते से अंश हस्तांतरण	0	0
31.03.2016 को संदिग्ध खाते में बकाया अंष और अंशों की कुल संख्या	12	204

31.03.2016 तक संदिग्ध खाते में इन शेयरों पर मतदान अधिकार नहीं रहेगा जब तक इन शेयरों पर वास्तविक दावेदार दावा नहीं करते।

8.14 खदानों संयंत्रों और पवन उर्जा फार्म के स्थान

खदानों की सूची

अनुक्रमांक	खदान का नाम और पता
	महाराष्ट्र
1	**चिखला खदान** पो.ऑ. चिखला, तहसील तुमसर, जिला भंडारा, महाराष्ट्र पिन – 441 904
2	**डोंगरी बजुर्ग खदान** पो.ऑ. डोंगरी बजुर्ग, तहसील तुमसर, जिला भंडारा, महाराष्ट्र पिन – 441 907
3	**बेलडोंगरी खदान** पो.ऑ. सातुक, तहसील रामटेक, जिला नागपुर, महाराष्ट्र पिन – 440 401
4	**कान्द्री खदान** पो.ऑ. कान्द्री, तहसील रामटेक, जिला नागपुर, महाराष्ट्र पिन – 441 401
5	**मनसर खदान** पो.ऑ. मनसर, तहसील रामटेक, जिला नागपुर, महाराष्ट्र पिन – 441 106
6	**गुमगाँव खदान** पो.ऑ. खापा, तहसील सावनेर, जिला नागपुर, महाराष्ट्र पिन – 441 101
	मध्यप्रदेश
7	**बालाघाट खदान** पी.ऑ. भारवेली, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश पिन – 481 102
8	**उकवा खदान** पो.ऑ. उकवा, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश पिन – 481 105
9	**तिरोडी खदान** पो.ऑ. तिरोडी, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश पिन – 481 449
10	**सीतापतोर खदान** पो.ऑ. सुकली, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश पिन – 418 449
	संयंत्र
1	फेरो मैंगनीज प्लांट 10000 (टीपीवाई) क्षमता, बालाघाट
2	इलेक्ट्रोलाइटिक मैंगनीज डायऑक्साइड (ईएमडी) संयंत्र (1000टीपीवाई) क्षमता, डोंगरी बुजुर्ग

पवन उर्जा फार्म की सूची

1	नागदा हिल्स, जिला देवास, मध्यप्रदेश	क्षमता 4.8 मे.वॉ.
2	रतेडी हिल्स, जिला देवास, मध्यप्रदेश	क्षमता 15.2 मे.वॉ.

8.15 पत्रव्यवहार के लिए पता

पंजीकृत कार्यालय
कंपनी सचिव
मॉयल लिमिटेड
"मॉयल भवन",
1–ए, काटोल रोड, नागपुर – 440 013
टेलीफैक्स : 0712–2806182 / 100
ईमेल : compliance@moil.nic.in
वेबसाईठ : www.moil.nic.in

9. आचार संहिता

अपने कर्मचारियों के लिए आचरण के उत्तम मानकों को स्थापित करने के मॉयल के निरंतर प्रयासों के एक भाग के रूप में सभी मंडल सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए "कोड ऑफ बिजनेस कन्डक्ट्स एण्ड एथिक्स" बनाया गया है। उक्त संहिता की एक प्रति कंपनी की वेबसाईट www.moil.nic.in पर प्रस्तुत की गई है। कंपनी के सभी मंडल सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान मॉयल की "कोड ऑफ बिजनेस कन्डक्ट्स एण्ड एथिक्स" का पालन करने का अभिवचन दिया है।

घोषणा

स्टॉक एक्सचेंजों के साथ किए गए लिस्टिंग एग्रीमेंट के भाग डी की अनुसूची 5 में किए गए प्रावधान के अनुसार कंपनी के सभी मंडल सदस्य एवं वरिश्ठ प्रबंधन कार्मिक 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्श के लिए "कोड ऑफ बिजनेस कन्डक्ट्स एण्ड एथिक्स" का अनुपालन करने की पुश्टि करते है।

कृते मॉयल लिमिटेड

स्थान : भोपाल
दिनांक : 27 जून, 2016

जी. पी. कुंदरगी
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

---

10. सीईओ / सीएफओ प्रमाणीकरण

लिस्टिंग विनियमन के नियमन 17(8) के अनुसार कंपनी के सीईओ और सीएफओ द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र निगमित शासन रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

11. निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम

कंपनी की प्रक्रियाओं और प्रथाओं के साथ परिचित होने के लिए मंडल के सदस्यों को आवश्यक दस्तावेज / विवरण पुस्तिका, रिपोर्ट और आंतिरक नीतियों की जानकारी उपलब्ध की जाती है। कंपनी विभिन्न बाहरी संस्थानों / एजेंसियों द्वारा आयोजित विभिन्न सेमिनार और प्रषिक्षण कार्यक्रमों में अपने निदेशकों को नामित भी करती है। मंडल में और मंडल समिति की सभा में कंपनी के कारोबार और प्रदर्षन की जानकारी, कारोबारी वातावरण, कारोबार की रणनीति और शामिल जोखिमों पर समय–समय पर प्रस्तुतीकरण किए जाते है। वर्श के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की अलग सभा में कंपनी के व्यवसायिक क्षेत्रों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी किया जाता है। प्रासंगिक वैधानिक परिवर्तनों की जानकारी निदेषकों को सूचित की जाती है। निदेशकों के लिए विभिन्न खदानों के दौरे आयोजित किए जाते है ताकि उन्हें कंपनी का संचालन समझने में सक्षमता हासिल हो। स्वतंत्र निदेषकों के लिए इस प्रकार के परिचय कार्यक्रमों की जानकारी कंपनी की वेबसाइट पर पोस्ट की जाती है और उन्हें http://moil.nic.in/writereaddata/pdf/TRAINING-PROGRAMMES-as-on-feb16-pdf के माध्यम से देखा जा सकता है।

12. लागू कानूनों के अनुपालन की समीक्षा

कंपनी में लागू सभी कानूनों के अनुपालन रिपोर्ट की समय–समय पर मंडल द्वारा समीक्षा की जाती है तथा सभी लागू कानूनों के अनुपालन को सुनिश्चित किया जाता है।

13. लेखा परीक्षक का अनुपालन प्रमाणपत्र

कंपनी के लेखा परीक्षक, सीएस अमित राजकोटिया, प्रैक्टीसिंग कंपनी सचिव से यह पुष्टि करते हुए प्रमाणपत्र मिला है कि लिस्टिंग विनियमनों की अनुसूची v के अंतर्गत निर्धारित निगमित शासन की शर्तो का अनुपालन किया गया है, जो इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

सीईओ एवं सीएफओ प्रमाणीकरण

सेवा में,
निदेशक मंडल
मॉयल लिमिटेड
नागपुर

ए) हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार हमने 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए मॉयल लिमिटेड के वित्तीय विवरणों एवं नकद प्रवाह विवरण की समीक्षा की है:

1. इन विवरणों में कोई महत्वपूर्ण असत्य विवरण नहीं है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य का विलोप नहीं किया गया है या ऐसे विवरण शामिल नहीं है जो गुमराह कर सकते है।
2. इन विवरणों के साथ कंपनी के कार्यकलापों की सही एवं निष्पक्ष छवि प्रस्तुत होती है तथा यह मौजूदा लेखांकन मानकों, लागू कानूनों एवं विनियमों के अनुपालन में है।

बी) हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विष्वास के आधार पर कंपनी द्वारा वर्ष 2015–16 के दौरान ऐसा कोई व्यवहार नहीं किया गया है जो धोखाधड़ी, अवैध या कंपनी की आचार संहिता का उल्लंघन करता हो।

सी) हम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने एवं बनाए रखने की जिम्मेदारी को स्वीकार करते है तथा हमने कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के प्रभाव का मूल्यांकन किया है तथा हमने अंकेक्षक एवं अंकेक्षण समिति को ऐसे आंतरिक नियंत्रणों की संरचना या प्रचालन में कमियों, यदि कोई हो, जिसकी हमें जानकारी हो तथा इन कमियों को सुधारने के लिए उठाए गए अथवा उठाए जाने वाले कदमों के बारे में उनके समक्ष प्रकटीकरण किया है।

डी) हमने अंकेक्षक एवं अंकेक्षण समिति को सूचित किया है कि :

1. वर्ष 2015–16 के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में उल्लेखनीय परिवर्तन;
2. वर्ष 2015–16 के दौरान लेखांकन नीतियों में उल्लेखनीय परिवर्तन तथा उसे वित्तीय विवरणी की टिप्पणी में प्रकट किया है; तथा
3. ऐसे धोखाधड़ी के मामले जिसकी हमें जानकारी हुई है तथा उसमें प्रबंधन या किसी कर्मचारी की संलिप्तता, यदि कोई हो, जिसकी वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में उल्लेखनीय भूमिका है।

एम.पी. चौधरी
निदेशक (वित्त)

जी. पी. कुंदरगी
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 24 मई, 2016.

अनुलग्नक–VI
प्रबंधकीय विवेचन तथा विश्लेषण रिपोर्ट वर्ष 2015–16

प्रस्तावना

प्रबंधकीय विवेचन तथा विश्लेशण रिपोर्ट (एमडीएआर) का उद्देष्य कंपनी के कारोबारी माहौल में विकास एवं पिछली रिपोर्ट की तुलना में कंपनी का कार्य–निष्पादन तथा भावी दृश्टिकोण को विशद करना है। एमडीएआर मंडल की रिपोर्ट का एक भाग है। किसी भी कंपनी का कार्य–निष्पादन विभिन्न घटकों से जुड़ा होता है जिसमें माँग, पूर्ति, जलवायु स्थिति, आर्थिक स्थिति, राजनैतिक स्थिति, सरकारी नियमों तथा नीतियों, कराधान एवं प्राकृतिक आपदा षामिल है, जो कंपनी के नियंत्रण कक्षा से बाहर है तथा जो कंपनी के प्रचालन में उल्लेखनीय अंतर ला सकते है। इसे मद्देनजर रखते हुए अनुमान, दृष्टिकोण, अपेक्षा, आंकलन इत्यादि के संबंध में इस रिपोर्ट में दिए गए कुछ कथन वास्तविकता से अलग हो सकते है।

ए) औद्योगिक संरचना और बाजार परिदृश्य

एक बड़ी जनसंख्या के साथ भारत एक विकासषील अर्थव्यवस्था है। आर्थिक विकास के संचालकों को अधिक लोगों को रोजगार देने और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए नये इंफ्रास्ट्रक्चर, नये और बड़े षहर, मषीनरी और उत्पादन में निरंतर निवेशों की आवश्यकता है।

भारत का इस्पात उत्पादन वर्ष 2014 की तुलना में 2015 के दौरान 2.38 प्रतिशत की बढ़त दर्ज करते हुए 87.29 मिलियन टन से बढ़कर 89.37 मिलियन टन हो गया है। दूसरी ओर, विश्व इस्पात उत्पादन में 2015 के दौरान 2.97 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि हुई है। चीन और जापान ने भी वर्ष 2015 के दौरान क्रमशः 2.30 प्रतिषत और 4.99 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्षाई है।

भारत अब विश्व में 3रा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक है और वर्ष 2015 में लगभग 89.37 मिलियन टन कच्चा इस्पात उत्पादन किया है और आगामी वर्षों में यह वृद्धि बढ़ने की उम्मीद है।

मैंगनीज अयस्क उद्योग का निश्पादन सीधे इस्पात उद्योग के निश्पादन से जुड़ा होता है। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन (डब्लूएसए) के अनुसार जनसंख्या में अपेक्षित वृद्धि, इस्पात के लिए नये अनुप्रयोगों और अधिक परिश्कृत इस्पात अनुप्रयोगों को देखते हुए विश्व इस्पात बाजार में अगले 50 वर्षों में लगभग 700 से 1000 मिलियन टन के बीच वृद्धि की क्षमता है। यह उस बाजार के बराबर है जो आज के बाजार के 60 प्रतिषत से बड़ा बाजार है।

अध्ययन के अनुसार, आगामी वर्षों में इस्पात उद्योग में दोहरे अंक की बढ़त होने की संभावना है जो निश्चित तौर पर मैंगनीज अयस्क की मांग उत्पन्न करेगी।

(बी) अवसर और चुनौतियां

अवसर

- सरकार घरेलु और विदेशी दोनों स्त्रोतों से भारतीय इस्पात क्षेत्र में निवेषों को आकर्षिक करने के लिए और मंडल के निवेश मंशाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है ताकि घरेलु मांग को पूरा करने के लिए वांछित कच्चे इस्पात के क्षमता स्तर तक पहुँचा जा सके और उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट और आवष्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर की आसान उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।
- भारत ने 2030 तक इस्पात का 300 एमटी क्षमता लक्ष्य रखा है, जो मैंगनीज अयस्क की मांग निर्मित करेगा।
- भारत का सबसे बड़ा मैंगनीज अयस्क उत्पादक होने के नाते मॉयल देश के उत्पादन का लगभग 54 प्रतिषत के लिए उत्तरदायी है। मैंगनीज अयस्क के भंडार और संसाधनों के लगभग 81.47 मिलियन टन के साथ कंपनी अपनी प्रभावपूर्ण स्थिति, मध्यम से उच्च श्रेणी के अयस्क, मध्य अवस्थित खदानों और मजबूत ग्राहक संबंधों के साथ भारत की इस्पात मांग वृद्धि को पूंजीकृत करने की अच्छी स्थिति में है।
- इस्पात उत्पादन में सिलिको मैंगनीज के लगातार उपयोग के कारण निम्न/मध्यम श्रेणी के अयस्कों के लिए बाजार की अच्छी संभावना है।
- सशक्त वित्तीय स्थिति, अर्थात् बड़े नकदी भंडार मॉयल को बड़ी निवेष योजनाओं के अवसर उपलब्ध करते है। मॉयल ने पहले ही अपनी मौजूदा खदानों के विकास के लिए बड़े निवेशों की योजना बनाई है जो मैंगनीज अयस्क की भावी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाएगी।
- केन्द्र सरकार ने नागपुर और भंडारा जिले में 814.71 हेक्टर भूमि का आरक्षण किया हुआ है। आवश्यक मंजूरी मिलने और औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद यह मैंगनीज अयस्क की मांग को पूरा करने और भारत की इस्पात मांग में वृद्धि को

पूंजीकृत करने के लिए एक बहुत अच्छा अवसर उपलब्ध कर सकता है। राज्य सरकार ने पहले ही 597.44 हेक्टर के लिए प्रॉस्पेक्टिंग लाइसेंस प्रदान कर दिया है। इन क्षेत्रों में कम से कम तीन नई खदानों का षुरू होना संभावित है।

- भारत सरकार के खान मंत्रालय ने अन्य बातों के साथ मॉयल को देष भर में विभिन्न खनिजों के अन्वेषण को संचालित करने के लिए अधिसूचित किया है। यह मॉयल को अन्वेषण के क्षेत्र में अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए अवसर प्रदान करता है।
- मैंगनीज अयस्क के उत्खनन में व्यापक अनुभव के साथ कंपनी अन्य खनिज क्षेत्र में विस्तार की योजना बना सकती है।

मॉयल की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता

- उच्च / मध्यम श्रेणी के मैंगनीज अयस्क के बड़े भंडारों के साथ देष में मात्रा के लिहाज से मैंगनीज अयस्क का सबसे बड़ा उत्पादक है।
- मॉयल के पास देश में उच्च / मध्यम श्रेणी के मैंगनीज अयस्क के कुल प्रदर्शित भंडारों की अधिकतम धारण क्षमता है।
- उच्च शुद्ध संपत्ति और शून्य ऋणग्रस्तता के साथ सशक्त वित्तीय क्षमता है।
- अच्छी कार्य संस्कृति और औद्योगिक संबंधों के साथ योग्यताप्राप्त तकनीकी रूप से कुषल मानवबल की उपलब्धता है।
- कंपनी के भंडार भारत के मध्यवर्ती मैंगनीज पट्टों में है जो सामान्य और नियमित आकार में है।
- कंपनी को सुप्रचालन का लाभ प्राप्त है क्योंकि उसकी सभी खदान राज्य/राष्ट्रीय राजमार्गों से अच्छी तरह जुड़ी हुई है। उसकी अधिकांश खदानें दक्षिण–पूर्व–मध्य रेलवे के नेटवर्क में स्थित है तथा उसे रेलवे साइडिंग की सुविधा प्राप्त है।
- मॉयल लगातार एक सक्षम और पर्यावरण अनुकूल खनन कंपनी बनी हुई है।

आशंका

- मैंगनीज अयस्क का आयात आज भी कंपनी के लाभ मार्जिन के लिए एक जोखिम और चुनौती बना हुआ है।
- मैंगनीज अयस्क के अंतर्राश्ट्रीय मूल्य में कमी के फलस्वरूप इसकी घरेलु कीमतों में गिरावट आ सकती है जो भारत में मैंगनीज अयस्क की घरेलु कीमत पर दबाव डाल सकता है।
- मॉयल का मुख्य उत्पादन भूमिगत खदानों से आता है, जहां ओपन कास्ट खदानों की तुलना में उत्पादन लागत ज्यादा होती है और लगातार बढ़ रही है। भूमिगत खदानों की माइनिंग लागत में किसी भी प्रकार की वृद्धि लाभ मार्जिन पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी।
- विनियामक मंजूरी मिलने में किसी भी प्रकार का विलंब भी कंपनी के दीर्घकालिक विकास पर प्रभाव डाल सकता है।
- खदानों, विशेषकर भूमिगत खदानों के विकास के लिए हाथों में ली गई परियोजनाओं को निर्धारित समय एवं लागत पर पूरा करने की चुनौती सदैव बनी रहती है तथा इसमें किसी भी तरह की कमी से कार्यनिष्पादन लक्ष्य प्रभावित हो सकता है।
- इस्पात उद्योग की चक्रीय प्रकृति होने के कारण यह हाल के इतिहास में सबसे खराब समय से गुजरा है। चूंकि मैंगनीज अयस्क की मांग इस्पात क्षेत्र के विकास से आगे जाती है, इस क्षेत्र पर उसका निर्भर रहना कंपनी के कार्यनिष्पादन को प्रभावित कर सकता है।
- अंतर्राश्ट्रीय स्तर पर मैंगनीज अयस्क की उच्च उपलब्धता वस्तुसूची इसके कारोबार को प्रभावित कर सकती है।

कमजोरी

- खनन कंपनी होने के कारण मॉयल अपने आसपास के लोगों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा पर्यावरण के व्यापक विनियमों के अधीन है। नियामक मानकों के निरंतर विकास तथा समुदाय की अपेक्षाओं के अनुरूप कंपनी को अनुपालन लागत में वृद्धि तथा अप्रत्याशित पर्यावरण सुधार व्यय करना पड़ता है।
- नये खदान पट्टों के प्राप्त होने में विलंब के कारण नई खदानों को षुरू करने में देरी होकर कंपनी की निवेश योजना प्रभावित होती है।
- कंपनी मुख्यतः एकल उत्पाद कंपनी है, जिसके कारण मैंगनीज अयस्क उद्योग में किसी भी प्रकार के प्रतिकूल प्रभाव का धक्का कंपनी की लाभप्रदता पर पड़ सकता हैं।
- मॉयल की खदानें काफी पुरानी है तथा उसे पूरी तरह से यंत्रीकृत करना बहुत मुश्किल है।
- अयस्क भंडार काफी गहराई में जाने के कारण उत्पादन लागत में भी वृद्धि होती है।

(सी) संभावना

मैंगनीज एवं फेरो अलॉय उत्पादों की मांग सीधे तौर पर इस्पात उद्योग की संभावनाओं एवं समग्र अर्थव्यवस्था के विकास पर निर्भर होती है। विश्व का 95 प्रतिशत से अधिक मैंगनीज अयस्क का उत्पादन वि–गंधकीकरण एवं इस्पात को मजबूत बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। इसके पहले इस्पात उत्पादन में हुई वृद्धि के कारण मैंगनीज अयस्क एवं फेरो अलॉय की मांग में भारी वृद्धि हुई है। हालांकि, पिछले दो–तीन वर्षों के दौरान इस परिदृष्य में बदलाव आया है।

वर्ल्ड स्टील असोसिएषन (डब्लूएसए) के अनुसार तेल की कीमतों में कमी, सुधार की गति तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैनुफैक्चरिंग उत्पादन बढ़ाने की नीतियों के कारण भारत का भविष्य उज्ज्वल है। भारत में तैयार इस्पात की मांग 2016 और 2017 दोनों वर्षों में 5.4 प्रतिशत से बढ़ जाएगी जो 2017 में 88.3 एमटी तक पहुॅच जाएगी। हालांकि, 2015 में 0.3 प्रतिषत संकुचन के बाद विश्व स्तर पर तैयार इस्पात की मांग 2016 में 0.8 प्रतिषत से कम होकर 1,488 एमटी तक पहुॅच सकती है। 2017 में, ऐसा अनुमान है कि विश्व में इस्पात की मांग 0.4 प्रतिषत की वृद्धि पर वापस आएगी और 1,494 एमटी तक पहुॅच जाएगी।

देष में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के साथ इस्पात की माँग में वृद्धि अपेक्षित है, जो बदले में देश में मैंगनीज अयस्क उद्योग के लिए बड़े अवसर भी उपलब्ध करेगी। मैंगनीज का इस्तेमाल इस्पात अलॉय में मजबूती, कठोरता, टिकाऊपन और संक्षारण प्रतिरोधता जैसे कई अनुकूल विशेषताओं को बढ़ाने के लिए किया जाता है। अतः मैंगनीज अयस्क उद्योग का विकास इस्पात उद्योग के विकास के साथ भली–भाँति संतुलित होता है।

भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और अपनी अग्रणी स्थिति को कायम रखने के लिए मॉयल ने अपने उत्पादन को बढ़ाने के लिए लगभग 1.1 मिलियन टन के वर्तमान स्तर से 2020 तक 2.0 मिलियन टन तक और 2030 तक 2.5 मिलियन टन तक बढ़ाने के लिए योजना बनाई है, जिसके लिए रणनीतिक प्रबंधन योजना कंपनी द्वारा पहले ही तैयार कर ली गई है। इस प्रयोजन के लिए, कंपनी अपनी मौजूदा खदानों के विकास और यांत्रिकीकरण पर घ्यान दे रही है और नये पट्टों को भी जोड़ रही है ताकि लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

देश में प्रति व्यक्ति इस्पात का उपयोग अब भी लगभग 60 किलो है, जो विश्व के औसत प्रति व्यक्ति इस्पात उपयोग लगभग 214 किलो की तुलना में बहुत कम है। वास्तव में, अधिकांश विकसित देशों में यह 300 किलो से अधिक है। यह देश में इस्पात उद्योग के विकास के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करता है, परिणामस्वरूप मैंगनीज अयस्क की माँग को बढ़ाता है।

मैंगनीज आधारित अलॉय के निर्यात से जुड़ी इस्पात की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मैंगनीज अयस्क की घरेलु आवश्यकताओं में काफी वृद्धि हुई है। जिसने भारत को मैंगनीज अयस्क का शुद्ध आयातक बना दिया है। वर्ष 2015–16 के दौरान देश में मैंगनीज अयस्क का उत्पादन लगभग 1.97 (अनुमानित) मिलियन टन रहा है। भारत में उच्च श्रेणी मैंगनीज अयस्क की उपलब्धता में कमी के कारण निर्माता मैंगनीज अयस्क का नियमित रूप से आयात कर रहे है। वर्श 2014–15 में 3.17 मिलियन टन की तुलना में वर्ष 2015–16 के दौरान आयात लगभग 2.22 मिलियन टन रहा है। यह मॉयल को अपना उत्पादन बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है।

(डी) जोखिम और चिंता

मैंगनीज अयस्क उद्योग सीधे तौर पर इस्पात उद्योग से जुड़ा हुआ है जिसकी चक्रीय प्रकृति है तथा मैंगनीज अयस्क की मांग पर असर डालती है। इस्पात बाजार की मांग में कमी और कम लागत पर अंतर्राष्ट्रीय बाजार से अधिक मात्रा में आपूर्ति से भारतीय इस्पात उद्योग प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ है। मॉयल एक श्रमिक बहुल संगठन है। यद्यपि, कंपनी में औद्योगिक संबंध उत्कृष्ट है लेकिन श्रमिकों से जुड़े जोखिम हमेशा उत्पादन के निश्पादन में उल्लेखनीय भूमिका निभा सकते है।

भूमि और खदान के अधिग्रहण के लिए नियामक मंजूरी के अतिरिक्त, मांग परिदृश्य अगले कुछ वर्षों के लिए अनिश्चित सा लग रहा है क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था अभी भी सुधार की स्थिति में है। भारत में, मुद्रास्फीति, हालांकि कम हो गई है लेकिन अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है और विकास के लिए नकारात्मक पहलू है। आपूर्ति पक्ष के उपायों में सुधार और उत्पादकता में सुधार पर ध्यान देने की जरूरत है।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मैंगनीज अयस्क की अधिक आपूर्ति हमेषा चिंता का मुख्य विषय बना रहेगा तथा यदि अधिक आपूर्ति जारी रहती है तो यह आगे भी घरेलू मैंगनीज की कीमतों को कमजोर करना जारी रख सकता है।

ई) खण्ड के अनुसार अथवा उत्पाद के अनुसार निष्पादन

बिक्री निष्पादन

बाजार की खराब हालत के परिणामस्वरूप मैंगनीज अयस्क की सभी श्रेणियों और साथ ही फैरो मैंगनीज की कीमतों में अभूतपूर्व कमी हुई है। वर्ष 2015–16 के दौरान मैंगनीज अयस्क की शुद्ध बिक्री पिछले वर्ष के रू. 749.55 करोड़ की तुलना में 23.72 प्रतिशत से कम होकर रू. 571.79 करोड़ हो गई है। बाजार की प्रतिकूल अवस्था के प्रभाव को कम करने के लिए कंपनी ने अपनी विवेकपूर्ण

विपणन और मूल्य निर्धारण नीति के साथ अपनी बिक्री को बढ़ाया है और लगभग 6.26 प्रतिशत की बढ़त दर्ज करते हुए पिछले वर्ष 9.10 लाख टन की तुलना में वर्ष 2015–16 में 9.67 लाख टन के मैंगनीज अयस्क की बिक्री की है। आगे, कंपनी ने अच्छी बिक्री के लिए उच्च श्रेणी (फेरो ग्रेड) के मैंगनीज अयस्क की बिक्री पर ध्यान दिया है। कंपनी ने फेरो ग्रेड मैंगनीज अयस्क की बिक्री में 23.74 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है और पिछले वर्ष के दौरान 472859 लाख टन की तुलना में वर्श 2015–16 के दौरान 585141 लाख टन की बिक्री की है। हालांकि, पिछले वर्ष की तुलना में बिक्री की मात्रा 6.28 प्रतिषत से बढ़ी है, कंपनी ने बाजार में दबाव की अवस्था के कारण अपने बिक्री टर्नओवर में 24.49 प्रतिशत से गिरावट भी दर्ज की है।

बाजार की संपूर्ण अवस्था ने ईएमडी और फेरो मैंगनीज की बिक्री को भी प्रभावित किया है। कंपनी के निर्मित उत्पादों के बारे में अर्थात् ईएमडी, फेरो मैंगनीज और फेरो मैंगनीज स्लैग की शुद्ध बिक्री पिछले वर्ष के दौरान रू.65.64 करोड़ की तुलना में वर्ष 2015–16 के दौरान रू. 47.83 करोड़ थी। पिछले वर्ष में 655 टन की तुलना में इलेक्ट्रोलाइटिक मैंगनीज डायऑक्साइड (ईएमडी) की बिक्री 714 टन रही, जबकि पिछले वर्ष के दौरान 8587 टन बिक्री की तुलना में फेरो मैंगनीज की बिक्री 7922 टन रही।

उत्पादन

पिछले वर्ष के दौरान 11.39 लाख टन की तुलना में वर्तमान वर्श में कंपनी ने विभिन्न श्रेणियों के मैंगनीज अयस्क का 10.32 लाख टन उत्पादन किया है। इलैक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डाय ऑक्साइड (ईएमडी) का उत्पादन 612 टन (गत वर्ष 950 टन) हुआ जबकि पिछले वर्ष के 10045 टन फेरो मैंगनीज के उत्पादन की तुलना में इस वर्श 6519 टन फेरो मैंगनीज का उत्पादन दर्ज किया है। गत वर्ष के 13358 टन उत्पादन की तुलना में इस वर्ष 9203 टन फेरो मैंगनीज स्लैग का उत्पादन किया है। विण्ड टबाईन जनरेटर द्वारा पिछले वर्ष के 328.08 लाख (केडब्लूएच) यूनिट की तुलना में इस वर्ष 365.45 लाख (केडब्लूएच) यूनिट का निर्माण किया गया।

एफ) आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तथा उसकी यथेष्ठता

मॉयल ने सभी आवष्यक आंतरिक नियंत्रणों को रखा है और वह पर्याप्त है।

जी) प्रचालनिक कार्य–निष्पादन के संबंध में वित्तीय निष्पादन पर परिचर्चा

देश में मैंगनीज अयस्क बाजार का प्रदर्शन पिछले वर्श की तुलना में वर्ष 2015–16 के दौरान खराब रहा है जिसके परिणामस्वरूप कंपनी के वर्ष 2014–15 के उच्चस्तर और निम्नस्तर प्रदर्शन में गिरावट हुई है। वर्ष के दौरान वित्तीय और भौतिकीय प्रदर्शन का विवरण निम्न प्रकार है:

वित्तीय निष्पादन

रूपये करोड़ में

विवरण	2015–16	2014–15
शुद्ध बिक्री	628.74	823.25
अन्य आय	252.15	316.61
कुल आय	880.89	1139.86
कुल व्यय (असाधारण मदों सहित)	558.17	444.21
सकल मुनाफा	322.72	695.65
मूल्यह्रास	52.47	45.08
वर्ष के लिए कर पूर्व लाभ	270.26	650.57
आयकर प्रावधान	97.27	222.56
वर्ष के लिए कर पष्चात लाभ	172.98	428.01
लाभ–हानि लेखा में प्रारंभिक लाभ	9.73	5.20
लाभांश और लाभांष कर	101.31	171.35
सामान्य निधि और सीएसआर निधि को स्थानांतरण	75.00	250.18
शेष लाभ अग्रेनीत	6.58	9.73

कंपनी के कुल राजस्व में 22.72 प्रतिषत की कमी आयी है जो कि पिछले वर्ष के रू. 1139.86 करोड़ की तुलना में वर्ष के दौरान रू. 880.89 करोड़ रहा। बाजार में दबाव की अवस्था के कारण, कंपनी ने पिछले वर्ष रू. 823.25 करोड़ कारोबार की तुलना में वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान रू. 628.74 करोड़ का कारोबार करके 23.63 प्रतिशत निम्न कारोबार दर्ज किया है। पिछले वर्ष की

तुलना में वर्ष के दौरान कर पूर्व लाभ (पीबीटी) रू. 270.26 करोड़ रहा, जो कि 58.46 प्रतिशत कम हो गया है, जबकि पिछले वर्ष का 428.01 करोड़ रूपये कर पश्चात लाभ (पीएटी) 59.59 प्रतिशत से घटकर रू. 172.98 करोड़ हो गया है। वर्ष के दौरान कंपनी की ईबीआयडीटीए मार्जिन 84.50 प्रतिशत से घटकर 51.33 प्रतिशत हो गई। कंपनी की ब्याज आय पिछले वर्ष रू. 279.77 करोड़ से वर्ष 2015–16 में 12.76 प्रतिशत से घटकर रू. 244.06 करोड़ हो गई।

प्रचालनिक निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2015–16 माइनिंग और धातु उद्योग के लिए और विशेषकर मैगनीज अयस्क उद्योग के लिए बहुत ही कठिन और चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा है। समग्र बाजार अवस्था, माँग और आपूर्ति पर विचार करते हुए वर्ष के दौरान कंपनी का निष्पादन काफी संतोषजनक रहा है।

उत्पादन समीक्षा

कंपनी ने पिछले वर्ष में 11.39 लाख टन की तुलना में विभिन्न श्रेणियों के मैंगनीज अयस्क का 10.32 लाख टन उत्पादन किया है। इलेक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डायऑक्साइड (ईएमडी) का उत्पादन 612 टन (पिछले वर्ष 950 टन) था, जबकि, पिछले वर्ष 10045 टन की तुलना में 6519 टन फैरो मैंगनीज का उत्पादन किया। फेरो मैंगनीज के उत्पादन में कमी आयी है जो मुख्यतः पिछले दो–तीन माह से किए जा रहे बड़े रखरखाव कार्यों के कारण उत्पादन प्रभावित होने की वजह से हुई है, जबकि ईएमडी के उत्पादन में गिरावट बाजार की खराब अवस्था के कारण हुई है। कंपनी ने पिछले वर्ष के 162076 टन फाइन्स के उत्पादन की तुलना में वर्ष के दौरान 126544 टन फाइन्स का उत्पादन किया है। निम्न श्रेणियों में कम बिक्री प्राप्तियों को ध्यान में रखते हुए बिक्री प्राप्तियों में सुधार लाने के लिए निम्न श्रेणियों का उत्पादन कम कर दिया गया है। कंपनी की उत्पादकता प्रति मानवपाली आउटपुट 0.718 टन (पिछले वर्ष 0.818 टन) है।

एच) नियोजित श्रम बल की संख्या सहित मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध की दिशा में भौतिकीय विकास

मॉयल के कर्मचारी कंपनी के प्रति बहुत ही समर्पित और निश्ठावान है। कर्मचारी हर समय कंपनी के साथ रहे है। प्रबंधन अपने कर्मचारियों को सभी प्रकार की सुख–सुविधाएं देना सुनिश्चित करता है, जिसमें जरूरत के मुताबिक सभी स्तरों पर आवश्यक प्रशिक्षण भी शामिल है।

यहाँ यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि वर्श के दौरान औद्योगिक सम्बन्ध मैत्रीपूर्ण रहे है। समस्या, यदि कोई हो, तो उचित मंच पर चर्चा करके सुलझा दी गई। इस सम्बन्ध में कामगार यूनियनों के कर्मचारी प्रतिनिधियों का सहयोग और सहकार्य प्रशंसनीय है।

विकास पथ पर चलते हुए, महाराष्ट्र राज्य के नागपुर और भंडारा जिले में मैंगनीज अयस्क के प्रॉस्पेक्टिंग के लिए मॉयल के पक्ष में सरकार द्वारा 814.71 हेक्टर भूमि क्षेत्र आरक्षित किया है। 814.71 हेक्टर क्षेत्र में से, महाराष्ट्र की राज्य सरकार ने 597.44 हेक्टर 11 पीएल क्षेत्रों को समाविष्ट करते हुए मैंगनीज अयस्क के प्रॉस्पेक्टिंग के लिए प्रदान किया है, और शेष क्षेत्रों के लिए प्रक्रिया जारी है। इन क्षेत्रों में कम से कम तीन नई खदानों को शुरू करने की संभावना है।

मंडल की रिपोर्ट में दिए विवरण के अनुसार महाराष्ट्र सरकार ने मॉयल के पक्ष में नागपुर जिले के रामटेक तहसील, परसोडा गांव में 53.75 हेक्टर भूमि पर खनन पट्टे प्रदान किए है, जिसे निष्पादित और पंजीकृत कर लिया गया है। आगे, मध्य प्रदेश सरकार ने कंपनी के पक्ष में बालाघाट जिले (मध्य प्रदेष) के परसवाडा तहसील में लुगमा गांव में 48.974 हेक्टर भूमि पर खनन पट्टे प्रदान किए है, जिसे कंपनी द्वारा निष्पादित और पंजीकृत कर लिया गया है। कंपनी आगे भी नये लीज क्षेत्रों को प्राप्त करने की प्रक्रिया में है।

भारत सरकार, खान मंत्रालय ने देश भर में विभिन्न खनिजों के अन्वेषण को संचालित करने के लिए मॉयल को अधिसूचित किया है। यह मॉयल को अपने कारोबार का विस्तार करने का अवसर उपलब्ध करता है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए मॉयल ने अन्वेषण हेतु एमओयू के लिए पहले ही मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क किया है।

इन सभी विकास को देखते हुए कंपनी को आगामी दिनों में विशिष्ट कौशल और ज्ञान के साथ लोगों की आवश्यकता होगी। निर्धारित ज्ञान और कौशल के लोगों को प्राप्त करने के लिए मॉयल को अपने मौजूदा मानवबल को प्रशिक्षित/पुर्नप्रशिक्षित करना होगा और भविश्य में नई नियुक्तियां करनी होगी।

31 मार्च 2016 को कुल कर्मचारी 6305 नियुक्त थे।

आय) पर्यावरण सुरक्षा एवं संवर्धन, प्रौद्योगिकी संवर्धन, अक्षय उर्जा विकास, विदेशी मुद्रा संरक्षण

इस संबंध में सुसंगत जानकारी मण्डल रिपोर्ट में प्रकट की गई है।

जे) निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व

मॉयल सक्रिय रूप से विभिन्न सीएसआर गतिविधियों में शामिल है। विस्तृत जानकारी मंडल रिपार्ट में प्रकट की गई है।

अमित के. राजकोटिया
एम.कॉम., एल.एल.बी., डीएफएम, एफसीएस
प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी

102, श्री लक्ष्मी अपार्टमेंट, श्रीधर आर्ट्स के उपर, झण्डा चौक, धरमपेठ,
नागपुर 440 010 ई–मेल : amitraj123@rediffmail.com
मोबाईल : 9823122521, (ऑ.) 2545670 (नि.) 2731292

निगमित अधिशासन प्रमाणपत्र

सेवा में,
सदस्य
मॉयल लिमिटेड,
नागपुर

भारत सरकार, सार्वजनिक उपक्रम विभाग (डीपीई) नई दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए निगमित अधिशासन पर दिशानिर्देश और भारत में स्टॉक एक्सचेंजों के साथ उपर्युक्त कंपनी द्वारा किए गए लिस्टिंग एग्रीमेंट के खण्ड 49 और सिक्यूरिटीज एण्ड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवष्यकताएं) विनियम, 2015 में निर्धारित किए अनुसार 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए मॉयल लिमिटेड द्वारा निगमित अधिषासन की शर्तों के अनुपालन की मैंने जांच की है।

निगमित अधिशासन की शर्तों का अनुपालन करने की जिम्मेदारी प्रबंधन की है। मेरी जांच का दायरा, डीपीई के दिशानिर्देशों और उपर्युक्त खण्ड में निर्धारित निगमित अधिशासन की शर्तों तथा सिक्यूरिटीज एण्ड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुपालन की सुनिश्चितता के लिए कंपनी द्वारा अपनायी जा रही प्रक्रिया तथा उसके कार्यान्वयन तक ही सीमित था। यह अंकेक्षण नहीं है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरणी पर प्रकट की गई कोई राय है।

मेरी राय में तथा मेरी अधिकतम जानकारी और निदेशकों और प्रबंधन द्वारा किए गए अभ्यावेदन के आधार पर और मुझे दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि कंपनी द्वारा उपर्युक्त उल्लेखित डीपीई दिशानिर्देशों और लिस्टिंग एग्रीमेंट के खण्ड 49 में निर्धारित निगमित अधिशासन की शर्तों तथा सिक्यूरिटीज एण्ड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 का अनुपालन किया गया है, दिनांक 27 नवम्बर, 2015 तक बोर्ड की संरचना से संबंधित प्रावधानों को छोड़कर। हालांकि दिनांक 31 मार्च, 2016 तक कंपनी ने इस आवश्यकता का अनुपालन कर लिया है।

मैं यह कहना चाहता हूँ कि ऐसा अनुपालन कंपनी की भावी व्यवहार्यता के रूप में कोई आश्वासन नहीं है और न ही दक्षता या प्रभावशीलता का कोई आश्वासन है जिससे प्रबंधन द्वारा कंपनी का व्यवहार संचालित किया जाता है।

नागपुर
दिनांक : 16.05.2016

हस्ता./–

सीएस अमित के. राजकोटिया
प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी
एफसीएस–5561सीपी नं. 5162

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(बी) के अधीन मॉयल लिमिटेड, नागपुर के 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ

कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग संरचना के अनुसार दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए मॉयल लिमिटेड, नागपुर के वित्तीय विवरणों को बनाने की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है। अधिनियम की धारा 139(5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त किए गए सांविधिक अंकेक्षक, अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत इन वित्तीय विवरणी पर राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी है, जो अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्धारित, अंकेक्षण मानकों के अनुकूल स्वतंत्र लेखा–परीक्षण पर आधारित है। यह कहा जाता है कि दिनांक 24 मई, 2016 की उनकी अंकेक्षण रिपोर्ट के अनुसार यह उनके द्वारा किया गया है।

मैं, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की ओर से अधिनियम की धारा 143(6) (ए) के अनुसार मॉयल लिमिटेड, नागपुर के 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष की वित्तीय विवरणियों का अनुपूरक अंकेक्षण किया है। यह अनुपूरक अंकेक्षण सांविधिक अंकेक्षकों के कार्य संबंधी दस्तावेजों को देखे बिना स्वतंत्र रूप से किया गया तथा यह सांविधिक अंकेक्षकों तथा कंपनी के कार्मिकों की प्राथमिक जाँच तथा कुछ चुनिंदा लेखा अभिलेखों की जाँच तक सीमित था।

मेरे अंकेक्षण के आधार पर मेरी जानकारी में ऐसा कुछ नहीं आया जो सांविधिक अंकेक्षक रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी करने या अनुपूरक जोड़ने का कारण बन सके।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लिए और की ओर से

(रितिका भाटिया)
प्रधान निदेशक वाणिज्य लेखापरीक्षा एवं
पदेन सदस्य, लेखापरीक्षा बोर्ड–।।।
नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 19 जुलाई, 2016

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(4) के साथ पठित धारा 143(6)(बी) के अधीन मॉयल लिमिटेड, नागपुर के 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के समेकित वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ

कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग संरचना के अनुसार दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए मॉयल लिमिटेड, नागपुर के समेकित वित्तीय विवरणों को बनाने की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है। अधिनियम की धारा 129(4) के साथ पठित धारा 139(5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त किए गए सांविधिक अंकेक्षक, अधिनियम की धारा 129(4) के साथ पठित धारा 143 के अंतर्गत इन वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी है, जो अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्धारित, अंकेक्षण मानकों के अनुकूल स्वतंत्र लेखा–परीक्षण पर आधारित है। यह कहा जाता है कि दिनांक 27 जून, 2016 की उनकी अंकेक्षण रिपोर्ट के अनुसार यह उनके द्वारा किया गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की ओर से अधिनियम की धारा 129(4) के साथ पठित धारा 143(6) (ए) के अनुसार मॉयल लिमिटेड, नागपुर के 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष के समेकित वित्तीय विवरणों का अनुपूरक अंकेक्षण किया है। हमने मॉयल लिमिटेड के वित्तीय विवरणों का अनुपूरक अंकेक्षण किया है लेकिन समतिथि को समाप्त वर्श के लिए सेल एण्ड मॉयल फेरो अलॉय प्रा. लि. और रिनमॉयल फेरो अलॉय प्रा. लि. के वित्तीय विवरणों का अनुपूरक अंकेक्षण नहीं किया है। यह अनुपूरक अंकेक्षण सांविधिक अंकेक्षकों के कार्य संबंधी दस्तावेजों को देखे बिना स्वतंत्र रूप से किया गया है तथा यह सांविधिक अंकेक्षकों तथा कंपनी के कार्मिकों की प्राथमिक जाँच तथा कुछ चुनिंदा लेखा अभिलेखों की जाँच तक सीमित था।

मेरे अंकेक्षण के आधार पर मेरी जानकारी में ऐसा कुछ नहीं आया जो सांविधिक अंकेक्षक रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी करने या अनुपूरक जोड़ने का कारण बन सके।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लिए और की ओर से

(रितिका भाटिया)
प्रधान निदेशक वाणिज्य लेखापरीक्षा एवं
पदेन सदस्य, लेखापरीक्षा बोर्ड–III
नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 19 जुलाई, 2016

प्रपत्र सं. एमआर–3
सचिवीय लेखा–परीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) तथा कंपनी {प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक} नियमावली, 2014 के नियम 9 के अनुसरण में]

सेवा में,
सदस्य
मॉयल लिमिटेड
(एल99999एमएच196जेडजीओआय012398)
मॉयल भवन, 1ए–काटोल रोड,
नागपुर 440 013

मॉयल लिमिटेड (इसके बाद कंपनी कहा जाएगा) द्वारा उत्तम निगमित परम्पराओं के अनुपालन और लागू संवैधानिक प्रावधानों के अनुपालन की सचिवीय लेखा–परीक्षा की गई है। सचिवीय लेखापरीक्षा एक ऐसी पद्धति से की गई जो निगमित आचरण / संवैधानिक अनुपालन का मूल्यांकन करने के लिए उचित आधार उपलब्ध कराती है और इस पर हमारी राय दर्शाती है ।

कंपनी ने कंपनी द्वारा रखे गए बही–खातों, कागजातों, मिनट बुक, भरे गए प्रपत्रों और विवरणियों और अन्य अभिलेखों के सत्यापन तथा सचिवीय लेखापरीक्षा के आयोजन के दौरान कंपनी, इसके अधिकारी, अभिकर्ता और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध करायी गई जानकारी के अनुसार हम एतद्द्वारा रिपोर्ट करते है कि हमारी राय में कंपनी ने 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखापरीक्षा अवधि के दौरान नीचे सूचीबद्ध संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है तथा यह भी कि कंपनी के पास पर्याप्त और उचित मण्डल प्रक्रिया और अनुपालन तंत्र मौजूद है, जो इसके आगे की गई रिपोर्टिंग के अधीन है :

हमने 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए मॉयल लिमिटेड द्वारा रखे गए बही–खातों, कागजातों, मिनट बुक, भरे गए प्रपत्रों और विवरणियों और अन्य अभिलेखों का निम्न प्रावधानों के अनुसार परीक्षण किया :

1. कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियमन) और इसके अंतर्गत निर्मित नियमावली (जहॉ तक उसे लागू किया गया है)
2. प्रतिभूति अनुबंध (विनियम) अधिनियम, 1956 (एससीआरए) और इसके अंतर्गत निर्मित नियमावली (जहॉ तक उसे लागू किया गया है)
3. डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 और इसके अंतर्गत निर्धारित विनियम और बाय–लॉ,
4. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और इसके अंतर्गत निर्मित नियमावली और विनियमावली, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, ओवरसीस प्रत्यक्ष निवेश और विदेशी वाणिज्यिक ऋणों की सीमा तक
5. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम) के अंतर्गत निर्धारित विनियम और दिशानिर्देश निम्नप्रकार है :
   - ए. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयरों और टेकओवर के पर्याप्त अधिग्रहण) विनियम, 2011;
   - बी. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इनसायडर ट्रेडिंग प्रतिबंध) विनियम, 1992 और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इनसायडर ट्रेडिंग प्रतिबंध) विनियम, 2015, जहॉ तक उसे समय–समय पर लागू किया गया है;
   - सी. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूँजी के मामले और प्रकटीकरण आवष्यकताएं) विनियम, 2009, जो लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी में लागू नहीं है;
   - डी. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (कर्मचारी शेयर विकल्प योजना और कर्मचारी षेयर खरीदी योजना) दिशानिर्देश, 1999, जो लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी में लागू नहीं है;
   - ई. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (प्रतिभूति ऋण इश्यु और लिस्टिंग करना) विनियम, 2008, जो लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी में लागू नहीं है;
   - एफ. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इश्यु और शेयर ट्रान्सफर एजेंट के लिए पंजीयक) विनियम, 1993, कंपनी अधिनियम और क्लाइंट से व्यवहार के मामले में;
   - जी. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इक्विटी षेयरों की डिलिस्टिंग) विनियम, 2009, जो लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी में लागू नहीं है, तथा
   - एच. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सिक्यूरिटिज का बायबैक) विनियम, 1998, जो लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी में लागू नहीं है।

6. हमने आगे प्रस्तावित ऑनलाइन अनुपालन रिपोर्टिंग प्रणाली का परीक्षण किया, निम्नलिखित कानूनों के लागू प्रावधानों के अनुपालन के मामले में 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए मॉयल लिमिटेड द्वारा वर्तमान में भौतिक रिपोर्टिंग और ऑनलाइन रिकॉर्डिंग और रिपोर्टिंग व्यवहार के अंतर्गत हमारे समाधान तक रखे गए है :

(i) खदान अधिनियम, 1952

(ii) खदान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957

(iii) लौह अयस्क खदान, मैंगनीज अयस्क खदान और क्रोम अयस्क खदान श्रमिक कल्याण निधि अधिनियम, 1976

हमने निम्न लागू उपबंधों के अनुपालन का परीक्षण भी किया :

(i) इन्स्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सचिवीय मानक, जो 1 जुलाई, 2015 से लागू किए गए है ।

(ii) नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया और बीएसई लिमिटेड के साथ कंपनी द्वारा किए गए लिस्टिंग अनुबंध तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (जहॉ तक उसे समय–समय पर लागू किया गया है)

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने उपर्युक्त विषय के उल्लेखित अधिनियम, नियमावली, विनियमावली, दिशानिर्देशों, मानकों इत्यादि प्रावधानों का अनुपालन निम्नलिखित आंकलन तक किया है :

